YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❐ वर्ष-15 ❐ अंक-247 ❐ गुरुवार, 08 अक्टूबर 2026 ❐ नगर संस्करण ❐ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❐ मूल्य- ₹ 3.00 ❐ पृष्ठ-12



सेवा और समर्पण की मोदी की 25 वर्ष की यात्रा अथक परिश्रम, असाधारण संकल्प और राष्ट्र को जीवन का सर्वोच्च लक्ष्य बनाने की भावना से परिभाषित रही है। अमित शाह

अफ्रीका हमारे दिल में है, इनके साथ साझेदारी मजबूत करेंगे: जयशंकर 11

संस्कृत ग्रामों में सालभर गतिविधियां आयोजित हों : धामी 12

संक्षेप

विशेष अभियान चलाकर जोड़ेंगे छूटे व युवा मतदाताओं के नाम : सीईओ

लखनऊ। यूपी में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद जारी हुई मतदाता सूची में छूटे हुए और पहली बार मतदान करने वाले युवाओं का नाम जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। मतदाता सूची का एक जनवरी 2027 को आधार मानकर संक्षिप्त पुनरीक्षण किया जाएगा यानी एक जनवरी 2027 तक 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवा इसमें अपना नाम जुड़वा सकेंगे और वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में वोट भी डाल सकेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) नवदीप रिणवा ने बुधवार को मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए चलाए जाने वाले विशेष अभियान को लेकर राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। उन्होंने बैठक में बताया कि आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण कराए जाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग से अनुरोध किया गया है। यूपी में एसआईआर की प्रक्रिया पूरी होने के बाद 10 अप्रैल को अंतिम मतदाता सूची जारी की गई थी। ऐसे में अब मतदाता सूची में छूटे हुए और फर्स्ट टाइम वोटरों के नाम जोड़ने के लिए विशेष अभियान शुरू किया जाएगा। ऐसे मतदाता जिनका नाम पहले की मतदाता सूची में तो था लेकिन एसआईआर की प्रक्रिया खत्म होने के बाद जारी की गई अंतिम मतदाता सूची में नहीं है तो उन्हें घर-घर जाकर बीएलओ खोजेंगे और उनका नाम जोड़ा जाएगा। घर-घर भ्रमण के दौरान छूटे हुए, प्रथम बार एवं युवा पात्र मतदाताओं के फॉर्म-6 भरवाकर उनका नाम मतदाता सूची में शामिल कराया जाएगा। चिह्नित हुए मतदाताओं की सूची मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के बूथ लेवल अधिकारियों से भी साझा की जाएगी। जिससे पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में शामिल करने को उन्हें अतिरिक्त अवसर मिल सके। बैठक में भाजपा, सपा, कांग्रेस, अपना दल (एस), कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया, बसपा व आप के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

रसायन में हेनरी कागन और केन्सो सोई को नोबेल, ऑटोकैटालिसिस की खोज के लिए सम्मान

स्टॉकहोम। स्टॉकहोम में आज नोबेल पुरस्कार केमिस्ट्री के विजेताओं के नामों का एलान किया गया। इस बार संयुक्त रूप से दो वैज्ञानिकों को पुरस्कार दिया जाएगा। फ्रांस के वैज्ञानिक हेनरी बी. कागन और जापान के वैज्ञानिक केन्सो सोई को रसायन विज्ञान में नोबेल पुरस्कार के लिए चुना गया है। नोबेल कमेटी के मुताबिक, दोनों वैज्ञानिकों को असममित कार्बनिक संश्लेषण में नॉन-लीनियर प्रभावों और ऑटोकैटालिसिस की खोज के लिए यह प्रतिष्ठित सम्मान दिया गया है।

विरोध करने वाले छात्र असामाजिक तत्व नहीं

एजेंसी

मुंबई। बॉम्बे हाईकोर्ट ने बुधवार को कहा कि एमपीएससी परीक्षाओं में कथित गड़बड़ियों के खिलाफ विरोध कर रहे छात्र असामाजिक तत्व नहीं हैं। साथ ही अदालत ने कहा कि सरकारी भर्ती परीक्षाओं का निष्पक्ष आयोजन राज्य सरकार का दायित्व है।

मुख्य न्यायाधीश महेश चंद्र त्रिपाठी और न्यायमूर्ति अद्वैत सेठना की पीठ ने कहा कि सरकार को यह भरोसा उत्पन्न करना होगा कि जब भी परीक्षाएं होंगी, वे निष्पक्ष, पारदर्शी और किसी भी तरह की गड़बड़ी से मुक्त होंगी। अदालत पुणे के निवासियों की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। यह याचिका महाराष्ट्र लोक सेवा आयोग



❐ हाईकोर्ट ने कहा, सरकारी भर्ती परीक्षाओं का निष्पक्ष आयोजन सरकार का दायित्व

(एमपीएससी) की परीक्षाओं में कथित गड़बड़ियों को लेकर शहर में छात्रों के जारी विरोध-प्रदर्शनों के खिलाफ दायर की गई थी। पीठ ने कहा कि सरकार को लोगों, खासकर छात्रों का ● शेष पेज 11 पर

आरबीआई ने नीतिगत ब्याज दर 0.25% बढ़ाई

निकट अवधि में कटौती की संभावनाओं को नकारा

एजेंसी

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक ने बुधवार को उम्मीद के मुताबिक प्रमुख नीतिगत ब्याज दर रेपो को 0.25 प्रतिशत बढ़ाकर 5.50 प्रतिशत कर दिया। करीब चार साल में यह रेपो दर में पहली बढ़ोतरी है। इसके साथ ही केंद्रीय बैंक ने महंगाई बढ़ने और रुपये की विनिमय दर में गिरावट के साथ नीतिगत रुख बदलते हुए आने वाले समय में भी दर बढ़ाने के संकेत दिए।

रेपो वह ब्याज दर है, जिस पर वाणिज्यिक बैंक अपनी तात्कालिक जरूरतों को पूरा करने के लिये केंद्रीय बैंक से कर्ज लेते हैं। आरबीआई के रेपो दर बढ़ाने से आवास, वाहन समेत अन्य कर्ज महंगे होंगे। मौजूदा कर्जदारों की मासिक किस्त भी बढ़ सकती है। छह सदस्यीय मौद्रिक



नीति समिति (एमपीसी) ने आम सहमति से रेपो दर बढ़ाने के पक्ष में फैसला किया। दिसंबर, 2024 में गवर्नर संजय मल्होत्रा के पदभार संभालने के बाद यह पहला मौका है जब नीतिगत दर बढ़ायी गयी है। यह फैसला हालांकि व्यापक रूप से अपेक्षित था, लेकिन केंद्रीय बैंक का अपने नीतिगत रुख को तटस्थ से बदलकर 'सूझ-बूझ के साथ सख्त' करने का निर्णय कुछ हद तक चौंकाने वाला है। इससे निकट अवधि में दर में कटौती की संभावना लगभग समाप्त हो गई है। मल्होत्रा ने सोमवार से शुरू तीन दिन की मौद्रिक नीति समिति की बैठक में लिए गए फैसलों की घोषणा करते हुए कहा, ''निकट अवधि में नीतिगत दर में कटौती का विकल्प नहीं है और आगे की नीतिगत कार्रवाई बदलती परिस्थितियों तथा आर्थिक परिदृश्य के आधार पर केवल दर बढ़ाने या यथास्थिति बनाए रखने तक सीमित रह सकती है। हालांकि, उन्होंने आगाह किया कि आगे मौद्रिक सख्ती का समय और उसकी सीमा महंगाई तथा आर्थिक वृद्धि की स्थिति पर निर्भर करेगी। ● शेष पेज 11 पर

मामूली शुल्क से यूपीआई लेन-देन पर नहीं पड़ेगा कोई खास असर

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को कहा कि एकीकृत भुगतान इंटरफ़ेस (यूपीआई) पर 'मर्चेंट डिस्काउंट रेट' (एमडीआर) के रूप में मामूली शुल्क लगाए जाने से यूपीआई लेनदेन की मात्रा पर कोई बड़ा असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने मौद्रिक नीति समीक्षा पेश करने के बाद यहां केंद्रीय बैंक के मुख्यालय में संवाददाताओं से कहा, ''फिलहाल हमें लेनदेन की मात्रा में कोई गिरावट नहीं दिख रही है। और मुझे व्यक्तिगत रूप से नहीं लगता कि मामूली शुल्क का लेनदेन की मात्रा पर कोई बड़ा असर पड़ेगा। उल्लेखनीय है कि भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने पिछले महीने व्यक्ति से व्यापारियों ● शेष पेज 11 पर

अब आत्मनिर्भर और विकसित भारत की ओर कदम : मोदी

'जब तक भारत विकसित नहीं होता, न रुकूंगा, न थकूंगा': प्रधानमंत्री

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का सपना साकार करने के लिए ''हम करके रहेंगे'' का नारा देते हुए बुधवार को कहा कि यह लक्ष्य दूरदर्शी नीतियों एवं कड़ी मेहनत से हासिल किया जाएगा। मोदी ने विकसित भारत को अपने जीवन का प्रमुख लक्ष्य बताते हुए कहा कि जब तक भारत विकसित नहीं होता, तब तक वह न रुकेंगे, न थकेंगे और न अपने पथ से डिगेंगे।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा प्रधानमंत्री मोदी के सार्वजनिक जीवन में शासन प्रमुख के तौर पर 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित 'विकसित भारत संकल्प सभा' को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 2047 तक विकसित भारत का निर्माण 140 करोड़ से अधिक देशवासी मिलकर करेंगे। मोदी ने सात अक्टूबर, 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी और इसके बाद मुख्यमंत्री तथा प्रधानमंत्री के रूप में सरकार के प्रमुख के तौर पर लगातार 25 वर्ष पूरे किए हैं। मोदी ने कहा कि आजादी हासिल करने के लिए देशवासियों ने अपना जीवन समर्पित किया था, अब विकसित भारत बनाने के लिए देश के लिए जीना होगा। उन्होंने कहा कि भारत के सामने लक्ष्य स्पष्ट हैं-विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत, दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में स्थान, गरीबी का उन्मूलन और विभिन्न क्षेत्रों में भारत को वैश्विक नेतृत्व की स्थिति में पहुंचाना। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में



लक्ष्य

- ❐ प्रधानमंत्री ने सरकार के मुखिया के रूप में 25 साल पूरे करने पर आईजी स्टेडियम में आयोजित हुई विकास भारत संकल्प सभा को किया संबोधित
- ❐ जातीय विभाजन को देश की प्रगति के सामने चुनौती बताया
- ❐ 'हम करके रहेंगे': मोदी ने 2047 तक विकसित भारत के लिए दिया नया नारा

समस्याएं जरूर हैं, लेकिन भारत के पास 140 करोड़ समाधान भी हैं। उन्होंने युवाओं को देश की बड़ी ताकत बताते हुए कहा कि उनकी ऊर्जा और सामर्थ्य विकसित भारत के निर्माण में निर्णायक भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि भारत को छोटे लक्ष्य लेकर आगे नहीं बढ़ना चाहिए, बल्कि असाधारण और अभूतपूर्व लक्ष्य तय करने चाहिए। मोदी ने कहा कि सरकार के प्रमुख के तौर पर 25 वर्षों की निरंतर सेवा जनता के निरंतर आशीर्वाद का परिणाम है। उन्होंने कहा कि इन 25 वर्षों का जनविश्वास और अनुभव बड़ी पूंजी है, लेकिन यह पूंजी केवल मोदी की नहीं, बल्कि देश की है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनके 25 वर्षों का आकलन इस बात से नहीं होना चाहिए कि वह स्वयं कहां पहुंचे, बल्कि इससे होना चाहिए कि देश कहां पहुंचा है। उन्होंने कहा कि गुजरात में उनका मंत्र रहा कि गुजरात के विकास से देश का विकास हो और प्रधानमंत्री के रूप में भी उन्होंने इसी सोच के साथ काम किया। मोदी ने कहा कि देश के लिए निस्वार्थ कर्म उनके लिए सब कुछ है और कर्म ही उनका धर्म है। उनके लिए कर्म केवल जिम्मेदारी नहीं, बल्कि देश के प्रति साधना है। उन्होंने कहा कि फल या श्रेय की चिंता किए बिना देश की सेवा करना ही उनका संकल्प रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत आने वाले समय में प्रतिभा, प्रौद्योगिकी, नवाचार, खेल, अंतरिक्ष और विनिर्माण सहित विभिन्न क्षेत्रों में दुनिया का नेतृत्व कर सकता है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी है। उन्होंने कहा, ह्लराष्ट्र प्रथम मेरा संकल्प होगा, राष्ट्र की समृद्धि मेरा प्राण रहेगा, राष्ट्र की सेवा मेरा लक्ष्य रहेगा और कर्म मेरा धर्म रहेगा। उन्होंने संकल्प दोहराते हुए कहा, ह्लजब तक भारत विकसित नहीं होता, तब तक मैं न रुकूंगा, न थकूंगा, न अपने पथ से डिगूंगा। मोदी ने कहा, ''आज का ये दिन सिर्फ यादों के लिए नहीं है। ये अपने संकल्पों को नई ऊर्जा से भरने का दिन है। ये दिन उस वादे को दोहराने और उस इरादे को व्यक्त करने ● शेष पेज 11 पर

20 आईपीएस का तबादला 10 जिलों के एसपी बदले

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। पुलिस विभाग में तबादलों का सिलसिला जारी है। शासन ने 10 जिलों के एसपी समेत 20 आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया है। एडीजी तकनीकी सेवाएं भगवान स्वरूप श्रीवास्तव को एडीजी क्राइम का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। अब तक एडीजी यातायात ए.सतीश गणेश एडीजी क्राइम का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे थे। जिन जिलों की कमान बदली गई है, उनमें बाराबंकी, बस्ती, जौनपुर, मुजफ्फरनगर, बलिया, हापुड़, मऊ, गाजीपुर, जालौन व बागपत शामिल हैं।

शासन ने नवपदोन्नत तीन आईपीएस अधिकारियों को जिलों की कमान सौंपी है।

- ❐ भगवान स्वरूप को एडीजी क्राइम को अतिरिक्त प्रभार, डीजीपी के स्टाफ अफसर पूर्णेन्दु सिंह एसपी बागपत बने
- ❐ बाराबंकी, बस्ती, जौनपुर, मुजफ्फरनगर, बलिया, हापुड़, मऊ, गाजीपुर, जालौन व बागपत के पुलिस अधीक्षक बदले



इनमें डीजीपी के स्टाफ अफसर पूर्णेन्दु सिंह को एसपी बागपत, एएसपी सिटी आजमगढ़ मधुवन कुमार सिंह को एसपी हापुड़ और एएसपी मथुरा सुरेश चन्द्र रावत को एसपी जालौन बनाया गया है। वहीं लखनऊ कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त रवीना त्यागी को एसपी बाराबंकी बनाया गया है। इसके अलावा एसपी बस्ती यशवीर सिंह एसपी जौनपुर, एसपी जौनपुर कुंवर अनुपम सिंह एसपी पीएसी मुख्यालय, एसएसपी मुजफ्फरनगर संजय कुमार सेनानायक 4वीं वाहिनी पीएसी प्रयागराज, एसपी बलिया ओमवीर सिंह एसपी बस्ती व एसपी हापुड़ कुंवर ज्ञानन्जय सिंह पुलिस उपायुक्त कमिश्नरेट प्रयागराज बनाए गए हैं। शासन ने एसपी मऊ कमलेश बहादुर को एसपी लोक शिकायत, एसपी गाजीपुर ईरज राजा को एसपी बलिया, एसपी बाराबंकी अर्पित विजयवर्गीय को पुलिस उपायुक्त

वायुसेना सही दिशा में लेकिन गति बढ़ा सकते हैं: वायुसेना प्रमुख

नई दिल्ली। भारतीय वायुसेना सही दिशा में आगे बढ़ रही लेकिन इसकी गति थोड़ी और तेज हो सकती है। भारतीय वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने बुधवार को दिल्ली स्थित वायुसेना सभागार में वायुसेना की 94वीं वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर पूर्व अधिकारियों को संबोधित करते हुए ये बात कही। वायुसेना प्रमुख एपी सिंह ने कहा कि मुझे खुशी है कि हम सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं, लेकिन क्या हम सही गति से आगे बढ़ रहे हैं, यह सभी को तय करना है। हां, हम आज की तुलना में थोड़ा और तेज आगे बढ़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि तेजी से बदलती तकनीक के दौर में वायुसेना को अपनी क्षमताओं को और मजबूत करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कुछ ऐसे क्षेत्र हैं, जहां वायुसेना को अधिक क्षमता, ● शेष पेज 11 पर

सीईसी नियुक्ति संबंधी फैसला वापस लेने की मांग पर विचार करेंगे : सीजेआई

एजेंसी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि वह मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) और अन्य निर्वाचन आयुक्तों (ईसी) की नियुक्ति से जुड़े 2023 के कानून पर 23 सितंबर को पारित बंटे हुए फैसले को वापस लेने की मांग पर विचार करेंगे। शीर्ष अदालत ने फैसला वापस लेने की मांग को लेकर दाखिल अर्जी पर सुनवाई करने पर सहमति जताते हुए यह टिप्पणी की। सुप्रीम कोर्ट ने 23 सितंबर को 'सीईसी और ईसी (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यकाल) अधिनियम, 2023' की संवैधानिक वैधता पर बंटा हुआ फैसला सुनाया था। हालांकि जस्टिस दीपांकर दत्ता और सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने बंटे हुए फैसले के बाद कहा था कि कानून की



संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं को संविधान पीठ के समक्ष भेज दिया था।

साथ ही, संविधान पीठ गठित करने के लिए मामले को मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) के समक्ष भेज दिया था।सीजेआई सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ● शेष पेज 11 पर

विशेष अभियान चलाकर जोड़ेंगे छूटे व युवा मतदाताओं के नाम : सीईओ

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। यूपी में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद जारी हुई मतदाता सूची में छूटे हुए और पहली बार मतदान करने वाले युवाओं का नाम जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। मतदाता सूची का एक जनवरी 2027 को आधार मानकर संक्षिप्त पुनरीक्षण किया जाएगा यानी एक जनवरी 2027 तक 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवा इसमें अपना नाम जुड़वा सकेंगे और वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में वोट भी डाल सकेंगे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) नवदीप रिणवा ने बुधवार को मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए चलाए जाने वाले विशेष अभियान को लेकर राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। उन्होंने बैठक में बताया कि आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण कराए जाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग से अनुरोध



किया गया है। यूपी में एसआईआर की प्रक्रिया पूरी होने के बाद 10 अप्रैल को अंतिम मतदाता सूची जारी की गई थी। ऐसे में अब मतदाता सूची में छूटे हुए और फर्स्ट टाइम वोटरों के नाम जोड़ने के लिए विशेष अभियान शुरू किया जाएगा। ऐसे मतदाता जिनका नाम पहले की मतदाता सूची में तो था लेकिन एसआईआर की प्रक्रिया खत्म होने के बाद जारी की गई अंतिम मतदाता सूची में नहीं है तो उन्हें घर-घर जाकर बीएलओ खोजेंगे और उनका नाम जोड़ा जाएगा। घर-घर भ्रमण के दौरान छूटे हुए, प्रथम बार एवं युवा पात्र मतदाताओं के ● शेष पेज 11 पर

मुख्यमंत्री योगी ने सेवा ज्योति यात्रा 'विकसित भारत संकल्प सभा' कार्यक्रम को किया संबोधित

राज्यसभा ने बता दिया विधानसभा का रिजल्ट

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

❐ बोले-80 फीसदी पर एनडीए और 20 फीसदी पर पीडीए

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्यसभा चुनाव में भाजपा के आठ प्रत्याशियों के निर्विरोध निर्वाचन तय होने पर सपा पर तीखा हमला किया है। सीएम योगी ने कहा कि राज्यसभा चुनाव ने विधानसभा चुनाव का परिणाम बता दिया है। लड़ाई एक बार फिर 80 और 20 पर आ गई है। 80 फीसदी एनडीए और 20 फीसदी पीडीए के साथ हैं। जैसे राज्यसभा में हुआ है वैसे ही विधानसभा में भी होगा। पीडीए का क्या हाल होगा यह भी सामने आएगा।

सीएम योगी लखनऊ में सेवा ज्योति यात्रा-विकसित भारत संकल्प सभा को संबोधित कर रहे थे। यूपी की दस सीटों पर हो रहे राज्यसभा चुनाव में भाजपा आठ और सपा ने दो सीटों पर प्रत्याशी उतारे हैं। सभी दस का निर्विरोध निर्वाचन तय है। भाजपा के पास आठवें प्रत्याशी को जिताने के लिए पूरे वोट नहीं थे। ऐसे में माना जा रहा था कि सपा भी तीसरा प्रत्याशी उतारेगी और भाजपा से उसका मुकाबला होगा। तीसरा प्रत्याशी उतारने के सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने इशारा भी किया था। फिर अचानक मंगलवार को अखिलेश यादव ने विधानसभा चुनाव पर नजरें होने की बात कहते हुए तीसरा प्रत्याशी नहीं उतारा। माना जा रहा है कि तीसरे प्रत्याशी को लेकर अखिलेश यादव के इस तरह बैकफुट पर जाने पर ही सीएम योगी ने निशाना साधा है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि तीसरा प्रत्याशी आने पर वोटिंग होती। ऐसे में क्रास वोटिंग सपा के खिलाफ हो सकती थी। पिछले राज्यसभा चुनाव में भी क्रास वोटिंग के कारण अपने विधायकों को खो चुके अखिलेश के लिए विधानसभा चुनाव से ठीक पहले यह बड़ा झटका होता। ऐसे में उन्होंने तीसरे प्रत्याशी से कदम पीछे खींच लिए। सीएम योगी पिछले विधानसभा चुनाव में भी 80 और 20 की बातें कहते रहे हैं। तब उसे 80 प्रतिशत यानी हिंदू वोट और 20 प्रतिशत यानी मुस्लिम वोटों के नजरिए से देखा गया था। सीएम योगी का यह कहना कि लड़ाई फिर 80 और 20 पर आ गई, एक तीर से दो निशाना भी माना जा रहा है। इस दौरान सीएम योगी ने अपने सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए सपा सरकार की पूर्ववर्ती सरकार पर निशाना भी साधा। कहा कि 2017 से पहले यूपी में 'एक जिला, एक माफिया' के कारण अराजकता पैदा होती थी। आज 'एक जिला, एक माफिया' नहीं, बल्कि 'एक जिला, एक मेडिकल कॉलेज' की दिशा में काम हो रहा। 'एक जिला, एक उत्पाद' और 'एक जिला, एक कुजीन' की दिशा में काम हो रहा है।

शिंजो आबे और मोदी की अटूट दोस्ती का जीवंत प्रतीक बना रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर

- ❐ आबे स्मृति गलियारे का लोकार्पण, आकिए आबे और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया उद्घाटन
- ❐ आकिए आबे हुईं भावुक, बोलीं-पति जीवित होते तो आज खुद काशी खिंचे चले आते



वाराणसी। सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और कूटनीतिक संबंधों की ऐतिहासिक गवाह काशी में बुधवार को भारत और जापान की मैत्री का एक नया अध्याय जुड़ गया। सिगरा स्थित रुद्राक्ष अंतरराष्ट्रीय सहयोग एवं सम्मेलन केंद्र में निर्मित 'आबे स्मृति गलियारे' का लोकार्पण जापान के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय शिंजो आबे की धर्मपत्नी आकिए आबे और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संयुक्त रूप से किया। यह समारोह उत्तर प्रदेश सरकार के 'सेवा संकल्प अभियान-25 वर्ष, नरेंद्र मोदी : जनसेवा से देशसेवा' के अंतर्गत आयोजित किया गया। शिवलिंग ● शेष पेज 11 पर

न्यायालय से राहत नहीं मिली तो आरोपी हुए भूमिगत, राम जानकी मंदिर प्रकरण में पुलिस का शिकंजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❐ मंदिर पर कब्जे और दानपात्र तोड़ने के आरोपों से घिरे अभियुक्तों पर शिकंजा, साक्ष्यों से छेड़छाड़ और गवाहों को प्रभावित करने की आशंका पर अदालत ने नहीं दी राहत

लखनऊ । ऐशबाग स्थित राम जानकी मंदिर से जुड़े विवाद में न्यायालय ने आरोपी नीरज गुप्ता को अग्रिम जमानत देने से साफ इनकार कर दिया है। विशेष न्यायाधीश, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, लखनऊ की अदालत ने 1 अक्टूबर 2026 को दिए आदेश में मामले की गंभीरता, आरोपित धाराओं और विवेचना के दौरान साक्ष्यों से छेड़छाड़ तथा गवाहों को प्रभावित किए जाने की आशंका को देखते हुए अग्रिम जमानत प्रार्थनापत्र निरस्त कर दिया।

न्यायालय के आदेश के मुताबिक थाना बाजारखाला में दर्ज मुकदमा संख्या 175/2025 में नीरज गुप्ता, प्रवीण गुप्ता, अमित गुप्ता तथा अन्य के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज है। अभियोजन के अनुसार मामले में मंदिर पर अधिकार जमाने के उद्देश्य से दस्तावेजों के संबंध में कथित हेरफ़ेर, मंदिर में प्रवेश कर दानपात्र तोड़े जाने, रकम निकालने, सीसीटीवी तोड़े जाने तथा वादी को गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। अदालत ने अपने आदेश में विशेष रूप से दर्ज किया कि नीरज गुप्ता एफआईआर में स्पष्ट रूप से नामित है। उसके विरुद्ध आरोप है कि सहअभियुक्तों के साथ मिलकर राम जानकी मंदिर पर अधिकार जमाने के उद्देश्य से दस्तावेजों पर वादी के हस्ताक्षर कराए गए। न्यायालय ने यह भी उल्लेख किया कि आरोपित धारा 338 बीएनएस आजीवन कारावास तक की सजा से दंडनीय है।

दानपात्र तोड़ने से लेकर दस्तावेजों के विवाद तक गंभीर आरोप

अभियोजन पक्ष के अनुसार 8 मई 2025 की रात मंदिर में दानपात्र तोड़कर उसमें रखी रकम निकालने और सीसीटीवी को क्षतिग्रस्त करने की घटना हुई। अगले दिन मंदिर पहुंचे परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। शिकायतकर्ता की ओर से आरोप लगाया गया कि मंदिर की देखरेख और उससे जुड़े कार्यों का लाभ उठाकर मंदिर तथा उससे आने वाली धनराशि पर कब्जे की कोशिश की गई। न्यायालय ने यह भी माना कि मामले में अभी आरोपपत्र दाखिल नहीं हुआ है और अन्य साक्ष्यों का संकलन शेष है। अदालत ने स्पष्ट किया कि यदि आरोपी को अग्रिम जमानत दी जाती है तो उसके द्वारा साक्ष्यों से छेड़छाड़ अथवा गवाहों को प्रभावित करने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। इन्हीं परिस्थितियों में नीरज गुप्ता की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी गई। उधर, मंदिर पक्ष का आरोप है कि मामले में नामजद अन्य आरोपी भी पुलिस की कार्रवाई से बचने का प्रयास कर रहे हैं। पुलिस द्वारा संभावित ठिकानों पर दबिश दिए जाने की बात कही जा रही है। मंदिर पक्ष का यह भी आरोप है कि आरोपियों से जुड़े लोग मंदिर के आसपास दबाव और भय का माहौल बनाने का प्रयास कर रहे हैं तथा मंदिर से जुड़े लोगों को धमकाया जा रहा है। इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट होगी।

मंदिर पक्ष का कहना है कि धार्मिक स्थल की व्यवस्था और संपत्तियों को लेकर चल रहे विवाद में अब न्यायालय के आदेश ने मामले की गंभीरता को सामने ला दिया है। मंदिर से जुड़े लोगों ने पुलिस से मांग की है कि फरार बताए जा रहे आरोपियों की तलाश तेज की जाए और मंदिर परिसर तथा वहां आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

जलभराव से प्रभावित क्षेत्रों में नगर आयुक्त का निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । गोमती नदी का जलस्तर बढ़ने से जलभराव की चपेट में आए इलाकों में नगर निगम ने राहत और बचाव अभियान तेज कर दिया है। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने बुधवार को प्रभावित क्षेत्रों में रहकर राहत कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने सैठा, लोहरामऊ, फैजुल्लागंज, दाउद नगर और मिल्लत नगर समेत कई इलाकों का निरीक्षण किया। प्रभावित लोगों के लिए करीब 20 पानी के टैंकर लगाए गए हैं। इसके अलावा एक लीटर क्षमता वाली 10 हजार पैकेज्ड पानी की बोतलें उपलब्ध कराई गई हैं। जलभराव से प्रभावित परिवारों के लिए 12 अस्थायी रैन बसेरे तैयार किए गए हैं। इनमें दाउद नगर में 10 और लोहरामऊ व मिल्लत नगर में एक-एक रैन बसेरा शामिल है। जोन-6 में करीब 35 परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है, जबकि 26 लोग रैन बसेरों में रह रहे हैं।

जलभराव प्रभावित क्षेत्रों में करीब 250 सफाईकर्मी लगाए गए हैं। यादव चौराहे से मामा कॉलोनी तक सफाई के साथ ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराया जा रहा है। मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए जोन-3 और जोन-6 में करीब 150 एकड़ क्षेत्र में ड्रोन से एमएलओ और एंटी लार्वा का छिड़काव किया जा चुका है। छह मैनुअल और छह बड़ी फॉगिंग मशीनों से भी दवा का छिड़काव कराया जा रहा है। प्रभावित क्षेत्रों में जिला प्रशासन की ओर से 90 नावें लगाई गई हैं। सैठा, दौलत खेड़ा, मुन्नू खेड़ा, टांड खेड़ा, सुखलाल खेड़ा, गुलमी खेड़ा और हयातगंज में नावों और स्टीमर से लोगों की आवाजाही और राहत सामग्री पहुंचाने का काम जारी है। लक्ष्मी हॉस्पिटल के पीछे राहत सामग्री वितरण के लिए एक नाव लगाई गई है। नगर निगम जिला प्रशासन की ओर से उपलब्ध कराई जा रही खाद्य एवं राहत सामग्री की लोडिंग, अनलोडिंग और वितरण में सहयोग कर रहा है। नगर आयुक्त ने ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती यूनिवर्सिटी में बने अस्थायी भंडार केंद्र का भी निरीक्षण किया। नगर आयुक्त ने पानी उतरने के बाद की स्थिति से निपटने की तैयारी के निर्देश दिए हैं। इसके लिए अलग-अलग टीमें बनाई जा रही हैं। पानी उतरते ही कीचड़, कचरा और गंदगी हटाने के साथ ब्लीचिंग पाउडर, एंटी लार्वा और जरूरी दवाओं का छिड़काव तथा फॉगिंग कराई जाएगी।

दुर्गा पूजा व दशहरा को सकुशल संपन्न कराने के लिये कोरांव में पीस कमेटी की बैठक आहूत



प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोरांव तहसील अंतर्गत बुधवार को आगामी दुर्गा पूजा व दशहरा के पावन पर्व को सकुशल संपन्न कराने हेतु पीस कमेटी की बैठक आहूत की गई। बैठक एसीपी मेजा ब्रजेश पाठक एवं एसडीएम कोरांव ठाकुर प्रसाद के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित की गई। थाना प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र सिंह के आदेशानुसार थाना कमेटी प्रभारी नरेंद्र देव मिश्र के नेतृत्व में पुलिस बल एवं डीसीपीसी वॉलेंटियर तथा क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों ने भाग लिया। बैठक में दुर्गा पूजा पंडाल, झांकियों, लाइट, पानी की व्यवस्था, जाम की व्यवस्था आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में बिजली विभाग के एसडीओ भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर सह थाना कमेटी प्रभारी मोहम्मद असलम, संगठन मंत्री सफात अली शाह, संतोष कुमार जायसवाल, राजू पासवान, चंद्र प्रकाश सिंह, अंकित कुमार कुशवाहा, अवनीश नारायण, चिरौंजी लाल, संभ्रांत व्यक्ति मनी राम शुक्ला, अखिलेश जायसवाल, अंजनी कुमार (अट्टू), शैलेश सिंह (शैलू), रितिक केशरी, विजय जायसवाल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

ब्राह्मणी टोला में महीनों से सीवर ओवरफ्लो, स्थानीय लोग परेशान



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। दौलतगंज के ब्राह्मणी टोला में जगन्नाथ जी मंदिर के बगल वाली गली में पिछले कई महीनों से सीवर ओवरफ्लो होने से स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सीवर का गंदा पानी सड़क पर फैलने से लोगों का आवागमन प्रभावित हो रहा है। स्थानीय निवासी शिवराम सिंह ने संबंधित अधिकारियों से शिकायत कर समस्या से अवगत कराया। उनका आरोप है कि शिकायत के बाद सुपरवाइजर टीम के साथ मौके पर पहुंचते हैं और कुछ पानी निकालकर चले जाते हैं, लेकिन स्थायी समाधान नहीं होने के कारण कुछ दिनों बाद सीवर फिर से ओवरफ्लो हो जाता है।स्थानीय लोगों ने संबंधित विभाग से सीवर की समस्या का स्थायी समाधान कराने की मांग की है।

आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम आयोजित, बांटे नियुक्ति पत्र, प्रमाण पत्र, किया सम्मानित



शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। राष्ट्रीय पोषण माह एवं सेवा संकल्प अभियान के अन्तर्गत भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी दुर्विजय सिंह शाक्य की अध्यक्षता में अटल बिहारी बाजपेई प्रेक्षागृह में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान रेसिपी प्रतियोगिता एवं हेल्दी बेबी प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियो को साड़ी, पोषण पोटली, हेल्थ किट देकर सम्मानित किया गया। साथ ही 23 नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र, उत्कृष्ट कार्य करने वाली 48 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, 32 आंगनबाड़ी सहायिका एवं 32 आशाओ को साड़ी देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के 10 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र व साड़ी देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, ददरौल विधायक अरविन्द कुमार सिंह, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष डीपीएस राठौर, खुटार ब्लॉक प्रमुख नवनीत दीक्षित, मुख्य विकास अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी सहित समस्त बाल विकास विभाग का स्टॉफ मौजूद रहा।

राष्ट्रीय पुस्तक मेला 2026, डा.निशांत पांडेय को मिला उत्कर्ष साहित्य सम्मान



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर आधारित महत्वपूर्ण किताबों के कारण राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय चर्चा में आये युवा लेखक डा.निशांत पांडेय को उनके सराहनीय लेखन कार्य के लिये उत्कर्ष साहित्य सम्मान 2026से सम्मानित किया गया। लखनऊ के अशोक मार्ग पर स्थित बलरामपुर गार्डन में चल रहे राष्ट्रीय पुस्तक मेला 2026 के सांस्कृतिक मंच पर उत्कर्ष कवि सम्मेलन के दौरान डा.निशांत पांडेय को प्रसिद्ध हिंदी कवि राम शब्द 'बेनूर'और चर्चित कवियित्री मालविका हरिओम की उपस्थिति में उत्कर्ष साहित्य सम्मान 2026 प्रदान किया गया। लखनऊ महानगर में अपने संगीत और साहित्यिक आयोजनों के लिये अलग पहचान रखने वाली संस्था उत्कर्ष लखनऊ के मैनेजिंग पार्टनर अनिल कुमार तिवारी ने बताया कि बलरामपुर जनपद के निवासी डा.निशांत पांडेय को सम्मानित करने का निर्णय आयोजन समिति के स्तर से लिया गया। राष्ट्रीय पुस्तक मेले के सांस्कृतिक मंच पर उत्कर्ष साहित्य सम्मान से सम्मानित होने के बाद डा., निशांत पांडेय बहुत प्रसन्न और उत्साहित नजर आये। उन्होने पत्रकारों को बताया कि बहुत जल्द आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और दूसरी कंप्यूटर एप्लिकेशन टेक्नोलॉजी पर आधारित उनकी नयी पुस्तकें भी प्रकाशित होने वाली हैं।

चिकित्सालयों में आशाओं के लिए अब आवंटित होगा 'आशा कक्ष'

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता । प्रदेश के चिकित्सालयों में कार्यरत आशा हेल्थ वर्कर्स के लिए अब अलग से 'आशा कक्ष' की व्यवस्था की जाएगी। मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन डॉ. पिंकी जोवल ने 3 अक्टूबर 2026 को इस संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत चिकित्सा विद्यालयों, चिकित्सा संस्थानों, स्वास्थ्य केंद्रों तथा सभी जिला एवं महिला संयुक्त चिकित्सालयों में आशाओं के बैठने और विश्राम के लिए एक अतिरिक्त कक्ष की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जेएन तिवारी ने बताया कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में कार्यरत आशाओं के माध्यम से सरकार की विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं जन-जन तक पहुंचाई जा रही हैं। कार्य के सिलसिले में आशाओं को अक्सर चिकित्सालयों में आना पड़ता है और कई बार उन्हें वहां रुकना भी पड़ता है। ऐसे में उनके बैठने और विश्राम के लिए अलग स्थान की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी।उन्होंने बताया कि आशाओं के लिए चिकित्सालयों में अलग कक्ष निर्धारित किए जाने के संबंध में शासनादेश 4 मार्च 2025 को जारी हुआ था, लेकिन कई जनपदों में इसका अनुपालन नहीं हो रहा था। आशा हेल्थ वर्कर्स एसोसिएशन की प्रदेश अध्यक्ष कुसुम लता यादव ने इस समस्या से राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद को अवगत कराया था। इसके बाद परिषद की ओर से लगातार पत्राचार कर आशाओं के लिए अलग कक्ष आवंटित करने की मांग की जाती रही।नए दिशा-निर्देशों के तहत आवंटित कक्ष के बाहर स्पष्ट अक्षरों में 'आशा कक्ष' लिखवाने के साथ वहां नियमित विद्युत आपूर्ति, पंखा और पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा आशाओं के विश्राम के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने को भी कहा गया है। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की महामंत्री अरुणा शुक्ला ने आदेश का स्वागत करते हुए कहा कि महिला कर्मचारियों की कार्यस्थल संबंधी आवश्यकताएं कई मामलों में अलग होती हैं। आशाओं को सुरक्षित स्थान पर बैठने, विश्राम करने और मरीजों से बातचीत करने के लिए अलग स्थान मिलना जरूरी है।

प्रयागराज-मिर्ज़ापुर राजमार्ग होगा फोरलेन

❐ उज्जवल, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने दी स्वीकृति

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज । प्रयागराज-मिर्ज़ापुर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-35 पर रोजाना लगने वाले जाम और भारी यातायात के दबाव से जल्द ही लोगों को मुक्ति मिलने वाली है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने इस मार्ग को 2-लेन से बढ़ाकर 4-लेन में चौड़ीकरण करने की योजना को औपचारिक रूप से स्वीकृति प्रदान कर दी है इसकी सूचना केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी द्वारा सांसद को दी गई।

सांसद प्रतिनिधि विनय कुशवाहा ने बताया कि सांसद उज्जवल रमण सिंह 6 मार्च 2026 को नई दिल्ली में केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से व्यक्तिगत रूप से मिलकर मिर्ज़ापुर मार्ग पर लगने वाले जाम से अवगत कराया था और कहा कि कि भविष्य में स्थित और खराब होगी उसके पहले सड़क चौड़ीकरण का पत्र दिया था जिसकों संज्ञान लेते हुए सड़क परिवहन मंत्रालय ने यह निर्णय लिया है। सांसद ने अपने पत्र में मुगारी टोल प्लाजा पर लगने वाले लंबे जाम और यात्रियों व श्रद्धालुओं को होने वाली असुविधा की ओर ध्यान आकृष्ट कराया था। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने सांसद को भेजे पत्र में बताया कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (गङ्गइक्र) के अधिकारियों से विस्तृत रिपोर्ट प्राप्त कर ली गई है। इस परियोजना के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (DPR) तैयार करने हेतु सलाहकार की नियुक्ति कर दी गई है और रिपोर्ट तैयार करने का कार्य प्रगति पर है। आवागमन होगा सुरक्षित और जाम-मुक्त राजमार्ग के 4-लेन होने से प्रयागराज और मिर्ज़ापुर के बीच यात्रा अधिक सुरक्षित, सुगम और जाम-मुक्त हो जाएगी। इससे स्थानीय निवासियों के साथ-साथ क्षेत्र में आने वाले श्रद्धालुओं को भी बड़ी राहत मिलेगी।

विद्यार्थियों ने किया लखनऊ का शैक्षिक भ्रमण, सिटी मजिस्ट्रेट ने किया स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमानीगंज, अयोध्या। विशिष्ट शिक्षा प्रणाली और सफलता के नए आयाम स्थापित कर रहे हिंदी माध्यम के बाबा चतुर गिरि बाल विद्या मंदिर तथा अंग्रेजी माध्यम के अमानीगंज पब्लिक स्कूल के चयनित विद्यार्थियों ने लखनऊ का शैक्षिक भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान 32 चयनित विद्यार्थियों ने ऐतिहासिक एवं ज्ञानवर्धक स्थलों का अवलोकन कर महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की।

लखनऊ पहुंचने पर विद्यार्थियों का स्वागत सिटी मजिस्ट्रेट जगमोहन गुप्त ने किया। खास बात यह रही कि श्री गुप्त ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा इसी विद्यालय से प्राप्त की थी। अपने पुराने विद्यालय के विद्यार्थियों से मुलाकात के दौरान वे भावुक हो गए। वहीं विद्यार्थियों के लिए भी सिटी मजिस्ट्रेट से मुलाकात प्रेरणादायी रही। विद्यार्थियों ने लखनऊ चिड़ियाघर, बड़ा इमामबाड़ा, भूलभुलैया, रूमी दरवाजा और बावली सहित विभिन्न ऐतिहासिक एवं दर्शनीय स्थलों का भ्रमण किया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को इन स्थलों के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व की जानकारी दी। भ्रमण के अंत में विद्यार्थियों को रिफ्रेशमेंट एवं स्नैक्स भी वितरित किए गए। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक बुशरा महमूद, उप प्रधानाध्यापक लक्ष्मी कसौधन, वरिष्ठ शिक्षक विनय सिंह, राफिया अंजुम, शिवानी दुबे, पल्लवी, साधना और शालिनी सहित विद्यालय के शिक्षक मौजूद रहे। शैक्षिक भ्रमण को विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन, व्यक्तित्व विकास और ऐतिहासिक धरोहरों केप्रति रुचि बढ़ाने वाला बताया गया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सार्वजनिक जीवन सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण के प्रति प्रतिबद्धता का प्रेरणादायी उदाहरण है: ए. के. शर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गाजीपुर। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने मऊ के गाजीपुर तिराहा में आयोजित सेवा ज्योति यात्रा-विकसित भारत संकल्प सभा में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जनसेवा एवं राष्ट्रसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने पर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सार्वजनिक जीवन सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण के प्रति प्रतिबद्धता का प्रेरणादायी उदाहरण है। मंत्री श्री ए.के. शर्मा ने कहा कि यह उनके लिए सौभाग्य की बात है कि उन्हें गुजरात में मुख्यमंत्री के रूप में श्री नरेंद्र मोदी जी के कार्यकाल के पहले दिन से लेकर अंतिम दिन तक उनके साथ काम करने का अवसर मिला। इसके बाद प्रधानमंत्री कार्यालय में भी उनके साथ जिम्मेदारी निभाने का अवसर प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के साथ इतने लंबे समय तक काम करते हुए उनके नेतृत्व, निर्णय क्षमता, दूरदर्शिता और देश के प्रति समर्पण को करीब से देखने का अवसर मिला है।

कांग्रेस पर तीखा तंज कसते हुए मंत्री श्री ए.के. शर्मा ने कहा कि आज कांग्रेस की राजनीतिक स्थिति लगातार कमजोर होती जा रही है। उन्होंने कहा कि जिस तरह बच्चों को कहानियां सुनाई जाती हैं-'एक था राजा, एक थी रानी', उसी तरह आने वाले समय में कांग्रेस के बारे में भी लोग कहेंगे-'एक थी पार्टी।' उन्होंने कहा कि देश की जनता परिवारवाद, नकारात्मक राजनीति और विभाजनकारी सोच को नकारकर विकास और राष्ट्र निर्माण की राजनीति को आगे बढ़ा रही है।

मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा कि आज देश की बागडोर एक मजबूत, संवेदनशील और महान नेता के हाथों में है। इसलिए किसी को चिंता करने की जरूरत नहीं है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी स्वयं देश के हर वर्ग, हर नागरिक और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की चिंता करते हैं। उनके नेतृत्व में भारत निरंतर आत्मनिर्भरता, विकास और वैश्विक नेतृत्व की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने विकसित भारत का जो संकल्प लिया है, वह केवल सरकार का संकल्प नहीं बल्कि 140 करोड़ देशवासियों का संकल्प है। अब हमारा लक्ष्य होना चाहिए कि हम पूरी प्रतिबद्धता और एकजुटता के साथ विकसित भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं।

वाराणसी मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर स्वच्छता एवं जन-जागरूकता अभियान आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। मंडल रेल प्रबंधक, वाराणसी श्री आशीष जैन के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर अनुभव पाठक के नेतृत्व में वाराणसी मंडल में 01 से 15 अक्टूबर, 2026 तक स्वच्छता पखवाड़ा अभियान चलाया जा रहा है।

स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत आज दिनांक 07 अक्टूबर 2026 को मंडल आजमगढ़, बलिया, बनारस, वाराणसी सिटी, गाजीपुर सिटी, भटनी जंक्शन, छपरा, सीवान, देवरिया सदर, मऊ, बेलथारा रोड, सलेमपुर एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशनों पर विभिन्न स्वच्छता एवं जन-जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं। अभियान के दौरान संबंधित स्टेशनों पर कार्यरत मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक एवं स्वास्थ्य निरीक्षक ने रेलवे कर्मचारियों एवं संविदा कर्मियों के सहयोग से स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली। रैली के माध्यम से यात्रियों एवं आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान स्वच्छता संबंधी नारों, पोस्टर एवं बैनर के माध्यम से स्वच्छ रेल, स्वच्छ भारत तथा ह्लआओ, भारतीय रेल को स्वच्छ बनाने की दिशा में एक कदम और आगे बढ़ाएँ जैसे संदेश दिए गए। यात्रियों एवं कर्मचारियों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न स्टेशनों पर नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किए गए। इनके माध्यम से कचरे का उचित निस्तारण करने, स्टेशन परिसर को स्वच्छ रखने तथा प्लास्टिक के उपयोग को कम करने का संदेश दिया गया। शहरी स्थानीय निकायों के सहयोग से रेलवे ट्रैक के किनारे विशेष सफाई अभियान भी चलाया गया। अभियान के दौरान ट्रैक के आसपास जमा कचरे को हटाकर गहन सफाई की गई। यात्रियों को निर्धारित स्थान पर ही कचरा डालने के लिए प्रेरित करने हेतु कूड़ेदानों के आसपास स्वच्छता जागरूकता संबंधी साइनबोर्ड लगाए गए। इसी क्रम में रेलवे कॉलोनियों एवं अन्य रेलवे प्रतिष्ठानों में भी विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्टेशनों एवं ट्रेनों में पीए सिस्टम के माध्यम से स्वच्छता संबंधी घोषणाएं कर यात्रियों से स्टेशन परिसर को स्वच्छ रखने तथा प्लास्टिक के उपयोग को कम करने की अपील की गई। स्वच्छता पखवाड़ा के माध्यम से रेलवे कर्मचारियों, संविदा कर्मियों, यात्रियों एवं आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए स्वच्छ रेलवे परिसर के निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया जा रहा है। वाराणसी मंडल द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान विभिन्न स्टेशनों पर निरंतर स्वच्छता एवं जन-जागरूकता गतिविधियों का आयोजन कर ह्लस्वच्छ रेल, स्वच्छ भारतङ्क के संकल्प को साकार करने की दिशा में प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं।

तहसील क्षेत्र में अवैध वसूली को लेकर किसानों ने विधायक और एसडीएम से की शिकायत

सांडा, सीतापुर। तहसील बिसवां क्षेत्र में किसानों और फरियादियों से कथित तौर पर धन वसूली किए जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में कई किसानों ने क्षेत्रीय विधायक निर्मल वर्मा और उपजिलाधिकारी को लिखित शिकायत देकर मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि बाढ़ और आपदा की स्थिति के बीच किसानों की परेशानियों का फायदा उठाकर उनसे विभिन्न कार्यों के नाम पर धन लिया जा रहा है। किसानों के अनुसार, बिसवां थाना क्षेत्र गोपालापुर निवासी यूनुस नामक व्यक्ति तहसील परिसर में आने वाले फरियादियों और किसानों से कथित रूप से धन की मांग करता है।

उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **29.10.2026, 02.11.2026 तथा 05.11.2026 को 15.00 बजे तक** आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुवल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदाकर्ता निविदा फार्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध आनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैकिंग,डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि किया जायेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेगे।

निविदा सूचना संख्या	01022026 दिनांक 07.10.2026
निविदा संख्या	1. 09-Sr-DEN-VI-LKO-2026-27 2. 10-Sr-DEN-VI-LKO-2026-27 3. 11-Sr-DEN-VI-LKO-2026-27
कार्य का नाम	वरि० मंडल इंजीनियर–VI के कार्यक्षेत्र में सहायक मण्डल इंजीनियर–उन्नाव के अंतर्गत SSE/P,Way/DMW सेक्शन में ट्रैक के रखरखाव से जुड़े विविध कार्य। वरि० मंडल इंजीनियर–VI के कार्यक्षेत्र में सहायक मण्डल इंजीनियर–उन्नाव के अंतर्गत SSE/Works/ON सेक्शन में L–क्रॉसिंग और जलापूर्ति प्रणाली की मरम्मत के प्रावधान का कार्य। वरि० मंडल इंजीनियर–VI के कार्यक्षेत्र में सहायक मण्डल इंजीनियर–उन्नाव के अंतर्गत SSE/Works/ON सेक्शन में पुलों का वार्षिक रखरखाव और मरम्मत का कार्य।
अनुमानित लागत	Rs. 24998058.11 Rs. 9440697.94 Rs. 2499863.40
धरोहर राशि	Rs. 500000.00 Rs. 188800.00 Rs. 50000.00
कार्य की समापन अवधि	स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से बारह माह। स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से बारह माह। स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छः माह।
निविदा डालने का प्रारंभ	15.10.2026 19.10.2026 22.10.2026
निविदा बंद होने की तिथि एवं समय	29.10.2026, 15:00 बजे 02.11.2026, 15:00 बजे 05.11.2026, 15:00 बजे
बेबसाईट	**www.ireps.gov.in**

नोटः– 1– निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 3484/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

ई–ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित स्टेशन हेतु ई–ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

Admin Unit/Zone	Lucknow-NR-Division-Commercial/Northern Railway
Auction Catalogue No./Lot No	WVM-BSB-2026
Description of Work	Installation and operation of Water Vending Machine (WVM's) at Varanasi Station of Lucknow Division, Northern Railway for the period of 05 years
Catalogue Published on	29.09.2026
Auction Start (All Lots)	14.10.2026 at 11:00 Hrs
Auction Close Date/Time	14.10.2026 at 11:30 Hrs
Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders	E-Auction Module of **www.ireps.gov.in**

नीलामी के लिए रखी जाने वाली डब्ल्यूवीएम का विवरण निम्नलिखित हैः–

Details of WVM			
S. No	**Lot Number**	**Station**	**Close Date & Time**
1	MSS-LKO-BSB-WVM-198-26-1	BSB	Date-14.10.2026 11:30

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3473/2026

यूपीएसआईएफएस में क्वांटम टेक्नोलॉजी पर स्टेज प्रेजेंटेशन

❐ संस्थान क्वांटम कंप्यूटिंग की दिशा में अग्रणी होकर कर रहा कार्य : डॉ. जी.के. गोस्वामी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस (यूपीएसआईएफएस), लखनऊ में बुधवार को क्वांटम टेक्नोलॉजी विषय पर स्टेज प्रेजेंटेशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के लॉ, बीटेक और एमटेक के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं के विभिन्न समूहों ने डिस्कवरी एवं क्वांटम कंप्यूटिंग के माध्यम से यातायात समस्या के समाधान विषय पर विषय विशेषज्ञों के समक्ष अपनी प्रस्तुतियां दीं। प्रस्तुतियों का मूल्यांकन विषय विशेषज्ञ डॉ. पवन शर्मा (आईटी एक्सपर्ट, अमेरिका) और श्री हेराल्ड डी कोस्टा ने किया। इस अवसर पर डॉ. पवन शर्मा ने कहा कि संस्थान द्वारा विद्यार्थियों को जिस तरह का तकनीकी वातावरण उपलब्ध कराया जा रहा है, वह सराहनीय है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों ने टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में अपनी समझ और दक्षता का प्रभावी प्रदर्शन किया है।

संस्थान के संस्थापक निदेशक डॉ. जी.के. गोस्वामी ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों के आयोजन से विद्यार्थियों के ज्ञान में वृद्धि होती है और उन्हें दुनिया में हो रहे नवीन तकनीकी प्रयोगों से रूबरू होने का अवसर मिलता है। उन्होंने ह्लक्वांटम टेक्नोलॉजी-लॉ विद लैबङ्क की दिशा में संस्थान के प्रयासों का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना की। प्रथम टीम ने क्र समिट के उदाहरण के माध्यम से क्लथफ्द्द इह्वद्वद्दथद्यद्वन्, इडट्ट क्लाउड और डठउ मॉडल का उपयोग करते हुए स्मार्ट रूट ऑप्टिमाइजेशन की अवधारणा प्रस्तुत की। वहीं दूसरी टीम डफ्ठद्दद्व ने क्वांटम रैंडम नंबर जनरेशन की तकनीक का प्रदर्शन किया।

डॉ. गोस्वामी ने कहा कि भविष्य में क्वांटम चिप्स के विकास से फॉरेंसिक साइंस और उसके अनुप्रयोगों, विशेषकर क्वांटम क्रिप्टोग्राफी, के क्षेत्र में महत्वपूर्ण संभावनाएं पैदा हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि संस्थान क्वांटम कंप्यूटिंग की दिशा में लगातार कार्य कर रहा है और विद्यार्थियों को अत्याधुनिक तकनीक से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। प्रस्तुति के दौरान विद्यार्थियों ने ट्रैफिक कंजेशन की समस्या के समाधान के लिए क्वांटम कंप्यूटिंग के संभावित उपयोग पर प्रकाश डाला। स्मार्ट रूट ऑप्टिमाइजेशन के माध्यम से वाहनों के आइडल टाइम को कम करने, एग? उत्सर्जन एवं ईंधन की खपत घटाने तथा ग्रीन मोबिलिटी को बढ़ावा देने की संभावनाएं बताई गईं। छात्रों ने सुरक्षा और रियल-टाइम ट्रैफिक प्रबंधन के लिए ड्डख्रट्ट 1.3 एनक्रिप्शन तथा डेटा सुरक्षा से जुड़े प्रावधानों का भी उल्लेख किया। इसके साथ ही भविष्य में एम्बुलेंस, पुलिस और फॉरेंसिक सेवाओं के लिए प्राथमिकता वाले ट्रैफिक रूट तैयार करने में क्वांटम तकनीक की संभावित भूमिका पर भी प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में फोटोनिक आधारित क्वांटम रैंडम नंबर जनरेटर (डटगक्र) के माध्यम से नफ्फ्द्धप्प (0 और 1) जनरेट करने की अवधारणा भी प्रस्तुत की गई। विद्यार्थियों ने बताया कि डटगक्र जैसी तकनीक का उपयोग फॉरेंसिक डेटा एक्रिप्शन, डेटा इंटीग्रिटी और डिजिटल एविडेंस के संरक्षण जैसे क्षेत्रों में किया जा सकता है। इस अवसर पर अपर निदेशक श्री संजीव सुमन, उप निदेशक श्री चिरंजीव मुखर्जी, श्री अतुल यादव, डॉ. निमिशा, डॉ. सेंथिल शिवासुब्रमण्यम सहित जनसंपर्क अधिकारी संतोष तिवारी एवं संस्थान के अन्य फैकल्टी सदस्य उपस्थित रहे।

आरडीएसओ में विद्यार्थियों के लिए निबंध, पोस्टर मेकिंग एवं वाद-विवाद प्रतियोगिताएं आयोजित

❐ 'सत्यनिष्ठा से समृद्धि' के संदेश के साथ विद्यार्थियों ने दिखाई रचनात्मकता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। अनुसंधान अभिकल्प एवं मानक संगठन (आरडीएसओ) में चल रहे सतर्कता जागरूकता अभियान-2026 के अंतर्गत आरडीएसओ के सतर्कता विभाग द्वारा परिसर स्थित प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थियों के लिए निबंध लेखन, पोस्टर मेकिंग एवं वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताएं 5 और 7 अक्टूबर को आयोजित हुईं।

इस वर्ष अभियान की थीम 'सत्यनिष्ठा से समृद्धि' (घ्न्धथ्द्धभ द्वधन् घ्न्धपध्द्नद्धभ) रखी गई है। प्रतियोगिताओं का उद्देश्य विद्यार्थियों को व्यक्तिगत एवं व्यावसायिक जीवन में सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता, जवाबदेही और नैतिक आचरण के महत्व के प्रति जागरूक करना रहा।

5 अक्टूबर को मानक नगर इंटर कॉलेज, आरडीएसओ में निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें 63 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। इसके बाद सेंट मैरी कॉन्वेंट इंटर कॉलेज, आरडीएसओ में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता हुई, जिसमें 300 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। वहीं, 7 अक्टूबर को सिटी मॉन्टेसरी स्कूल में आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता में आठ विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने रचनात्मकता, तार्किक एवं आलोचनात्मक चिंतन के साथ नैतिक मूल्यों के प्रति अपनी जागरूकता का प्रदर्शन किया। उन्होंने सुशासन और राष्ट्र के विकास में सत्यनिष्ठा तथा नैतिक आचरण की भूमिका पर अपने विचार प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किए। इस अवसर पर आरडीएसओ के सतर्कता विभाग ने विद्यार्थियों को जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता और निष्पक्षता के महत्व से अवगत कराया। विद्यार्थियों को सतर्क रहने, नैतिक एवं मानवीय मूल्यों को आत्मसात करने तथा नियमों और कानूनों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही उन्हें जिम्मेदार, पारदर्शी एवं सत्यनिष्ठ समाज के निर्माण में सक्रिय योगदान देने का संदेश दिया गया।

गुमानीखेड़ा-हुसैनाबाद मार्ग बदहाल, ग्रामीणों ने खुद उठाई मरम्मत की जिम्मेदारी

❐ दो ब्लॉकों को जोड़ने वाली सड़क गड्ढों में तब्दील, जनप्रतिनिधियों की अनदेखी से ग्रामीणों में आक्रोश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम, लखनऊ। मोहनलालगंज और गोसाईंगंज ब्लॉक को जोड़ने वाला गुमानीखेड़ा-हुसैनाबाद प्रमुख संपर्क मार्ग लंबे समय से बदहाल है। सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे होने से हजारों ग्रामीणों का आवागमन मुश्किल हो गया है। जिम्मेदारों की अनदेखी से नाराज ग्रामीणों ने अब स्वयं सड़क की मरम्मत शुरू कर दी है। मोहनलालगंज ब्लॉक के गुमानीखेड़ा और गोसाईंगंज ब्लॉक के हुसैनाबाद समेत आसपास के गांवों के लोग मजदूरी, नौकरी, व्यापार और पढ़ाई के लिए रोजाना इसी मार्ग से गुजरते हैं।

जर्जर सड़क पर वाहन चलाना जोखिम भरा हो गया है। बारिश के दौरान गड्ढों में पानी भरने से परेशानी और बढ़ जाती है। जर्जर मार्ग से छात्र-छात्राओं और मरीजों को सबसे अधिक दिक्कत हो रही है। अस्पताल ले जाते समय वाहनों की रफ्तार धीमी होने से आपात स्थिति में परेशानी खड़ी हो सकती है। ग्रामीणों का कहना है कि चुनाव के दौरान सड़क निर्माण के वादे तो किए जाते हैं, लेकिन बाद में कोई ध्यान नहीं देता।

ग्रामीणों ने खुद संभाली सड़क की कमान

लगातार उपेक्षा से परेशान गुमानीखेड़ा के ग्रामीण पिछले कई दिनों से श्रमदान कर सड़क के गड्ढे भर रहे हैं। रामशरण, नौमीलाल, विजय कुमार, खुशी राम, अरुण कुमार, विश्राम, राम मिलन, राम किशोर और जगदीश प्रसाद समेत अन्य ग्रामीण मरम्मत कार्य में जुटे हैं। ग्रामीणों ने कहा कि जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते उन्हें खुद आगे आना पड़ा। उन्होंने शासन-प्रशासन से मार्ग का स्थायी निर्माण कराने की मांग करते हुए कहा कि महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग की अनदेखी किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं की जाएगी।

दिनेश निषाद को जन उद्घोष व्यापार मंडल की बाराबंकी जिले की कमान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । जन उद्घोष व्यापार मंडल (उ.प्र.) की महत्वपूर्ण बैठक बुधवार को सायं चार बजे असेंबल किचेन में आयोजित हुई। बैठक में संगठन के विस्तार, आगामी कार्ययोजनाओं और व्यापारियों के हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।

इस दौरान दिनेश निषाद को जन उद्घोष व्यापार मंडल का बाराबंकी जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। पदाधिकारियों ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए संगठन को मजबूत बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने की अपेक्षा जताई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र प्रताप सिंह, प्रदेश महामंत्री विनोद कुमार सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुशील कुमार सिंह, मंत्री आर.के. सिंह चौहान, कोषाध्यक्ष मंगल प्रसाद वर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष विजय उपाध्याय एवं जानकीपुरम विस्तार महामंत्री दिवाकर पाण्डेय सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। लखनऊ। जन उद्घोष व्यापार मंडल (उ.प्र.) की महत्वपूर्ण बैठक बुधवार को सायं चार बजे असेंबल किचेन में आयोजित हुई। बैठक में संगठन के विस्तार, आगामी कार्ययोजनाओं और व्यापारियों के हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। इस दौरान दिनेश निषाद को जन उद्घोष व्यापार मंडल का बाराबंकी जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। पदाधिकारियों ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए संगठन को मजबूत बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने की अपेक्षा जताई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र प्रताप सिंह, प्रदेश महामंत्री विनोद कुमार सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुशील कुमार सिंह, मंत्री आर.के. सिंह चौहान, कोषाध्यक्ष मंगल प्रसाद वर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष विजय उपाध्याय एवं जानकीपुरम विस्तार महामंत्री दिवाकर पाण्डेय सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

गाली-गलौज के बाद युवक से मारपीट, जान से मारने की धमकी

नगराम, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगराम थाना क्षेत्र के बजगिहा गांव में गाली-गलौज के बाद युवक से मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित शिवशंकर गोस्वामी की तहरीर पर नगराम पुलिस ने गांव के ही राजू गोस्वामी और उनकी पत्नी शिवकुमारी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, शिवशंकर गोस्वामी ने तहरीर में आरोप लगाया कि बुधवार सुबह करीब 10:30 बजे राजू गोस्वामी और शिवकुमारी ने उसके साथ गाली-गलौज की और मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। सूचना मिलने पर पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक ऋषभ पाण्डेय को सौंपी गई है। पुलिस का कहना है कि प्रकरण में साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

आंधी-तूफान में टूटे हुए बिजली के तार, 15 दिन बाद भी नहीं हुए सही



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। माल में बीते 24 सितंबर को आंधी तूफान में टूटे खंभे तार पन्द्रह दिनों बाद भी ठीक करने की विभाग ने सुध नहीं ली। जबकि रास्ते में पड़े विद्युत तारों के भय से ग्रामीणो ने कई दिनों तक रास्ते से आना जाना बंद रखा था। माल विकास खंड के पीर नगर गांव में राजकीय नलकूप से श्याम बहादुर मास्टरके निजी ट्यूबल वाली विद्युत लाइन का बीती24सितंबर को हुई वारिश और आंधी तूफान में पेड़ गिरने से एक पोल क्षतिग्रस्त हो गया था। जिससे विद्युत लाइन के तार रास्ते में जमीन पर बिछ गये थे। जो पन्द्रह दिन से अभी तक पड़े हैं । जबकि विभाग के कर्मचारियों ने गत सोमवार को पोल खड़ा कर दिया था लेकिन तार अभी भी रास्ते में बिछे पड़े हुये हैं जिससे लोगों को आने जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

इंजीनियर्स भवन में 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता के युग में नागरिक सेवा' विषय पर तकनीकी व्याख्यान



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया), उत्तर प्रदेश राज्य केंद्र, लखनऊ एवं इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, उत्तर प्रदेश क्षेत्रीय शाखा के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को इंजीनियर्स भवन, रिवर बैंक कॉलोनी में 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता के युग में नागरिक सेवा' विषय पर तकनीकी व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कृत्रिम बुद्धिमत्ता के दौर में नागरिक सेवाओं में हो रहे तकनीकी बदलावों और जनसेवाओं को अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं सुगम बनाने में आधुनिक तकनीक की भूमिका से प्रतिभागियों को अवगत कराना रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया), उत्तर प्रदेश राज्य केंद्र के चेयरमैन इं. वी. पी. सिंह ने की। उन्होंने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता वर्तमान समय में नागरिक सेवाओं को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और जन-केंद्रित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने अभियंताओं एवं तकनीकी विशेषज्ञों से नई तकनीकों को समझने तथा उनके व्यावहारिक उपयोग को बढ़ावा देने का आह्वान किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में संस्थान के मानद सचिव इं. एन. के. निषाद ने अतिथियों, वक्ताओं एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) के आईपी प्रेसिडेंट इं. ई. वी. बी. सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने भी कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं आधुनिक तकनीकों के माध्यम से नागरिक सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाने की आवश्यकता पर विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में आईएएस सेवानिवृत्त वी. एन. चन्ना विशिष्ट अतिथि, आईएएस सेवानिवृत्त आर. रामानी, अध्यक्ष, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, उत्तर प्रदेश क्षेत्रीय शाखा तथा आईएएस सेवानिवृत्त के. रविंदर नाइक, सचिव, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग के प्रोफ़ेसर एवं डीन डॉ. प्रवीण कुमार शुक्ला ने 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता के युग में नागरिक सेवा' विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने नागरिक सेवाओं में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की बढ़ती भूमिका, इसके विभिन्न अनुप्रयोगों तथा जनसेवाओं को तेज, पारदर्शी और प्रभावी बनाने में इसकी उपयोगिता पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने एआई आधारित तकनीकों के माध्यम से नागरिकों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने और प्रशासनिक कार्यप्रणाली में तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देने के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला।

बाढ़ प्रभावित लोगों की युद्ध स्तर पर मदद कर रही पूजा शुक्ला



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । उत्तरी विधानसभा क्षेत्र की विधानसभा प्रत्याशी एवं वरिष्ठ समाजसेवी सुश्री पूजा शुक्ला द्वारा बाढ़ प्रभावित लोगो की युद्ध स्तर पर सहायता में जुटी हुई है। फैजुल्लागंज दाऊदनगर क्षेत्र मे पूजा शुक्ला द्वारा अपने फ़ेसबुक वाल से लोगो को अपना मोबाइल नंबर देकर कहा गया है। जिन लोगो को मदद की आवश्यक्ता हो वह लोग निसंकोच संपर्क करें।

पूजा शुक्ला एवं सामाजिक कार्यकर्ता ममता त्रिपाठी द्वारा दिन रात निस्वार्थ बाढ़ प्रभावित लोगो की मदद की जा रही है। पूजा शुक्ला एवं ममता त्रिपाठी द्वारा बाढ़ प्रभावित लोगो को राहत सामग्री, राशन, पानी की बोतल, भोजन, दवाइयो का वितरण किया जा रहा है। पूजा शुक्ला द्वारा बाढ़ प्रभावित लोगो से कहा गया है किसी प्रकार की आवश्यक्ता पडने पर निसंकोच उनसे संपर्क करे। उनके द्वारा बाढ़ प्रभावित लोगो की हर संभव मदद की जाएगी।

सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज में नवाचार और स्टार्टअप पर जोर

❐ कार्यक्रम में विद्यार्थियों को इनोवेशन, उद्यमिता, शोध, तकनीक और सामाजिक प्रभाव से जुड़े अवसरों की जानकारी दी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में बुधवार को 'सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज' के तहत ओरिएंटेशन सह मोटिवेशन कार्यक्रम हुआ। समाज कार्य, समाजशास्त्र और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के संयुक्त सहयोग से हुए कार्यक्रम के मुख्य वक्ता दृष्टिबाधितार्थ विभाग के सह-आचार्य डॉ. विजय शंकर शर्मा रहे।

उन्होंने विद्यार्थियों को इनोवेशन, उद्यमिता, शोध, तकनीक और सामाजिक प्रभाव से जुड़े अवसरों की जानकारी दी। कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को अकादमिक ज्ञान के साथ स्थानीय सामाजिक समस्याओं के समाधान से जुड़े नवाचार के अवसर भी दें। इससे रोजगार और उद्यमिता के नए रास्ते खुल सकते हैं।

उन्होंने दिव्यांग विद्यार्थियों की शैक्षणिक पहुंच, डिजिटल लर्निंग, भाषा संबंधी बाधाओं तथा परीक्षा और मूल्यांकन से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए नवाचार की संभावनाएं बताईं। उन्होंने ओसीआर, टेक्स्ट-टू-स्पीच, स्पीच-टू-टेक्स्ट, भाषा अनुवाद, डिजिटल नोट्स, सुलभ ई-कंटेंट और एआई आधारित शैक्षणिक उपकरणों पर भी चर्चा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. शैलजा सिंह, समाज कार्य विभागाध्यक्ष डॉ. अर्चना सिंह और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के सहायक आचार्य दिनेश सिंह ने की।

विद्यार्थियों ने नवाचार और स्टार्टअप से जुड़े सवाल पूछे, जिनका डॉ. शर्मा ने जवाब दिया। संचालन डॉ. अवधेश कुमार ने किया। धन्यवाद डॉ. शिवानी कटरा ने दिया। कार्यक्रम में डॉ श्याम सिंह, डॉ गौरव गोयल, डॉ. विजय वर्मा, डॉ समृद्धि सिंह, डॉ अमित कुमार कुशवाहा समेत कई शोधार्थी और विद्यार्थी मौजूद रहे।

बीबीडी इलाके से 17 वर्षीय किशोर लापता, तीन दिन से तलाश जारी

चिनहट लखनऊ , कैनविज टाइम्स संवाददाता। बीबीडी थाना क्षेत्र के अनोरा कला से 17 वर्षीय किशोर के लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर किशोर की तलाश कराने की गुहार लगाई है। पुलिस ने मामले में गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। तहरीर के मुताबिक, शिकायतकर्ता पिंटू पुत्र राजित राम निवासी अनोरा कला ने बताया कि वह अपने भाई सरवन कुमार गोयल के साथ अनोरा कला में किराये के मकान में रहते हैं और कॉलेज लखनऊ के सामने दुकान लगाते हैं। 3 अक्टूबर 2026 की रात करीब दो से तीन बजे उनका भाई सरवन अचानक घर से चला गया। इसके बाद से उसका कोई पता नहीं चल सका। परिजनों के अनुसार, उन्होंने रिश्तेदारों और परिचितों के यहां तलाश करने के साथ ही पिछले तीन दिनों से लगातार खोजबीन की, लेकिन किशोर का कोई सुराग नहीं मिला। उसका मोबाइल नंबर भी बंद जा रहा है। परिजनों ने पुलिस को बताया कि लापता किशोर के परिजनों ने पुलिस से किशोर को जल्द तलाशने की अपील की है। बीबीडी पुलिस ने शिकायत के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

बीबीएयू में हुआ 'रेड रन उत्तर प्रदेश-2026' का आयोजन

❐ 70 जिलों के प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा, 10 और 5 किलोमीटर दौड़ में दिखाया उत्साह

कैनविज टाइम्स संवाददात



लखनऊ । बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू) एवं उत्तर प्रदेश स्टेट एड्स कंट्रोल सोसाइटी (ठष्ट्टइएट्ट) के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को 'रेड रन उत्तर प्रदेश-2026' मैराथन का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य युवाओं में एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ स्वस्थ जीवनशैली, फिटनेस और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को प्रोत्साहित करना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ बीबीएयू के कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने फ्लैग ऑफ कर किया। उन्होंने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन युवाओं में जागरूकता, आत्मविश्वास और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। युवाओं की सक्रिय भागीदारी स्वस्थ, जागरूक और जिम्मेदार समाज के निर्माण की आधारशिला है।

कार्यक्रम उत्तर प्रदेश स्टेट एड्स कंट्रोल सोसाइटी की प्रोजेक्ट डायरेक्टर एवं आईएएस अधिकारी अमृता सोनी के दिशानिर्देशन में आयोजित हुआ। विशिष्ट अतिथि ठष्ट्टइएट्ट के संयुक्त निदेशक डॉ. संजय सोलंकी एवं दिनेश प्रताप सिंह रहे। प्रसिद्ध एथलीट अंजली चौरसिया, सेवानिवृत्त हॉकी खिलाड़ी प्रवीण सिंह और छह बार के नेशनल चैंपियन एथलीट भुवन सिंह ने भी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। विश्वविद्यालय की ओर से कार्यक्रम संयोजक प्रो. पवन कुमार चौरसिया रहे। रेड रन उत्तर प्रदेश-2026 में प्रदेश के सभी 70 जिलों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। जिला स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। प्रदेश के 18 मंडलों की एड्स सोसायटी के प्रतिनिधियों ने भी आयोजन में सहभागिता की। प्रतिभागियों का पंजीकरण निःशुल्क रखा गया था। 10 किलोमीटर दौड़ की महिला श्रेणी में वाराणसी की सोनी देवी ने प्रथम, वाराणसी की लक्ष्मी ने द्वितीय और अर्चना यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बरेली की सोनी को सांत्वना पुरस्कार मिला। पुरुष वर्ग में देवरिया के अभिषेक वर्मा प्रथम, मऊ के विद्यसागर द्वितीय और वाराणसी के आयुष पाल सिंह तृतीय रहे। अलीगढ़ के सुनील कुमार को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। 5 किलोमीटर महिला वर्ग में बीबीएयू की छात्राओं का दबदबा रहा। स्कूल ऑफ इंफॉर्मेशन साइंस एंड टेक्नोलॉजी की संजना देवी ने प्रथम, राजनीति विज्ञान विभाग की बिनता देवी ने द्वितीय और यूआईईटी की भूमिका बंजारा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रज्ञा को सांत्वना पुरस्कार मिला। पुरुष वर्ग में एसवीएम के रजनीश कुमार प्रथम, बीबीडी लखनऊ के रवि यादव द्वितीय और अतुल सिंह तृतीय रहे। स्पोर्ट्स कॉलेज के सावंत कुमार को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

फैजुल्लागंज बाढ़ पीड़ितों के साथ डॉ. बोरा का छठे दिन भी राहत अभियान जारी



कैनविज टाइम्स संवाददात

लखनऊ । फैजुल्लागंज के दाउदनगर क्षेत्र में बाढ़ प्रभावित परिवारों की मदद के लिए लखनऊ उत्तर के विधायक डॉ. नीरज बोरा के नेतृत्व में छठे दिन भी राहत अभियान जारी रहा। पुरनिया स्थित विधायक कार्यालय से राहत सामग्री टीम के माध्यम से प्रभावित क्षेत्रों के लिए रवाना की गई।

इस अवसर पर विधायक डॉ. नीरज बोरा ने कहा कि संकट की इस घड़ी में कोई भी प्रभावित परिवार स्वयं को अकेला महसूस न करे, यही हमारा संकल्प है। प्राकृतिक आपदा का सामना हम सभी को मिलकर करना है, और प्रभावित परिवारों तक हरसंभव सहायता पहुंचाने का प्रयास लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि राहत एवं बचाव अभियान तब तक जारी रहेगा, जब तक हर प्रभावित परिवार को आवश्यक खाद्य सामग्री एवं जरूरी सहायता उपलब्ध न हो जाए। टीम ने आज दाउदनगर के लोहरामऊ, गणेशविहार एवं विष्णु विहार में राशन सामग्री वितरण किया।

चिनहट और बीकेटी में आठ अवैध प्लाटिंग पर चला बुलडोजर



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। एलडीए ने बुधवार को चिनहट और बीकेटी क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग के खिलाफ कार्रवाई करते हुए करीब 45 बीघे में विकसित की जा रही आठ अवैध प्लाटिंग ध्वस्त कर दीं। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर प्रवर्तन जोन-1 और जोन-4 की टीमों ने बुलडोजर चलाया। प्रवर्तन जोन-1 के जोनल अधिकारी रवि नंदन सिंह के मुताबिक, चिनहट के ग्राम मेहोरा में करीब 35 बीघे में छह अवैध प्लाटिंग विकसित की जा रही थीं। यहां मोहन, राज, धर्मवीर, राजवीर, विजय कुमार, ओमप्रकाश व अन्य की ओर से बिना ले-आउट स्वीकृति के प्लाटिंग की जा रही थी। मामले में विहित न्यायालय से ध्वस्तीकरण के आदेश भी पारित हो चुके थे। वहीं, प्रवर्तन जोन-4 की टीम ने बीकेटी के ग्राम इंदौराबाग और ग्राम रामपुर देवरई में कार्रवाई की। यहां प्रज्जवल सिंह चौहान, कृष्ण कुमार अग्रवाल व अन्य की ओर से करीब 10 बीघे में विकसित की जा रही दो अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया।

बैंक ग्राहक सेवा केंद्र (बीसी) संचालकों पर लाखों रुपये के गबन का आरोप, ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से की शिकायत

❐ ग्रामीणों का आरोप है कि आरोपियों ने खातों में पैसे जमा कराने का झांसा देकर उनकी पासबुक अपने पास रख ली और पिछले लगभग एक सप्ताह से न तो पासबुक लौटाई और न ही राशि जमा की



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। जनपद के नकहा ब्लॉक क्षेत्र स्थित इण्डियन बैंक शाखा से संबद्ध बैंक ग्राहक सेवा केंद्र (बीसी पॉइंट) के संचालकों द्वारा दर्जनों खाताधारकों के खातों से लाखों रुपये की धोखाधड़ी और गबन करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित ग्रामीणों ने जिलाधिकारी लखीमपुर खीरी को प्रार्थना पत्र सौंपकर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने तथा गबन की गई धनराशि वापस दिलाने की मांग की है।

अंगूठा लगवाकर और पासबुक जमा कराकर धोखाधड़ी

जिलाधिकारी को दिए गए प्रार्थना पत्र में ग्राम डिंगरा (मजरा बेलवा डिगरा, कोतवाली लहरपुर, सीतापुर) के निवासियों ने बताया कि इण्डियन बैंक शाखा नकहा से संबद्ध बीसी संचालक अनूप कुमार, अनूप कुमार (द्वितीय), खुशबू यादव तथा बीसी सुपरवाइजर पंकज कुमार सिंह ने उन्हें बहला-फुसलाकर उनके अंगूठे लगवाए। ग्रामीणों का आरोप है कि आरोपियों ने खातों में पैसे जमा कराने का झांसा देकर उनकी पासबुक अपने पास रख ली और पिछले लगभग एक सप्ताह से न तो पासबुक लौटाई और न ही राशि जमा की। जब खाताधारकों ने अपने स्तर पर खातों की जांच कराई, तो पता चला कि धोखाधड़ी कर उनके खातों से लाखों रुपये पार कर दिए गए हैं।

प्रार्थना पत्र के साथ 22 खाताधारकों की सूची सौंपी गई है, जिनसे लाखों रुपये की धोखाधड़ी की बात सामने आई है। पीड़ितों में मुख्य रूप से शामिल हैं वे छविनाथ पुत्र गुरुचरन 4,01,000, राम सागर पुत्र भगौती प्रसाद 1,78,000, राम महाजन पुत्र शिवनन्दन 1,50,000, राज किशोर पुत्र रामासरे 1,24,000, राम नरेश पुत्र शिव नन्दन 1,17,000, गया प्रसाद पुत्र छविनाथ 57,000, प्रीती पुत्री राम प्रसाद 57,237, सुधारानी पत्नी सज्जन 51,000, सुखरानी पत्नी रामू 50,772, इसके अलावा अमरसिंह, आरती, खुशबू, जगदेई, शान्ती, सुमन, प्रेम, संतोषी, संदीप, सज्जन लाल, रामू, रीता देवी आदि अन्य ग्रामीणों के खातों से भी हजारों रुपये ऐंठ लिए गए हैं। दिनांक 06 अक्टूबर 2026 को सौंपे गए इस ज्ञापन में छविनाथ, राम महाजन, राम नरेश, अमर सिंह, राज किशोर, गया प्रसाद, आरती, खुशबू, प्रीती, रीता देवी, सुधारानी, सुमन देवी, सज्जन लाल, जगदेई, सुखरानी, संतोषा, शान्ती, रामू और राम सागर सहित सभी पीड़ितों ने अपने हस्ताक्षर व अंगूठे के निशान लगाकर न्याय की गुहार लगाई है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषी बीसी संचालकों व सुपरवाइजर पर सख्त कार्रवाई की जाए और गरीबों की गाढ़ी कमाई का पैसा वापस दिलाया जाए।

इफको द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र कटिया में 'क्षेत्र दिवस' आयोजित

❐ धान में नैनो उर्वरकों के उत्कृष्ट परिणामों से किसान हुए संतुष्ट



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। भारतीय कृषक उर्वरक सहकारी लिमिटेड (इफको) द्वारा आज कृषि विज्ञान केंद्र कटिया, सीतापुर में *किसान दिवस* कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को धान की फसल पर नैनो उर्वरकों के प्रयोग के प्रत्यक्ष परिणाम दिखाना था। कार्यक्रम में उपस्थित लगभग 80 प्रगतिशील किसानों ने नैनो उर्वरकों के प्रदर्शन का अवलोकन किया। रासायनिक उर्वरकों की मात्रा 50% तक घटाकर नैनो उर्वरकों के उपयोग से तैयार हुई धान की उत्कृष्ट फसल को देखकर किसान बेहद संतुष्ट नज़र आए।

कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. सचिन प्रताप तोमर मृदा वैज्ञानिक ने आए हुए सभी अतिथियों व किसानों का स्वागत करते हुए किया। उन्होंने लगाए गए प्रदर्शन के बारे में विस्तार से जानकारी दी और किसानों को रासायनिक उर्वरकों के स्थान पर नैनो उर्वरक, जैव उर्वरक, बायो-डिकॉम्पोज़र एवं हरी खाद जैसी आधुनिक और पर्यावरण-अनुकूल तकनीकों को अपनाने की सलाह दी। कृषि वैज्ञानिक डॉ. शिशिर कांत सिंह ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि जैव उर्वरक, हरी खाद और नैनो क्ष्ड से बीज या जड़ उपचार करके खेती करने पर निश्चित ही बेहतर उत्पादन मिलता है। उन्होंने बताया कि प्रक्षेत्र प्रदर्शन के दौरान इसके बेहद सकारात्मक परिणाम दर्ज किए गए हैं।

इफको सीतापुर के क्षेत्र अधिकारी सचिन प्रताप सिंह ने किसानों को संतुलित मात्रा में उर्वरक प्रयोग करने पर जोर दिया। उन्होंने जानकारी दी कि इफको द्वारा सीतापुर में निःशुल्क मिट्टी जांच अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने किसानों को मिट्टी के नमूने लेने की सही विधि समझाई और रासायनिक उर्वरकों का उपयोग आधा करके नैनो उर्वरकों को अपनाने का आह्वान किया। इफको के क्षेत्रीय प्रबंधक श्री सरबजीत वर्मा ने मृदा स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण पर बल दिया। उन्होंने कहा कि नैनो उर्वरक, गोबर की खाद और हरी खाद के प्रयोग से मिट्टी, जल और वायु प्रदूषण को रोका जा सकता है।

चालू खाते से 1.24 लाख रुपये निकले, न्याय के लिए दर-दर भटक रहा दवा व्यापारी

❐ एसबीआई मैलानी शाखा पर गंभीर आरोप, सीसी लिमिट के नाम पर हस्ताक्षर कराने के बाद खाते से रकम निकलने का दावा–30 दिन बाद भी कार्रवाई का इंतजार



कैनविज टाइम्स संवाददाता

मैलानी खीरी। भारतीय स्टेट बैंक की मैलानी शाखा में दवा व्यापारी के चालू खाते से 1.24 लाख रुपये निकलने का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। दवा व्यवसाई अरुण कुमार यादव ने बैंक शाखा के कर्मचारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए न्याय की मांग की है। व्यापारी का कहना है कि घटना के बाद से वह शारीरिक, मानसिक और आर्थिक परेशानी से जूझ रहा है, लेकिन शिकायत के बावजूद अब तक ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

व्यापारी के मुताबिक मामला 27 जुलाई 2026 का है। आरोप है कि आउटसोर्सिंग कर्मचारी जतिन वर्मा ने फोन कर उन्हें बताया कि शाखा प्रबंधक ने बुलाया है। व्यापारी जब बैंक पहुंचा तो कथित तौर पर उसे बताया गया कि सीसी लिमिट अकाउंट जारी रखने के लिए वाउचर पर हस्ताक्षर करने होंगे, ताकि खाता सही किया जा सके।

व्यापारी का आरोप है कि हस्ताक्षर कराने के बाद उसके चालू खाते से 1.24 लाख रुपये निकाल लिए गए। अरुण कुमार यादव ने मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक और जिलाधिकारी से भी की। न्याय नहीं मिलने पर व्यापारी ने सीएम पोर्टल और आरबीआई में भी प्रार्थना पत्र देकर अपनी शिकायत दर्ज कराई। मामले की जांच के लिए प्रमुख शाखा प्रबंधक लखीमपुर-खीरी अजरा तबस्सुम मैलानी शाखा पहुंचीं। व्यापारी के अनुसार जांच के बाद उन्हें उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। वहीं आरबीओ लखीमपुर-खीरी के निदांत श्रीवास्तव की ओर से भी कार्रवाई का भरोसा दिए जाने की बात व्यापारी ने कही है। व्यापारी अरुण कुमार यादव का आरोप है कि जब वह अपनी शिकायत लेकर मैलानी शाखा प्रबंधक प्रेम कुमार यादव के पास पहुंचे तो उनके साथ कथित तौर पर अभद्र व्यवहार किया गया और संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। व्यापारी का कहना है कि शिकायत दर्ज कराए 30 दिन से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन अभी तक उसे न्याय नहीं मिला है। उनका आरोप है कि शाखा प्रबंधक द्वारा उनके रिश्तेदारों को फोन कर उन पर दबाव बनाने की कोशिश भी की जा रही है। मामले में मैलानी थाना प्रभारी और सीओ गोला का कहना है कि प्रकरण की जांच चल रही है और जल्द ही निस्तारण होने की संभावना है।

वहीं जब इस संबंध में बैंक के शाखा प्रबंधक प्रेम कुमार यादव से उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया तो उन्होंने मीडिया को फिलहाल कोई जानकारी देने से इनकार कर दिया। अब बड़ा सवाल–व्यापारी के 1.24 लाख रुपये आखिर कैसे निकले? पूरे मामले में सबसे बड़ा सवाल यही है कि सीसी लिमिट जारी रखने के नाम पर कराए गए हस्ताक्षर के बाद व्यापारी के खाते से 1.24 लाख रुपये किस प्रक्रिया के तहत निकले? रकम किसके माध्यम से निकाली गई, वाउचर पर किसके हस्ताक्षर हैं और बैंक के रिकॉर्ड में इस लेनदेन का क्या विवरण दर्ज है–इन सवालों के जवाब जांच के बाद ही साफ होंगे।

फिलहाल व्यापारी बैंक, पुलिस और प्रशासन के चक्कर काट रहा है और अपने पैसे की वापसी के साथ न्याय की मांग कर रहा है। अब देखना यह है कि जांच के बाद जिम्मेदारी तय होती है या मामला शिकायतों और आश्वासनों के बीच ही उलझा रहता है।

बैंक का जनरेटर चला रहा बीएसएनएल टावर, 15 दिन से नेटवर्क गायब

❐ नेटवर्क बाधित होने से बैंकिंग कार्य ठप, उपभोक्ता और व्यापारी परेशान



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिसवां, सीतापुर । क्षेत्र में करीब 15 दिनों से मोबाइल नेटवर्क की समस्या ने बैंकिंग समेत ऑनलाइन होने वाले तमाम कार्यों को प्रभावित कर दिया है। बिजली आपूर्ति बाधित रहने के कारण जहांगीराबाद के मोबाइल टावरों की बैटरियां चार्ज नहीं हो पा रही हैं। हालात यह हैं कि पंजाब नेशनल बैंक को अपने ग्राहकों का काम निपटाने के लिए बैंक के जेनरेटर से बीएसएनएल टावर की बैटरियां चार्ज करानी पड़ रही हैं। इसके बाद ही कुछ समय के लिए बैंकिंग सेवाएं संचालित हो पा रही हैं।

जहांगीराबाद में पंजाब नेशनल बैंक, उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक और जिला सहकारी बैंक की शाखाएं हैं। इसके अलावा कई बीसी प्वाइंट और एटीएम बूथ सहित कई प्लाईवुड फैक्ट्री भी संचालित हैं। नेटवर्क बाधित होने से इन सेवाओं पर सबसे अधिक असर पड़ रहा है। व्यापारी, विद्यार्थी और आम उपभोक्ता भी ऑनलाइन लेनदेन, भुगतान और अन्य जरूरी कार्यों के लिए परेशान हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार जहांगीराबाद स्थित बीएसएनएल टावर की स्थिति बेहद खराब है। बिजली रहने पर ही टावर से नेटवर्क मिलता है और बिजली जाते ही नेटवर्क गायब हो जाता है। टावर की बैटरियां चार्ज करने के लिए जनरेटर की व्यवस्था भी नियमित रूप से नहीं हो पा रही है। बीएसएनएल टावर ऑपरेटर कृष्णाकांत यादव ने बताया कि बिजली न होने पर टावर की बैटरियां चार्ज करने की अन्य कोई व्यवस्था नहीं है। पंजाब नेशनल बैंक के शाखा प्रबंधक कुलदीप कुमार यादव ने बताया कि करीब 15 दिनों से नेटवर्क बाधित है। बीएसएनएल अधिकारियों से संपर्क नहीं हो पा रहा है। ग्राहकों की परेशानी को देखते हुए मजबूरी में बैंक के जेनरेटर से टावर की बैटरियां चार्ज करानी पड़ती हैं। इसके बाद ही बैंक का कुछ काम हो पाता है।एसडीओ बीएसएनएल बिसवां अवनीश पाल से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका फोन व्यस्त बताता रहा।

किसानों के धरने में पहुंचे भाजपा नेता रवि गुप्ता बोले,हक की लड़ाई में किसानों के साथ खड़ा हूं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पलियाकला खीरी। किसानों की समस्याओं को लेकर चल रहे धरने के बीच उस समय माहौल गरमा गया, जब भाजपा नेता रवि गुप्ता धरना स्थल पर पहुंचे और किसानों के बीच बैठकर उनके आंदोलन को अपना समर्थन दिया।



रवि गुप्ता ने किसानों के साथ बैठकर उनकी समस्याएं सुनीं और कहा कि पलिया क्षेत्र का प्रत्येक व्यक्ति, व्यापारी और आम जनमानस किसानों के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि जंगली जानवरों और बाढ़ की समस्या ने क्षेत्र के किसानों की कमर तोड़ दी है। लगातार फसल नुकसान से किसान परेशान हैं, वहीं इसका असर व्यापारियों और पूरे क्षेत्र की अर्थव्यवस्था पर भी पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि कभी ल्लसोने की चिड़ियाङ्क और ल्लमिनी पंजाबङ्क के नाम से पहचान रखने वाला पलिया क्षेत्र आज बदहाली के दौर से गुजर रहा है। किसानों की फसलें बर्बाद हो रही हैं, जंगली जानवरों का आतंक बना हुआ है और बाढ़ की समस्या से आम जनजीवन प्रभावित है। रवि गुप्ता ने दो टूक कहा कि किसानों को उनका हक दिलाने के लिए हर स्तर पर आवाज उठाई जाएगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि किसानों की समस्याओं के साथ-साथ क्षेत्र की अन्य गंभीर समस्याओं का भी स्थायी समाधान कराने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ी तो किसानों के हक के लिए भूख हड़ताल तक की जाएगी। उनका कहना था कि यह लड़ाई सिर्फ किसानों की नहीं, बल्कि पूरे पलिया क्षेत्र के सम्मान, अधिकार और भविष्य की लड़ाई है। धरना स्थल से भाजपा नेता रवि गुप्ता की हुंकार ने किसानों के आंदोलन को नया समर्थन दे दिया है। अब देखना होगा कि किसानों की मांगों पर प्रशासन की ओर से क्या कदम उठाया जाता है।

उल्ल नदी के बढ़े जलस्तर से सुआगाड़ा-बनवारीपुर मार्ग पर जलभराव, मौके पर पहुंचे डीएम

❐ स्थानीय लोगों से जानी स्थिति, अधिकारियों को जलभराव और आवागमन पर लगातार नजर रखने के निर्देश



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। उल्ल नदी में बढ़े जलस्तर का असर शहर से सटे सुआगाड़ा से बनवारीपुर जाने वाले सड़क मार्ग पर भी दिखाई दे रहा है। नदी का जलस्तर बढ़ने से सड़क के कुछ हिस्सों में जलभराव की स्थिति बनी हुई है, जिससे राहगीरों और स्थानीय लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आमजन की समस्या को देखते हुए डीएम अंजनी कुमार सिंह बुधवार को संबंधित अधिकारियों की टीम संग मौके पर पहुंचे और जलभराव की स्थिति का स्थलीय निरीक्षण किया।

डीएम ने मौके पर सड़क मार्ग की स्थिति देखी और वहां मौजूद स्थानीय निवासियों से सीधे संवाद कर जलभराव की स्थिति के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने लोगों से पिछले वर्षों में जलभराव की स्थिति तथा इस वर्ष नदी का जलस्तर बढ़ने के बाद उत्पन्न परिस्थितियों के बारे में विस्तार से पूछा। स्थानीय निवासियों ने बताया कि वर्तमान में पानी का स्तर धीरे-धीरे कम हो रहा है। डीएम ने संबंधित अधिकारियों से जलस्तर और सड़क पर जलभराव की स्थिति पर लगातार नजर बनाए रखने को कहा। उन्होंने निर्देश दिए कि आमजन के आवागमन में किसी प्रकार की अनावश्यक परेशानी न हो, इसके लिए स्थिति के अनुरूप आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित रखी जाएं। साथ ही स्थानीय स्तर पर उत्पन्न होने वाली किसी भी समस्या की तत्काल जानकारी लेकर उसका समुचित समाधान कराया जाए। डीएम ने अधिकारियों के साथ मौके पर स्थिति का जायजा लेते हुए जलभराव कम होने की स्थिति और सड़क मार्ग पर आवागमन की स्थिति की जानकारी भी ली। निरीक्षण के दौरान लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता केके झा, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत रवींद्र कुमार गुप्ता, अवर अभियंता जिला पंचायत सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

बाढ़ प्रभावित कच्ची ढाल में नव ज्योति सेवा संस्थान ने पहुंचाई राहत



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। गोमती नदी के बढ़ते जलस्तर के कारण फैजुल्लागंज क्षेत्र के कई इलाके बाढ़ की चपेट में हैं। बाढ़ प्रभावित परिवारों तक राहत पहुंचाने के लिए नव ज्योति सेवा संस्थान की टीम ने कच्ची ढाल क्षेत्र में पहुंचकर जरूरतमंद लोगों को राहत सामग्री वितरित की। संस्थान के अध्यक्ष अमन कटियार और उपाध्यक्ष पूजा अवस्थी के नेतृत्व में टीम के सदस्य अंश अवस्थी, अदिति अवस्थी और प्रांजल अवस्थी बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में पहुंचे। बताया गया कि कच्ची ढाल क्षेत्र में उस समय तक प्रशासन की राहत टीम नहीं पहुंच पाई थी। ऐसे में संस्था की टीम ने मौके पर पहुंचकर प्रभावित परिवारों की मदद की। टीम ने बाढ़ प्रभावित लोगों को पीने के पानी की बोतलें, खाद्य सामग्री, सैनिटरी पैड और छोटे बच्चों के लिए डायपर उपलब्ध कराए। राहत सामग्री मिलने से प्रभावित परिवारों को काफी सहारा मिला। संस्था के पदाधिकारियों ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में जरूरतमंद लोगों तक आवश्यक सामग्री पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्थिति सामान्य होने तक संस्था अपनी क्षमता के अनुसार लोगों की मदद के लिए प्रयास करती रहेगी। स्थानीय लोगों ने भी नव ज्योति सेवा संस्थान की टीम द्वारा कठिन परिस्थितियों में मौके पर पहुंचकर सहायता उपलब्ध कराने की पहल की सराहना की।

नाबालिग बालिका से छेड़छाड़ करने का आरोपी गिरफ्तार

शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना सदर बाजार पुलिस ने नाबालिग बालिका से छेड़छाड़ करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। मंगलवार को एक महिला ने थाना सदर बाजार पुलिस को तहरीर देकर बताया कि इसी थाना क्षेत्र के मोहल्ला ककरा कलां निवासी सत्यपाल उर्फ आरा ने उसकी नाबालिग पुत्री के साथ गंदी नीयत से छेड़छाड़ की और जब उसने छेड़छाड़ का विरोध किया, तो आरोपी सत्यपाल ने गाली-गलौज करते हुए उसकी नाबालिग पुत्री का गला पकड़कर जान से मारने का प्रयास किया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी सत्यपाल के खिलाफ छेड़छाड़ और पाक्सो एक्ट समेत अन्य संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की। आज थाना सदर बाजार पुलिस को मुखबिर से मिली कि उक्त अभियोग का वांछित अभियुक्त सत्यपाल उर्फ आरा डम्पिंग यार्ड ककरा कलां के पास खड़ा है तथा कहीं जाने की फिराक में है। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम मौके पर पहुंची और डम्पिंग यार्ड ककरा कलां के पास से अभियुक्त सत्यपाल को पकड़ लिया। पकड़े गए अभियुक्त पर पूर्व में भी थाना सदर बाजार में चोरी आदि का मुकदमा दर्ज है। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से न्यायिक अभिरक्षा में उसे जेल भेज दिया गया। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना सदर बाजार के उपनिरीक्षक अक्षय पंवार के साथ कांस्टेबल दीपक कुमार और विशांत मौजूद रहे।

प्लाट पर कब्जे को लेकर फायरिंग, आरोपी तमंचा समेत गिरफ्तार

शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना कोतवाली पुलिस ने प्लाट पर कब्जेदारी को लेकर हवाई फायर करने के आरोपी को देशी तमंचा समेत गिरफ्तार किया। सोमवार को थाना कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नवादा इंदेपुर निवासी पप्पू पुत्र शंकर लाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि थाना खुदागंज क्षेत्र के गांव खिरिया निवासी महेश पुत्र जागेश्वर, जोकि हाल में थाना कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला अजीजगंज में रह रहा है। बताया कि प्लाट पर कब्जेदारी को लेकर पप्पू ने उसे गालियां दी और धमकाने के उद्देश्य से हवाई फायर किया। साथ ही जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी महेश के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की। इसी क्रम में बीती शाम कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त महेश को आवास विकास कॉलोनी में कांशीराम कॉलोनी के पीछे वाले रस्ते से गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से पुलिस ने देशी तमंचा और कारतूस बरामद किया। पुलिस ने अभियुक्त महेश के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई करते न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से न्यायिक अभिरक्षा में उसे जेल भेज दिया गया। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना सदर बाजार के उपनिरीक्षक सुशांत रावत के साथ कांस्टेबल रोहित कुमार मौजूद रहे।

चोरी की मोटर साइकिल के साथ बाइक मिस्त्री गिरफ्तार

शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना कोतवाली पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक बाइक मिस्त्री को गिरफ्तार किया। मंगलवार को थाना कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला महमंदशाह निवासी मोहम्मद मुकीम ने पुलिस को तहरीर दी कि सोमवार को वो मोहल्ला बकसरियां गया था, वहां किसी अज्ञात ने उसकी मोटरसाइकिल चोरी कर ली। पुलिस ने मुकीम की तहरीर पर संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की। इसी क्रम में बीती रात थाना कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि उक्त चोरी की गई मोटरसाइकिल के साथ एक व्यक्ति मोहल्ला अजीजगंज स्थित ककरा पुल के पास खड़ा है। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम मौके पर पहुंची और ककरा पुल के पास से एक व्यक्ति को उक्त चोरी की मोटर साइकिल समेत गिरफ्तार किया। पुलिस पूछताछ में उस व्यक्ति ने अपना नाम इब्बन पुत्र पुत्तन निवासी मोहल्ला बंगस थाना कोतवाली बताया। बताया कि वह मोटरसाइकिल मिस्त्री है और उसी ने मोहल्ला बकसरियां से मोटर साइकिल चोरी की थी। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

मूसलाधार बारिश और ओलावृष्टि से किसानों की फसलें चौपट, चेहरे पर छाई मायूसी

❐ धान की पैदावार में भारी गिरावट का दावा, तेज हवाओं ने पेड़ और बिजली के पोल उखाड़े–किसानों ने मुआवजे की मांग उठाई



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पिपरिया धनी, खीरी। रेहरिया क्षेत्र में बुधवार करीब 11 बजे अचानक हुई मूसलाधार बारिश और तेज हवाओं ने किसानों की चिंता बढ़ा दी। बारिश के साथ कई स्थानों पर ओले गिरने से धान की तैयार फसल को भारी नुकसान पहुंचने का दावा किया गया है। तेज हवाओं के चलते कई पेड़ जड़ से उखड़ गए, जबकि बिजली के पोल गिरने से कई गांवों में विद्युत आपूर्ति भी प्रभावित हो गई।

ग्राम प्रधान बंजारिया गुरूपाल सिंह ने बताया कि तेज हवाओं और बारिश के कारण खेतों में तैयार धान की फसल प्रभावित हुई है। उनका कहना है कि धान की पैदावार में काफी गिरावट आने की आशंका है। वहीं ग्राम प्रधान कोरिगवां अमरजीत सिंह उर्फ लाड़ी ने बताया कि सामान्य परिस्थितियों में किसान एक एकड़ में करीब 25 से 30 क्विंटल तक धान प्राप्त कर लेते थे, लेकिन इस बार बारिश और फसल को हुए नुकसान के कारण पैदावार घटकर करीब 15 से 18 क्विंटल तक रहने की बात सामने आ रही है। इससे किसानों के लिए खेती की लागत निकालना भी मुश्किल हो रहा है। ग्राम पंचायत साहबगंज के प्रधान सुदेश कुमार ने बताया कि धान की फसल पहले से ही विभिन्न रोगों की चपेट में थी। किसानों ने फसल बचाने के लिए कई बार दवाओं का छिड़काव किया, लेकिन समस्या पूरी तरह दूर नहीं हो सकी। अब बारिश और तेज हवाओं ने किसानों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। बताया गया कि दिस्तापुर, शिवपुरी, नंदापुर, हिम्मतपुर, मौठीखेड़ा, पिपरिया धनी, रामनगर, वीरपुर, पड़रिया, रामालक्षना, परासन, लखा, पिपरिया कप्तान, मूड़ा गालिब, पर्वतनगर, मूड़ा निजाम, रायपुर, मन्नापुर, बरखेड़ा, करौंदा साहबगंज, रेहरिया, सुभाषनगर, देवरिया और दुल्हापुर समेत आसपास के कई गांवों में बारिश और तेज हवाओं से धान व गन्ने की फसलों को नुकसान पहुंचने की बात कही जा रही है। अचानक हुई बारिश और ओलावृष्टि से किसानों के सामने तैयार फसल बचाने का संकट खड़ा हो गया है। किसानों ने प्रशासन से क्षेत्र में फसलों का स्थलीय सर्वे कराकर नुकसान का आकलन कराने और पात्र किसानों को उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है।

सेवा संकल्प अभियान के तहत निकाली ज्योति कलश यात्रा, विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। सेवा संकल्प अभियान के तहत भाजपा महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता की अध्यक्षता में बुधवार को खिरनीबाग रामलीला मैदान में विकसित भारत संकल्प सभा- सेवा ज्योति यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 साल-जनसेवा से राष्ट्रसेवा के सेवा संकल्प के तहत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं शाहजहांपुर महानगर जिला प्रभारी दुर्विजय सिंह ने कहा कि सेवा ज्योति यात्रा का उद्देश्य केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम पंक्ति तक पहुंचाना और विकसित भारत 2047 के सपने को साकार करना है। इस दौरान एलईडी स्क्रीन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन का सजीव प्रसारण देखा और सुना गया। इसके बाद ज्योति कलश को रथ में रखकर खिरनीबाग मैदान से शहीद उद्यान तक पदयात्रा निकाली गई और जनसमूह ने विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया और सेवा ज्योति यात्रा को आगे बढ़ाया। कार्यक्रम में लोकसभा सांसद अरुण कुमार सागर, राज्यसभा सांसद मिथलेश कुमार कठेरिया, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष डीपीएस राठौर, भाजपा जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा, ददरौल विधायक अरविंद सिंह, जलालाबाद विधायक हरिप्रकाश वर्मा, कटरा विधायक वीर विक्रम सिंह प्रिंस, तिलहर विधायक सलोना कुशवाहा, जिला प्रभारी राजीव सिंह, अरुण कुमार गुप्ता, कार्यक्रम संयोजक वैभव खन्ना, सौरभ सोमवंशी, प्रशांत सक्सेना, सदर मंडल अध्यक्ष संजीव सक्सेना सहित महानगर एवं जिला के सभी मंडल अध्यक्ष, मोर्चा अध्यक्ष आदि पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



विकसित भारत संकल्प यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

❐ इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उद्बोधन का सजीव प्रसारण किया गया।

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूँ। 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चल रहे सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत बुधवार को हाफिज सिद्दीक इस्लामिया इंटर कॉलेज में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद की सभी विधानसभाओं से विधायकगण, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और समर्थक शामिल हुए।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उद्बोधन का सजीव प्रसारण किया गया। जनप्रतिनिधियों के उद्बोधन के उपरांत विकसित भारत संकल्प यात्रा हाफिज सिद्दीक इस्लामिया इंटर कॉलेज से प्रारम्भ होकर महाराणा प्रताप चौक, भगवान परशुराम चौक, रोडवेज, भामाशाह चौक, जेल तिराहा होते हुए वापस हाफिज सिद्दीक इस्लामिया इंटर कॉलेज पर सम्पन्न हुई। कार्यक्रम में रंगकर्मियों द्वारा नाटक का भी मंचन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), वन, पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उत्तर प्रदेश एवं जनपद के प्रभारी मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने कहा कि आज ही के दिन प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 25 वर्ष पूर्व गुजरात के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में गुजरात को विकास का मॉडल बनाने का प्रयास किया गया और प्रधानमंत्री बनने के बाद विश्व स्तर पर भारत की नई पहचान स्थापित हुई है। आज विश्व में भारत और भारतीयों का सम्मान बढ़ा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने रक्षा और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अपनी ताकत बढ़ाई है। देश विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। गांव-गांव सड़कों का निर्माण हुआ है और व्यवस्थाओं में व्यापक सुधार आया है। मा0 मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में अपराध पर प्रभावी अंकुश लगा है और सभी त्योहारों को उत्साह एवं सौहार्द के साथ मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब विकसित, प्रगतिशील और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का संकल्प लेना है। एक जनपद एक उत्पाद (ओडीओपी) को बढ़ावा देने के साथ ही युवाओं को रोजगार मांगने वाला नहीं, बल्कि रोजगार देने वाला बनाने की दिशा में कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से गरीबों एवं जरूरतमंदों को निरंतर लाभ पहुंचाया जा रहा है। केंद्रीय राज्य मंत्री, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता बी.एल. वर्मा ने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 25 वर्षों के निरंतर सार्वजनिक जीवन और सेवा के हम सभी साक्षी हैं। उन्होंने कहा कि 07 अक्टूबर को ही श्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी और गुजरात को विकास के मॉडल के रूप में देश के सामने प्रस्तुत किया। उनके सामने अनेक चुनौतियां थीं, जिनमें भ्रष्टाचार भी प्रमुख था, जिसपर बहुत ज्यादा अंकुश लगाया गया। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पिछले वर्षों में प्रत्येक वर्ग के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं संचालित की गई हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने दुनिया में भारत का नाम और सम्मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि यह अवसर प्रधानमंत्री के सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण के संकल्प से प्रेरणा लेने का है। प्रधानमंत्री ने 140 करोड़ देशवासियों को अपना परिवार माना है और उनका मानना है कि जब देश का प्रत्येक नागरिक एक कदम आगे बढ़ता है तो भारत 140 करोड़ कदम आगे बढ़ता है। उन्होंने कार्यक्रम में पहुंचे सभी जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों एवं नागरिकों का आभार व्यक्त किया।

भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण की निरंतर यात्रा के प्रतीक हैं। 07 अक्टूबर का दिन विशेष महत्व रखता है, क्योंकि इसी दिन प्रधानमंत्री ने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में जनसेवा की यात्रा शुरू की थी। सेवा संकल्प अभियान इसी सेवा भावना को जन-जन तक पहुंचाने और नागरिकों को विकसित भारत के संकल्प से जोड़ने का माध्यम है।

एमडीआर शुल्क लगाना व्यापारियों के साथ धोखा: जिलाध्यक्ष

❐ व्यापारियों के शिष्ट मंडल ने प्रधानमंत्री को संबोधित मांगपत्र जिलाधिकारी बदायूं के माध्यम से प्रदर्शन करते हुए एसडीएम न्यायायिक सुरेंद्र कुमार को प्रेषित किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूँ। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश के प्रांतीय आह्वान पर 15 अक्टूबर से ?2000 से अधिक मर्चेंट व्यापारियों पर यूपीआई ट्रांजैक्शन पर .04% एमडीआर चार्ज देने के आदेश के विरोध में जिलाध्यक्ष नवनीत गुप्ता शोंटू के नेतृत्व व्यापारियों के शिष्ट मंडल ने प्रधानमंत्री को संबोधित मांगपत्र जिलाधिकारी बदायूं के माध्यम से प्रदर्शन करते हुए एसडीएम न्यायायिक सुरेंद्र कुमार को प्रेषित किया। जिलाध्यक्ष नवनीत गुप्ता शोंटू ने मांगपत्र के अनुसार प्रधानमंत्री से अनुरोध करते हुए कहा कि व्यापारी पर पहले ही अनेकों प्रकार के कर लगाए गए हैं मर्चेंट व्यापारियों पर यूपीआई पर ट्रांजैक्शन एमडीआरशुल्क लगाए जाने से व्यापार की गति कम होगी जिससे बाजार में मंदी क्या एक नया दौर आरंभ होगा तथा सरकार को भी राजस्व की हानि होगी साथ ही नकदी लेनदेन की बढ़ावा मिलेगा जिलाध्यक्ष ने व्यापार हित में मर्चेंट यूपीआई ट्रांजैक्शन पर लगाए जा रहे एमडीआर शुल्क वापस लिए जाने के आदेश पारित करने की मांग की प्रदेश मंत्री अवधेश वर्मा ने कहा कि देश के व्यापारियों ने प्रधानमंत्री के डिजिटल इंडिया और कैशलेस इकोनॉमी के सपने को साकार करने के लिए दिन-रात मेहनत की है। गली-कूचे के छोटे से छोटे दुकानदार ने भी बिना किसी झिझक के यूपीआई को अपनाया है किंतु एमडीआर शुल्क लगने से हो सकता है कि लोग नकदी लेन देन पर वापिस आ जाए।

जिला महामंत्री हाजी राशिद सैफी ने कहा कि जब देश का व्यापार पूरी तरह डिजिटल लेनदेन पर निर्भर हो चुका है, तब सरकार द्वारा इस पर एमडीआर शुल्क लगाने का विचार करना व्यापारियों के साथ एक बड़ा धोखा है व्यापारी समाज इसका पूर्ण बहिष्कार करेगा। जिला उपाध्यक्ष रूपेंद्र सिंह लाम्बा ने कहा कि यूपीआई पर किसी भी प्रकार का कर लगाने से न केवल व्यापार जगत प्रभावित होगा, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था फिर से नकदी (कैश) लेनदेन की तरफ लौट जाएगी। नगर महामंत्री संजय रस्तोगी ने सरकार से मांग की है कि डिजिटल लेनदेन को पूरी तरह से मुफ्त और सुरक्षित बनाए रखा जाए, ताकि छोटे व्यापारियों का उत्पीड़न रुक सके और देश का आर्थिक ढांचा सुदृढ़ बना रहे। शिष्ट मंडल में जिला महामंत्री हाजी राशिद सैफी,जिला उपाध्यक्ष रूपेंद्र सिंह लाम्बा,दीपक वर्मा , विनय गुप्ता , नगर चेयरमैन दिनेश गुप्ता ,नगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता , नगर महामंत्री संजय रस्तोगी, कुलदीप वैश्य सुरेंद्र नानक जिलाध्यक्ष उद्योग मंच सर्वेश गुप्ता आदि व्यापारी मौजूद रहे।

मतदान के लिए मतदाता फोटो पहचान पत्र अथवा वैकल्पिक दस्तावेज जरूरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी महेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने समस्त संबंधित मतदाताओं से अपील की है कि मतदान के समय निर्धारित पहचान दस्तावेज साथ लेकर आएं, जिससे मतदान प्रक्रिया सुचारु एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न हो सके।

उन्होंने सूचित किया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उत्तर प्रदेश विधान परिषद के बरेली-मुरादाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 के लिए 23 अक्टूबर 2026 को मतदान कराया जाएगा। मतदान में प्रतिरूपण को रोकने के दृष्टिगत ऐसे मतदाता, जिन्हें मतदाता फोटो पहचान पत्र जारी किया गया है, उन्हें मतदान से पूर्व अपनी पहचान सिद्ध करने के लिए मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा। ऐसे निर्वाचक जो अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, वे अपनी पहचान स्थापित करने के लिए आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, राज्य/केन्द्र सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्थानीय निकायों अथवा अन्य निजी औद्योगिक घरानों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी सेवा पहचान-पत्र, सांसदों, विधायकों एवं पार्षदों को जारी सरकारी पहचान-पत्र, संबंधित शिक्षक क्षेत्र के निर्वाचक को नियोजित करने वाले शैक्षिक संस्थान द्वारा जारी सेवा पहचान-पत्र, विश्वविद्यालय द्वारा जारी डिग्री/डिप्लोमा का मूल प्रमाण-पत्र, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी दिव्यांगता संबंधी मूल प्रमाण-पत्र अथवा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड में से कोई एक दस्तावेज प्रस्तुत कर सकते हैं।

आंगन मिलन समारोह में गर्भवती महिलाओं और बच्चों के पोषण को लेकर किया जागरूक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बिसौली। ग्राम पंचायत मदनमुंडी में उत्तर प्रदेश सरकार के बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग की ओर से संचालित 'सेवा संकल्प आंगनवाड़ी अभियान' के तहत बुधवार को हर्षोल्लास के साथ 'आंगन मिलन समारोह' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से संचालित योजनाओं को लेकर जागरूक किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सीडीपीओ बिसौली अल्पना जोहरी रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में पार्वती देवी, सुपरवाइजर कृष्णा गुप्ता, भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष तथा प्रवेश सिन्हा समेत अन्य अतिथि मौजूद रहे।आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कुमारी जौली ने अतिथियों का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद उपस्थित अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। समारोह के दौरान गोद भराई कार्यक्रम भी आयोजित हुआ। इस अवसर पर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। साथ ही आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं और सेवाओं के प्रति लोगों को जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में ग्राम खजुरिया, पनौड़ी, परसेरा, बसई, कमालपुर, कालपुर, अगथरा और बरखेडा सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं उपस्थित रहीं। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं शशिकला, कुमारी जौली, मीना देवी, गंगा देवी, भगवान देवी तथा सहायिका रंजना भारती ने कार्यक्रम में सहयोग किया।

आयोजकों ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य आंगनवाड़ी सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाना, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य तथा पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाना है। समारोह उत्साहपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

सेवा संकल्प अभियान के तहत महिला कल्याण विभाग ने जागरूकता एवं स्वावलंबन कैंप का किया आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। सेवा संकल्प एवं सेवा सेतु अभियान के अंतर्गत बुधवार को राजकीय इंटर कॉलेज जगत में जागरूकता कार्यक्रम एवं स्वावलंबन कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में महिलाओं, बालिकाओं व जनमानस को शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वूमेन से डिस्ट्रिक्ट मिशन कोऑर्डिनेटर छवि वैश्य ने महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं एवं हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा की सरकार की योजनाओं का उद्देश्य जरूरतमंद महिलाओं और बच्चों को सामाजिक एवं आर्थिक रूप से मजबूत बनाना है। पात्र लाभार्थी जागरूक होकर योजनाओं का लाभ उठाएं , किसी भी समस्या या आवश्यकता की स्थिति में 112, 1090, 181, 1098, 1076, 1930 आदि हेल्पलाइन का उपयोग करने की अपील की। बालिकाओं को दहेज प्रथा घरेलू हिंसा पीसी पीएनडीटी एक्ट मेंस्ट्रुएशन से संबंधित धारा वी एक्ट की जानकारी दी गई। जेंडर स्पेशलिस्ट प्रीति चौहान ने निराश्रित महिला पेंशन, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना सहित अन्य योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए जरूरी दस्तावेज, पात्रता एवं आवेदन प्रक्रिया के बारे में बताया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री सुनीत कुमार व समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

कागजों में चल रहे अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र, जमीन पर वीरान पड़े भवन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



संग्रामपुर, अमेठी। स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए संग्रामपुर क्षेत्र में बनाए गए अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र (कूड़ा घर) बदहाली का शिकार हो गए हैं। कई केंद्रों की दीवारें क्षतिग्रस्त होने लगी हैं, जबकि कुछ स्थानों पर निर्माण कार्य अभी तक अधूरा पड़ा है। अधिकांश केंद्र जंगली झाड़ियों से घिर गए हैं, जिससे उनका अस्तित्व तक छिपता जा रहा है।

ग्रामीणों का आरोप है कि करोड़ों रुपये की लागत से बनाए गए कई अपशिष्ट प्रबंधन केंद्रों में निर्माण पूरा होने के बाद आज तक नियमित रूप से कूड़ा संग्रहण नहीं किया गया। केंद्रों का संचालन न होने से वे केवल कागजी उपलब्धि बनकर रह गए हैं। रखरखाव के अभाव में भवनों की स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस संबंध में कई बार शिकायतें की गईं और समाचार पत्रों में भी खबरें प्रकाशित हुईं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों ने कोई ठोस पहल नहीं की। इससे स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्थापित इन केंद्रों का उद्देश्य अधूरा रह गया है और ग्रामीण क्षेत्रों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था प्रभावी नहीं हो पा रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से अपशिष्ट प्रबंधन केंद्रों की वास्तविक स्थिति की जांच कर उन्हें जल्द संचालित कराने की मांग की है। साथ ही निर्माण और रखरखाव में बरती गई लापरवाही की जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की भी मांग उठाई है। उनका कहना है कि समय रहते सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए तो इन केंद्रों पर खर्च की गई सरकारी धनराशि व्यर्थ साबित हो जाएगी।

श्राद्ध कर्म पितरों के प्रति श्रद्धा और कृतज्ञता का प्रतीक : इंद्रदेव शर्मा

अमेठी। गायत्री शक्तिपीठ अमेठी में पितृपक्ष के दौरान चल रहे श्राद्ध-तर्पण कार्यक्रम के तहत बुधवार को श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से अपने पितरों का तर्पण कर यज्ञ में आहुति दी। इस अवसर पर परिव्राजक इंद्रदेव शर्मा ने कहा कि श्राद्ध और तर्पण केवल कर्मकांड नहीं, बल्कि पितरों के प्रति श्रद्धा, कृतज्ञता और सद्भावना व्यक्त करने का माध्यम हैं। उन्होंने बताया कि तर्पण और पिंडदान के जरिए व्यक्त की गई श्रद्धा की भावना पितरों तक पहुंचती है और साधक के भीतर दया, उदारता तथा सद्भाव जैसे संस्कार विकसित होते हैं। उन्होंने कहा कि विचार और कर्म के समन्वय से श्रेष्ठ संस्कार बनते हैं, जो व्यक्ति के जीवन को सकारात्मक दिशा देते हैं और आत्मिक उन्नति में सहायक होते हैं। कार्यक्रम में डॉ. धनंजय सिंह, सुनील कुमार श्रीवास्तव, रविंद्र कुमार सिंह, विमला शुक्ला, रजनी सिंह, ओजस्वी शुक्ला, दिनेश सिंह सहित अन्य श्रद्धालुओं ने श्राद्ध-तर्पण कर यज्ञ में सहभागिता की।

कांग्रेस की मासिक बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रणनीति पर मंथन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गौरीगंज, अमेठी। कांग्रेस कार्यालय गौरीगंज स्थित राजीव गांधी सभागार में बुधवार को पार्टी की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन की गतिविधियों की समीक्षा करते हुए आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों एवं उनके सफल आयोजन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने की। उन्होंने पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

बैठक में आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही विभिन्न जिम्मेदारियों का निर्धारण कर कार्यकर्ताओं से कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए समन्वय के साथ कार्य करने की अपील की गई। इस अवसर पर अरविंद चतुर्वेदी, धर्मेंद्र शुक्ला, सूर्यभान तिवारी, विजय पासी, देवमणि तिवारी, अनिल सिंह, बृजेश मिश्रा सहित पार्टी के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

प्रदर्शन के दौरान सपा महिला जिलाध्यक्ष ने अभद्रता का लगाया आरोप



गौरीगंज,अमेठी, कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला मुख्यालय गौरीगंज स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय के सामने प्रदर्शन के दौरान सपा महिला सभा की जिलाध्यक्ष गुंजन सिंह ने कुछ भाजपा कार्यकर्ताओं पर अभद्रता करने तथा उनके कपड़े फाड़ने का आरोप लगाया है। घटना के बाद जिले की राजनीति में बयानबाजी तेज हो गई है। गुंजन सिंह ने कहा कि प्रदर्शन के दौरान कुछ लोगों ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया और धक्का-मुक्की की। उनका आरोप है कि इस दौरान उनके कपड़े भी फट गए। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। घटना को लेकर समाजवादी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कड़ी नाराजगी जताई है। पार्टी पदाधिकारियों का कहना है कि लोकतांत्रिक तरीके से विरोध-प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओं के साथ ऐसा व्यवहार स्वीकार्य नहीं है। वहीं, भाजपा की ओर से आरोपों पर प्रतिक्रिया सामने आने का इंतजार है। मामले को लेकर राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है। प्रशासन और पुलिस की ओर से शिकायत मिलने पर जांच कर आवश्यक कार्रवाई किए जाने की बात कही जा रही है। फिलहाल घटना को लेकर दोनों दलों के समर्थकों के बीच चर्चा का माहौल बना हुआ है।

यूपी-112 कार्यालय पहुंचे एसपी, रिस्पांस टाइम और व्यवस्थाओं का लिया जायजा



अमेठी, कैनविज टाइम्स संवाददाता। पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. ने मंगलवार देर शाम को जनपदीय यूपी-112 कार्यालय का औचक निरीक्षण कर आपातकालीन सेवाओं की कार्यप्रणाली की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कंट्रोल रूम की व्यवस्थाओं, पीआरवी वाहनों की सक्रियता तथा अभिलेखों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने आपातकालीन कॉल मिलने पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी सूचना पर न्यूनतम समय में मौके पर पहुंचकर पीड़ितों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जाए। साथ ही कॉल रिसीव करने वाले कर्मचारियों को आमजन से शालीन और संवेदनशील व्यवहार करने के लिए निर्देशित किया। पुलिस अधीक्षक ने पीआरवी वाहनों में लगे जीपीएस, वायरलेस और अन्य संचार उपकरणों की कार्यशीलता की भी जांच की। उन्होंने सभी उपकरणों को हर समय सक्रिय रखने तथा संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए। एसपी ने कार्यालय के अभिलेखों को व्यवस्थित एवं अद्यतन रखने पर जोर देते हुए कहा कि यूपी-112 सेवा आमजन की सुरक्षा से सीधे जुड़ी है, इसलिए इसकी कार्यप्रणाली में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने आपातकालीन सेवाओं को और अधिक प्रभावी एवं जनहितकारी बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

सुरक्षा कर्मियों के पंजीयन हेतु विकासखण्ड स्तर पर शिविर आयोजित कराने के निर्देश

बदायूं, कैनविज टाइम्स संवाददाता। कमान्डेंट, क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र, लखनऊ के आदेश पर जनपद में एसआईएस द्वारा सुरक्षा कर्मियों के पंजीयन हेतु शिविर आयोजित किए जाएंगे। इस संबंध में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) मानवेन्द्र सिंह ने समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्धारित तिथियों एवं स्थानों पर पंजीयन शिविर आयोजित कराने के निर्देश दिए हैं। अपर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया है कि संबंधित विकासखण्डों में अधिकृत अधिकारी की उपस्थिति में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पंजीयन शिविर का आयोजन सुनिश्चित कराया जाए, ताकि इच्छुक सुरक्षा कर्मियों का नियमानुसार पंजीयन किया जा सके। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से शिविर के आयोजन की आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा निर्धारित कार्यक्रम का अनुपालन करने को कहा है।

उचौलिया में गौकशी के वांछित आरोपी से पुलिस की मुठभेड़, पैर में गोली लगने के बाद गिरफ्तार

उचौलिया खीरी, कैनविज टाइम्स संवाददाता। उचौलिया थाना क्षेत्र में गौकशी की घटना के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में आरोपी के बाएं पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। वहीं उसका एक साथी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। पुलिस के मुताबिक, पुलिस अधीक्षक खीरी डॉ. ख्याति गर्ग के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत उचौलिया पुलिस संदिग्ध व्यक्ति और वाहनों की चेकिंग तथा वांछित आरोपियों की तलाश कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ संदिग्ध लोग इनोवा कार से असलहे और पशु काटने के उपकरण लेकर ग्राम इब्राहिमपुर की ओर से नहर पटरी के रास्ते बनकागांव की तरफ आ रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने ग्राम हैवतियापुर तिराहे के पास घेराबंदी की। पुलिस के अनुसार, दो संदिग्धों को रोकने का प्रयास किया गया तो आरोपियों ने भागने की कोशिश की। इसी दौरान मेहराज ने कथित तौर पर पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें मेहराज के बाएं पैर में गोली लगी। उसे करीब रात 1:50 बजे गिरफ्तार कर लिया गया।

यूपीआई ट्रांजैक्शन शुल्क के विरोध में कलेक्ट्रेट पहुंचे व्यापारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गौरीगंज, अमेठी। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल, जनपद अमेठी के जिलाध्यक्ष महेश सोनी के नेतृत्व में व्यापारियों ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से ?2,000 से अधिक के यूपीआई (ठच्क्र) लेन-देन पर प्रस्तावित 0.04 प्रतिशत ट्रांजैक्शन शुल्क को वापस लेने की मांग की गई।

व्यापारियों का कहना है कि वर्तमान में व्यापारी वर्ग विभिन्न प्रकार के करों और शुल्कों का भुगतान कर रहा है। ऐसे में यूपीआई भुगतान पर अतिरिक्त शुल्क लगाए जाने से छोटे एवं मध्यम व्यापारियों पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा। इससे डिजिटल भुगतान प्रणाली को बढ़ावा देने के प्रयासों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

जिलाध्यक्ष महेश सोनी ने कहा कि यूपीआई ने देश में डिजिटल लेन-देन को सरल और सुगम बनाया है। यदि इस पर अतिरिक्त शुल्क लगाया जाता है तो व्यापारी और उपभोक्ता दोनों प्रभावित होंगे, जिससे नकद लेन-देन को बढ़ावा मिलने की आशंका है। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने प्रधानमंत्री से व्यापारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए प्रस्तावित शुल्क पर पुनर्विचार करने तथा व्यापारियों को इससे राहत प्रदान करने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान संगठन के पदाधिकारी एवं व्यापारी भी मौजूद रहे।

विकसित भारत संकल्प सभा एवं सेवा ज्योति यात्रा में भाजपा ने भरी विकास की हुंकार

❐ भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थक शामिल हुए।

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गौरीगंज, अमेठी। भारतीय जनता पार्टी द्वारा बुधवार को जिला मुख्यालय गौरीगंज में विकसित भारत संकल्प सभा एवं सेवा ज्योति यात्रा का आयोजन किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थक शामिल हुए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं भाजपा जिला प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना आवश्यक है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सेवा और संगठन के कार्यों को और गति देने का आह्वान किया। सभा में वक्ताओं ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार की उपलब्धियों और विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए उन्हें जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम में संगठन की मजबूती और आगामी अभियानों को लेकर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर काशी प्रसाद तिवारी, अमरेंद्र सिंह 'पिंटू', महेश सोनी, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि, चंद्रमौली सिंह, राम प्रसाद मिश्र, अनंत विक्रम सिंह, शांभवी सिंह, चंद्र प्रकाश मिश्र, रमाशंकर पांडेय, दीपक सिंह पचेहरी, उपमा सरोज, राघवेंद्र प्रताप सिंह, विशू मिश्रा, प्रवीण सिंह, रश्मि सिंह, रवींद्र सिंह, राजेश शुक्ला, निमिषा त्रिपाठी, और चंद्रकेश यादव सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। अंत में मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

पशु चिकित्सालय में रात गुजारता था अधेड़, सुबह मिली लाश पहचान नहीं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र के बालपुर स्थित पशु चिकित्सालय परिसर में बुधवार सुबह करीब 11 बजे एक अधेड़ का शव मिलने से सनसनी फै ल गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए गोंडा भेज दिया। मृतक की अभी पहचान नहीं हो सकी है। स्थानीय लोगों के मुताबिक मृतक की उम्र करीब 50 वर्ष थी और वह मानसिक रूप से परेशान बताया जा रहा था। पिछले कुछ समय से वह इलाके में घूमता दिखाई देता था।बताया गया कि दिनभर इधर-उधर घूमने के बाद वह रात में पशु चिकित्सालय परिसर में रु क जाता था और सुबह अस्पताल खुलने के समय वहां से चला जाता था।बुधवार सुबह परिसर में उ सका शव पड़ा मिलने पर आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई।बालपुर चौकी और करनैलगंज को तवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की करनैलगंज कोतवाल अभय सिंह डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। टीम ने मौके से जरूरी साक्ष्य जुटाए और आसपा स के लोगों से पूछताछ की।पुलिस मृतक की पह चान के लिए उसकी तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा करने के साथ जिले के अन्य थानों और चौ कियों से भी संपर्क कर रही है।आसपास लगे सी सीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। कोतवाल अभय सिंह के मुताबिक, मृतक की उम्र करीब 50 वर्ष है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वास्तविक वजह स्पष्ट हो सकेगी।पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।



वीबी-जीरामजी के कागजों में दौड़े 564 मजदूर !



नाम बदला,खेल नहीं ! वीबी जी राम जी योजना में धरातल पर काम की तस्वीर पर सवाल

हलधरमऊ की कई ग्राम सभाओं में मिट्टी भराई के नाम पर दूब - झाड़ी की छिलाई का आरोप,

कार्यों पर उठ रहे सवाल खबरें प्रकाशित होने के बाद भी जांच और कार्रवाई का इंतजार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । ग्रामीण मजदूरों को स्थानीय स्तर पर रोज गार उपलब्ध कराने के लिए संचालित बीबीजी-रामजी योजना के तहत हलधरमऊ ब्लॉक की कई ग्राम सभाओं में दर्ज कार्यों को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।विभिन्न गांवों में मस्टररोल और अभिले खों में दर्ज मजदूरों की संख्या तथा मौके पर दिखा ई देने वाले कार्य के बीच अंतर होने की शिकायतें सामने आती रही हैं। उपलब्ध रिकॉर्ड के अनुसार कई कार्यों में कुल 564 मजदूरों की हाजिरी दर्ज होने की बात सामने आ रही है।वहीं, कुछ स्थानों पर सड़क की दोनों पटारियों पर मिट्टी भराई का कार्य दर्ज होने के बावजूद मौके पर केवल दूब औ र झाड़ियों की छिलाई दिखाई देने के आरोप हैं। मामला केवल एक ग्राम सभा तक सीमित नहीं ब ताया जा रहा है।मलौना, धोबहाराय, वीरपुर और रोनवारी समेत कई गांवों में योजना के तहत कराए गए कार्यों की वास्तविक स्थिति का स्थलीय सत्या पन किए जाने की जरूरत बताई जा रही है पूर्व में भी कुछ गांवों से संबंधित मामले सामने आने के बावजूद यदि मस्टररोल,एमआईएस पोर्टल, जियो-टैग तस्वीरों और कार्यस्थल का संयुक्त सत्यापन न हीं कराया गया है तो इससे निगरानी व्यवस्था पर सवाल उठना स्वाभाविक है।

जिम्मेदारो की भूमिका भी जांच के दायरे में

यदि जांच में किसी तरह की अनियमितता सामने आती है तो केवल ग्राम पंचायत या मजदूरों तक जिम्मेदारी सीमित करने के बजाय संबंधित ग्राम पंचायत सचिव, तकनीकी सहायक, जेई, संबंधित अधिकारी और सत्यापन करने वाले कर्मचारियों की भूमिका भी रिकॉर्ड के आधार पर देखी जानी चाहिए।हालांकि किसी व्यक्ति को दोषी ठहराने से पहले निष्पक्ष और दस्तावेज आधारित जांच जरू री है। खबरें प्रकाशित होने के बाद यदि विभागीय स्तर पर जांच की जाती तो इससे वास्तविक स्थि ति सामने आ सकती है। यदि कार्य नियमानुसार हुए हैं तो जांच से स्थिति साफ होगी और यदि रि कॉर्ड तथा धरातल के बीच अंतर मिलता है तो नि यमानुसार जिम्मेदारी तय की जा सकेगी।अब जरू रत केवल कागजी रिपोर्ट तैयार करने की नहीं है। बल्कि मौके की निष्पक्ष जांच,मजदूरों की वास्तवि क उपस्थिति का सत्यापन,मस्टररोल और एमआई एस पोर्टल का मिलान,तकनीकी पैमाइश तथा जि यो -टैग तस्वीरों की जांच की है।सबसे बड़ा सवाल यही है कि जब बारिश के दौरान कई इलाकों में ज लभराव और कीचड़ की स्थिति थी, तब बीबीजी-रामजी योजना के रिकॉर्ड में दर्ज कार्य वास्तव में कितने हुए ? और खबरें सामने आने के बाद हल धरमऊ ब्लॉक से लेकर जिला स्तर तक जिम्मेदार अधिकारी इन कार्यों की वास्तविकता जांचने के लिए मौके पर कब पहुंचेंगे ?

564 मजदूरों की हाजिरी, सत्यापन सबसे अहम

योजना का मूल उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराना है।इसलिए सबसे महत्व पूर्ण सवाल यह है कि रिकॉर्ड में दर्ज 564 मजदूरों ने वास्तव में संबंधित तिथियों में कार्यस्थल पर का म किया था या नहीं। इसका जवाब केवल कागजी रिकॉर्ड से नहीं,बल्कि मस्टररोल,पोर्टल पर दर्ज वि वरण,जियो-टैग तस्वीरों और मौके के भौतिक स त्यापन से ही मिल सकता है। इसके साथ ही यह भी देखा जाना जरूरी है कि जिस कार्य के लिए म जदूरों की हाजिरी दर्ज की गई, उसकी वास्तविक मात्रा कितनी थी।कार्य की गुणवत्ता, लंबाई-चौड़ाई, मिट्टी की मात्रा और भुगतान का रिकॉर्ड तकनीकी स्तर पर मिलाने के बाद ही किसी निष्कर्ष पर प हुंचा जा सकता है।

मलौना से रोनवारी तक जांच की जरूरत

मलौना ग्राम सभा में योजना के तहत दर्ज कार्यों में कितने मजदूरों ने वास्तविक रूप से काम किया और रिकॉर्ड में कितने मजदूर दर्ज हैं,इसका सत्या पन कियाजाना जरूरी है,इसी तरह मलौना,वीरपुर धोबहाराय,मलौना में बारिश के दौरान दर्ज मजदूर उपस्थिति और उस अवधि में कार्यस्थल की वास्त विक स्थिति की जांच से तस्वीर साफ हो सकती है सड़क की पटारियों पर मिट्टी भराई के नाम पर कि तना काम हुआ,इसकी मौके पर पैमाइश और उप लब्ध जियो-टैग तस्वीरों से पुष्टि की जा सकती है।

मलौना में भीदर्ज मजदूरों की संख्या और कार्य की वास्तविक मात्रा का मिलान जरूरी है। रोनवारी में योजना के कार्यों की भौतिक स्थिति का सत्यापन यह स्पष्ट कर सकता है कि रिकॉर्ड में दर्ज काम ध रातल पर कितना हुआ।वीरपुर में योजना के कार्यों को लेकर पहले भी सवाल उठने की बात कही जा रही है।ऐसे में पूर्व में दर्ज कार्यों और वर्तमान स्थि ति का तुलनात्मक निरीक्षण किया जाना जरूरी है विशेष रूप से मजदूरों की उपस्थिति और बारिश के दौरान किए गए कार्य का सत्यापन महत्वपूर्ण होगा।सड़क पटरी और अन्य कार्यों की दर्ज मात्रा की मौके पर पैमाइश कराई जाए तो रिकॉर्ड और धरातल के बीच की स्थिति स्पष्ट हो सकती है।गाँव में पुराने और नए कार्यों के रिकॉर्ड का मिलान भी जरूरी है,ताकि यह स्पष्ट हो सके कि दर्ज कार्य उ सी अवधि में और उसी स्थान पर कराया गया था या नहीं।मलौना,वीरपुर,धोबहाराय,और रोनवारी में भी मस्टररोल,जियो-टंग तस्वीरों और मौके पर मौ जूद कार्य का मिलान कराए जाने की जरूरत है। यदि एक ही ब्लॉक की कई ग्राम सभाओं में एक जैसी शिकायतें या सवाल सामने आ रहे हैं तो के वल किसी एक कार्य की जांच से पूरी स्थिति स्पष्ट नहीं होगी।

मिट्टी भराई का दावा, मौके पर छिलाई का सवाल

बीबीजी-रामजी योजना के तहत सड़क की दोनों पटारियों पर मिट्टी भराई जैसे कार्य दर्ज किए गए हैं। ऐसे में सबसे अहम सवाल यह है कि स्वीकृत कार्य के मुताबिक वास्तव में कितनी मात्रा में मिट्टी डाली गई,पटरी की लंबाई और चौड़ाई कितनी रही तथा कार्य की मात्रा के अनुपात में कितने मजदूर लगाए गए, इसकी जानकारी तकनीकी अभिलेख और मौके की पैमाइश से सामने आ सकती है,यदि किसी कार्य के रिकॉर्ड में मिट्टी भराई दर्ज है।इसके लिए संबंधित तिथियों के मस्टररोल, एमआईएस पोर्टल, जियो - टैग फोटो, तकनीकी स्वीकृति, माप पुस्तिका और भुगतान संबंधी रिकॉर्ड का मिलान कराया जाना चाहिए।

देवरहवा बाबा पर फिल्म का ऐलान, पहले पर्दे पर दिखेगी उनकी जीवनगाथा

देवरहवा बाबा पर बनेगी फिल्म,,,,,सनोज मिश्रा ने किया ऐलान

सनोज मिश्रा करेंगे देव देवरहवा बाबा का निर्देशन, गोंडा समेत चार स्थानों पर होगी शूटिंग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । देवरहवा बाबा के जीवन और व्यक्तित्व पर आधारित बहुप्रतीक्षित फिल्म 'देव देवरहवा बाबा' बनाने का औपचारिक ऐलान कर दिया गया है। सनोज मिश्रा फिल्म्स के बैनर तले बनने वाली इस फिल्म का निर्देशन चर्चित निर्देशक सनोज मिश्रा करेंगे।फिल्म की घोषणा गोंडा में जनपद के मीडि या कर्मियों की मौजूदगी में की गई।फिल्म की शूटिं ग गोंडा,देवरिया, वृंदावन और ओडिशा में होगी। फिल्म का सबसे बड़ा हिस्सा गोंडा जनपद में फि ल्माए जाने की तैयारी है। लोकेशन रेकी के बाद निर्देशक सनोज मिश्रा ने स्थानीय कलाकारों के साथ बैठक कर फिल्म की विषयवस्तु और किर दारों पर विस्तार से चर्चा की।फिल्म के एसोसिएट बैनर एएमपीएम इंटरटेनमेंट, गोनार्द फिल्म्स और देव ब्रदर्स प्रोडक्शन हैं। फिल्म में देवरहवा बाबा की मुख्य भूमिका देवव्रत सिंह निभाएंगे।इसके अ लावा सिनेमा के कई चर्चित चेहरे भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे।स्थानीय कलाकारों में महेश सिंह,प्रदीप शर्मा, अजय कुमार त्रिपाठी,कर मचंद ओझा,मानस सिंह,विदित शर्मा, विकास गो स्वामी,राजन सिंह, सुमित सिंह और मास्टर योहान सिंह समेत अन्य कलाकार शामिल हैं,फिल्म में इन कलाकारों की महत्वपूर्ण भूमिकाएं रहेंगी।देवरहवा बाबा के जीवन और उनकी आध्यात्मिक विरासत को बड़े पर्दे पर उतारने की तैयारी के साथ ही,गोंडा फिल्म की कहानी और शूटिंग का प्रमुख केंद्र बनने जा रहा है।स्थानीय कलाकारों की भागीदारी से क्षे त्र के कलाकारों को भी बड़े मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा।

स्वरोजगार से भी बेहतर भविष्य गढ़ सकते हैं युवा कुलदीप मिश्रा

सरकारी नौकरी की चाह के साथ उद्योग व्यापार, स्वरोजगार और निजी क्षेत्र में अवसर बढ़ाने की जरूरत

मजबूत भविष्य केवल नौकरी पाने से नहीं, बल्कि रोजगार के अनेक अवसर पैदा करने से बनता है



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । आज के दौर में रोजगार की बात होते ही अधिकांश युवाओं के मन में सबसे पहले सरकारी नौकरी का ख्याल आता है।स्थायित्व, सामाजिक प्रतिष्ठा,नियमित वेतन और भविष्य की सुरक्षा जै सी वजहों से सरकारी नौकरी युवाओं की पहली पसंद बनी हुई है।लेकिन सवाल यह है कि क्या हर युवा के लिए रोजगार का रास्ता केवल सरकारी नौकरी तक ही सीमित रहना चाहिए...? क्या कल-कारखाने, छोटे-बड़े उद्योग, दुकानें, व्यापार, कृषि आधारित व्यवसाय,तकनीकी काम और स्वरोजगा र के क्षेत्र बुवाओं के लिए बेहतर भविष्य का रास्ता नहीं बन सकते ? देश में सरकारी पद सीमित हैं, जबकि रोजगार की तलाश करने वाले युवाओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। ऐसे में केवल सरकारी नौकरी पर निर्भर रहना युवाओं की संभावनाओं को सीमित कर सकता है। आवश्यकता इस बात की है कि युवाओं को नौकरी मांगने वाला ही नहीं, बल्कि रोजगार दन वाला बनने के लिए भी तैयार किया जाए।

कारखाने और उद्योग बनें रोजगार का बड़ा माध्यम

किसी भी जिले में उद्योगों की स्थापना केवल उद्यो ग पति के लिए लाभ का माध्यम नहीं होती, बल्कि उससे बड़ीसंख्या में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार पैदा होते हैं।छोटे कारखाने,खाद्य प्रसंस्करण इकाइ यां, फर्नीचर उद्योग, कृषि आधारित उद्योग, डेयरी, पैकेजिंग, हस्तशिल्प और स्थानीय उत्पादों से जुड़े व्यवसाय युवाओं को अपने ही क्षेत्र में रोजगार उप लब्ध करा सकते हैं। यदि ग्रामीण क्षेत्रों में स्था नीय संसाधनों पर आधारित छोटे उद्योग विकसित हों तो युवाओं को रोजगार के लिए बड़े शहरों की ओर पलायन करने की मजबूरी भी कम हो सकती है।

दुकान और व्यापार भी सम्मानजनक रोजगार

रोजगार का मतलब केवल किसी कार्यालय में बैठ कर वेतन लेना नहीं है। एक छोटी दुकान से शुरू हुआ कारोबार भी समय के साथ बड़ा व्यवसाय बन सकता है,किराना,मोबाइल रिपेयरिंग,इलेक्ट्रॉ निक्स,ऑटोमोबाइल,कपड़ा,मेडिकल स्टोर, कृषि कृषि उपकरण,ऑनलाइन सेवाएं, साइबर कैफ़े और अन्य छोटे व्यवसाय युवाओं के लिए अच्छे अवसर बन सकते हैं।

सरकार और समाज दोनों की जिम्मेदारी

युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी केवल सरकार की नहीं हो सकती।सरकार को उ द्योगों के लिए अनुकूल माहौल, आसान प्रक्रियाएं, प्रशिक्षण और बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करानी होंगी।वहीं समाज को भी व्यापार और स्वरोजगार को सरकारी नौकरी से कमतर समझने की मानसि कता बदलनी होगी। माता-पिता भी बच्चों पर केव ल सरकारी नौकरी हासिल करने का दबाव डालने के बजाय उनकी रुचि और क्षमता को समझें।कोई युवा शिक्षक बनना चाहता है,कोई इंजीनियर, कोई व्यापारी,कोई किसान,कोई कारीगर और कोई अप ना व्यवसाय खंड़ा करना चाहता है-हर ईमानदार काम सम्मान के योग्य है।

कृषि को भी बनाया जा सकता व्यवसाय

ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं के लिए कृति केवल पर परागत खेती तक सीमित नहीं होनी चाहिए।सब्जी उत्पादन, बागवानी, फूलों की खेती,मशरूम, मधुम क्खी पालन, मत्स्य पालन, पशुपालन, डेयरी और कृषि उत्पादों की प्रोसेसिंग जैसे क्षेत्रों में रोजगार और आय की बड़ी संभावनाएं हैं अगर युवा खेती को आधुनिक तकनीक, बाजार और व्यवसायिक सोच के साथ अपनाए तो कृषि भी रोजगार का म जबूत आधार बन सकती है।

तकनीक के दौर में नए अवसर

आज इंटरनेट और डिजिटल तकनीक ने रोजगार के नए रास्ते खोले हैं। कप्यूटर, मोबाइल, ग्राफिक डिजाइन, डिजिटल मार्केटिंग, वीडियो एडिटिंग, ऑनलाइन सेवाएं, ई -कॉमर्स और तकनीकी क्षेत्र से जुड़े कार्यों में प्रशिक्षित युवाओं के लिए अवसर बढ़े है।इसलिए शिक्षा के साथ कौशल विकास को भी प्राथमिकता देना जरूरी है। डिग्री के साथ यदि युवा किसी उपयोगी हुनर में दक्ष है तो उसके लिए रोजगार के विकल्प और अधिक बढ़ जाते हैं।

युवा नौकरी खोजने वाले नहीं,रोजगार देने वाले बनें

आज आवश्यकता ऐसे वातावरणीय सेवें कि मुझे नौकरी कब मिलेगी ? के अपने लिए और दूसरों के लिए रोजगार से पैदा कर सकता है ? यदि एक युवा छोटा व्यवसाय शुरू करके लोगों को रोजगार देता है, तो वह केवल अपना भविष्य बल्कि पांच परिवारों की आर्थिक स्थिति करने में भी योगदान देता है रोजगार की सोब की सरकारी नौकरी की वारदीवारी से बाहर निकालने का समय आ गया है।जरूरत है युवाओं को अवसर, कौशल, पूजी, बजार और सही मार्गदर्शन देने की।जब युवा अप नी क्षमता के अनुसार अलग-अलग क्षेत्रों में आगे बढ़ेंगे, तभी परिवार, समाज और देश की अर्थ व्यवस्था मजबूत होगी।

सेवा ज्योति यात्रा का महाराज सिंह इण्टर कालेज से हुआ भव्य शुभारम्भ

विकसित भारत संकल्प सभा में मा. प्रधानमंत्री व मा. मुख्यमंत्री के उदबोधन का हुआ सजीव प्रसारण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । सेवा ज्योति यात्रा एवं विकसित भारत संकल्प सभा के अन्तर्गत महाराज सिंह इंटर कॉलेज में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलन एवं वन्दे मातरम्-गीत के साथ हुआ। पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा प्रभारी जनपद प्रभारी लखनऊ त्रियम्बक त्रिपाठी ने सांसद बहराइच डॉ. आनन्द कुमार गोंड, जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी, विधायक महसी सुरेश्वर सिंह, विधायक सदर अनुपमा जायसवाल, विधायक बलहा सरोज सोनकर, विधायक नानपारा राम निवास वर्मा, पूर्व सांसद अक्षयबर लाल गोंड, पूर्व सहकारिता मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष श्यामकरण टेकड़ीवाल, संचित सिंह, जिला उपाध्यक्ष हरीश चन्द्र, जिला मंत्री अजय प्रताप सिंह, निशंक त्रिपाठी, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी कैसरगंज गौरव वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं पार्टी पदाधिकारियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर सेवा ज्योति यात्रा का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सार्वजनिक जीवन में सेवा एवं सुशासन के गौरवशाली 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण उपस्थित जनसमूह के साथ देखा एवं सुना गया। प्रधानमंत्री के राष्ट्र के प्रति समर्पण, जनसेवा के संकल्प एवं विकसित भारत के विजन को लेकर दिये गये प्रेरणादायी उद्बोधन ने उपस्थित लोगों को प्रेरित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य सरकार की उपलब्धियों एवं विकासपरक योजनाओं से नागरिकों को जोड़ने तथा विकसित भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाना है। सेवा ज्योति यात्रा के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों को सरकार की योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी देने के साथ जनभागीदारी को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। उपस्थित लोगों से विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया। विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों द्वारा तैयार आकर्षक रंगोली का भी अतिथियों द्वारा अवलोकन किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के गायन के साथ हुआ। इसके उपरान्त सेवा ज्योति यात्रा रथ पर कलश स्थापित कर नगर का भ्रमण किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता, मुख्य राजस्व अधिकारी सौरभ दुबे, सिटी मजिस्ट्रेट राजेश प्रसाद, जिला विकास अधिकारी राज कुमार, पीडी डीआरडीए मनीष कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



आयुष्मान भारत योजना में उत्कृष्ट कार्य के लिए मेडिकल कॉलेज बहराइच के प्रधानाचार्य डॉ. प्रो. संजय खत्री सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । आयुष्मान भारतदृप्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य के लिए महाराजा सुहेलदेव स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं महर्षि बालार्क चिकित्सालय, बहराइच के प्रधानाचार्य डॉ. प्रो. संजय खत्री को आज लखनऊ में आयोजित 'आयुष्मान संवाद' वार्षिक समारोह में सम्मानित किया गया।

माननीय उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री ब्रजेश पाठक जी द्वारा डॉ. प्रो. संजय खत्री को प्रशस्ति/सम्मान प्रदान किया गया। यह सम्मान जनपद बहराइच में आयुष्मान भारत योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ. प्रो. संजय खत्री ने कहा कि यह सम्मान चिकित्सा महाविद्यालय के समस्त चिकित्सकों, अधिकारियों, आयुष्मान टीम, नर्सिंग एवं पैरामेडिकल स्टाफ तथा कर्मचारियों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने सभी को इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा कि पात्र लाभार्थियों को बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए चिकित्सा महाविद्यालय निरंतर कार्य करता रहेगा।चिकित्सा महाविद्यालय बहराइच के इस सम्मान पर चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल स्टाफ एवं कर्मचारियों ने प्रधानाचार्य डॉ. प्रो. संजय खत्री को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।



सेवा ज्योति मशालों से गूंजा गोंडा,भाजपा ने लिया विकसित भारत का संकल्प



कैनविज टाइम्स संवाददाता

मेडिकल कॉलेज से महाराजा देवी बख्श सिंह की प्रतिमा तक पहुंची मशाल यात्रा, मेडिकल कॉलेज मे भारत माता की जय' के नारों से गूंजा परिसर

गोंडा । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी ने 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत गोंडा में 'सेवा ज्योति मशाल यात्रा' निकाली।गोंडा मेडिकल कॉलेज ऑडिटोरियम से निकली यात्रा में जिले के भाजपा विधायक, दोनों सांसदों के प्रतिनिधि और हजारों कार्यकर्ता शामिल हुए।हाथों में मशाल लिए कार्यकर्ता मेडिकल कॉलेज परिसर में महाराजा दे वी बख्श सिंह की प्रतिमा तक पहुंचे।..यहां 'भारत माता की जय' और 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिंदाबा द' के नारों के बीचयात्रा का समापन हुआ,मेडिकल कॉलेज परिसर में भाजपा महिलामोर्चा की ओर से विकसित भारत 2047' की थीम पर रंगोली भी ब नाई गई। कार्यक्रम में मौजूद कार्यकर्ताओं और प दाधिकारियों ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसि त राष्ट्र बनाने का सामूहिक संकल्प लिया।

विकास से राष्ट्र सुरक्षा तक मोदी को बताया निर्णायक नेतृत्व

अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय महामंत्री एवं संगठन जिला प्रभारी राहुल रस्तोगी के नेतृत्व में आयोजित कार्य क्रम में भाजपा विधायकों ने प्रधानमंत्री मोदी के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन और केंद्र सरकार की उपलब्धियों को रेखांकित किया।गौरा विधाय क प्रभात वर्मा ने कहा कि गुजरात के विकास मॉड ल से लेकर कानून-व्यवस्था,आतंकवाद और नक्स लवाद के खिलाफ कार्रवाई तथा जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने जैसे फैसलों ने देश की दिशा बदली है।सदर विधायक प्रतीक भूषण सिंह ने क हा कि प्रधानमंत्री मोदी के काम करने का तरीका कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा है।तरबगंज विधायक प्रेम नारायण पांडेय ने कहा कि देशहित के हर बड़े अवसर पर प्रधानमंत्री ने निर्णायक भूमिका निभाई है।महनौन विधायक विनय कुमार द्विवेदी ने कोरो ना महामारी के दौरान केंद्र सरकार के प्रयासों का उल्लेख किया।विधायक अजय कुमार सिंह ने नेपा ल में हालिया त्रासदी के दौरान भारत की सहायता को पड़ोसी धर्म का उदाहरण बताया।मनकापुर वि धायक रमापति शास्त्री ने प्रधानमंत्री के लंबे राज नीतिक संघर्ष और देश को मजबूत दिशा देने की बात कही। कटरा बाजार विधायक बावन सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश सुरक्षित हाथों में है और महिलाओं व युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए लगातार काम हुआ है। भाजपा जिलाध्यक्ष एकबाल बहादुर तिवारी ने कहा कि सेवा ज्योति कार्यक्रम के जरिए विकसित भारत 2047 का सं कल्प लिया गया है।आगे इसी तरह के कार्यक्रम गांव,वार्ड और मोहल्ला स्तर पर भी आयोजित किए जाएंगे।कार्यक्रम में जिला सह-मीडिया प्रभा री अविनाश जायसवाल, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष बीना राय,पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रिंस चौर सिया,किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष विद्या भूषण द्विवे दी समेत भाजपा के सैकड़ों पदाधिकारी और हजा रों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

उपाधि महाविद्यालय पीलीभीत सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 'विकसित भारत 2047' विषय पर रंगोली प्रतियोगिता आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 'विकसित भारत 2047' विषय पर रंगोली प्रतियोगिता आयोजित

पीलीभीत। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत उपाधि महाविद्यालय, पीलीभीत में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र एवं छात्रा इकाई के तत्वावधान में 'विकसित भारत 2047' थीम पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए रंगों एवं कलात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से विकसित भारत की संकल्पना को प्रदर्शित किया।प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने अपनी रंगोलियों के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत, स्वच्छ भारत, शिक्षा,डिजिटल भारत तथा राष्ट्र निर्माण जैसे विषयों को रचनात्मक रूप से प्रस्तुत किया।इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) दुष्यंत कुमार जी ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि 'विकसित भारत 2047' का लक्ष्य केवल सरकार का नहीं, बल्कि देश के प्रत्येक नागरिक और विशेष रूप से युवाओं की सक्रिय भागीदारी से ही साकार हो सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ कविता कनौजिया एवं डॉ गजेंद्र सिंह ने भी विद्यार्थियों को 'विकसित भारत 2047' की संकल्पना, युवा शक्ति की भूमिका तथा राष्ट्र के विकास में विद्यार्थियों के योगदान के विषय में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि युवाओं में जागरूकता, रचनात्मकता और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना ऐसे अभियानों का प्रमुख उद्देश्य है।

पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर ट्रक में घुसी कार, तीन की मौत

लखनऊ से देवरिया लौट रहे थे छह टेनिस खिलाड़ी, माइलस्टोन 97.500 के पास हुआ हादसा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बल्दीराय/सुल्तानपुर। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर बुधवार सुबह तेज रफ्तार अर्टिगा कार आगे चल रहे अज्ञात ट्रक में पीछे से जा घुसी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में कार सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना एक्सप्रेसवे के माइलस्टोन 97.500 के पास हुई।

जानकारी के अनुसार कार में छह लोग सवार थे और सभी लखनऊ से देवरिया लौट रहे थे। हादसे में नित्या प्रजापति (22), इरफान अंसारी (20) और अनिकेत (24) की मौत हो गई। तीनों देवरिया के निवासी बताए गए हैं।

घायलों में देवरिया के लार थाना क्षेत्र के लखौरा निवासी आनंद यादव (23) पुत्र नंदजी यादव, तैयर बुजुर्ग निवासी राजू (22) पुत्र बृदुल यादव तथा पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले के जमुनी निवासी जयंतो शर्मा (30) पुत्र जनार्दन शर्मा शामिल हैं। हादसे के बाद यूपीडा के सुरक्षा कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला। घायलों को एंबुलेंस से कुमारगंज स्थित सौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए मेडिकल कॉलेज दर्शननगर रेफर कर दिया गया। घायल जयंतो शर्मा ने बताया कि सभी लोग पेशेवर टेनिस खिलाड़ी हैं और लखनऊ में खेलकर देवरिया लौट रहे थे। यात्रा के दौरान सभी के नींद में होने की बात सामने आई है। उन्हें दुर्घटना किस तरह हुई, इसकी जानकारी नहीं हो सकी।

सूचना पर उपजिलाधिकारी बल्दीराय प्रभात सिंह समेत बल्दीराय और धनपतगंज पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली।धनपतगंज थाना प्रभारी अंजू सिंह ने बताया कि घटना से सम्बन्धित पहलुओं की जांच शुरू कर की जा रही है तथा अज्ञात ट्रक की तलाश की जा रही है।

ब्लॉक में रंगोली प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 7 अक्टूबर 2026 को ब्लॉक सभागार में विकसित भारत एवं एवं सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित रंगोली का निर्माण कराया गया। उक्त रंगोली का निरीक्षण भाजपा नेता रितुराज पासवान के द्वारा किया गया तथा रंगोली की बहुत तारीफ की गई तथा पूरी टीम को बहुत बहुत बधाई दी गई। इस अवसर पर विजय वीरेंद्र सिंह खंड शिक्षा अधिकारी पूरनपुर, बाल विकास परियोजना अधिकारी विशेष कुमार शर्मा, अनामिका प्रजापति, सविता जायसवाल, मोहिनी प्रजापति, श्रुति कीर्ति,अंशु, प्रिया गुप्ता, शिव गुप्ता, सनातन धर्म इंटर कॉलेज की छात्राएं एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री उपस्थिति रही।

सर्विसलेन के फुटपाथ पर झाड़ियों का कब्जा, राहगीरों की सुरक्षा पर सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बल्दीराय/सुल्तानपुर। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से जुड़ी सर्विसलेन पर राहगीरों की सुविधा और सुरक्षा के लिए बने फुटपाथ पर इन दिनों जंगली झाड़ियों ने कब्जा जमा लिया है। हरौरा बाजार से भरसड़ा होते हुए मायंग तक सर्विसलेन के दोनों किनारों पर जंगली बबूल समेत विभिन्न प्रकार की झाड़ियां इस कदर फैल गई हैं कि कई स्थानों पर पैदल चलने की जगह तक सीमित हो गई है। इसके बावजूद संबंधित विभागीय जिम्मेदारों की ओर से झाड़ियों की कटाई और फुटपाथ की सफाई को लेकर कोई ठोस पहल होती दिखाई नहीं दे रही है।

इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों छात्र-छात्राओं के अलावा ग्रामीण, मजदूर और अन्य राहगीर आवागमन करते हैं। फुटपाथ झाड़ियों से घिरने के कारण पैदल यात्रियों को मजबूरन सर्विसलेन के मुख्य हिस्से में चलना पड़ रहा है। तेज रफ्तार वाहनों के बीच सड़क पर पैदल चलना कभी भी गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकता है। खासकर सुबह और शाम के समय विद्यार्थियों की आवाजाही अधिक होने से जोखिम और बढ़ जाता है। स्थानीय लोगों का सवाल है कि जब सर्विसलेन और फुटपाथ का निर्माण राहगीरों की सुरक्षित आवाजाही के लिए किया गया है तो उसकी नियमित साफ-सफाई और झाड़ियों की कटाई की जिम्मेदारी कौन निभा रहा है । क्या संबंधित विभाग के अधिकारियों ने लंबे समय से इस मार्ग का स्थलीय निरीक्षण नहीं किया .? यदि निरीक्षण हुआ है तो समस्या के समाधान के लिए कार्रवाई क्यों नहीं की गई?

सबसे बड़ा सवाल यह है कि किसी हादसे के बाद ही विभाग की नींद खुलेगी या उससे पहले ही फुटपाथ को अतिक्रमणमुक्त कर सुरक्षित बनाया जाएगा। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से तत्काल झाड़ियों की कटाई, फुटपाथ की सफाई और नियमित रखरखाव की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि राहगीरों की सुरक्षा को नजरअंदाज करना महज लापरवाही नहीं, बल्कि संभावित हादसे को आमंत्रण देना है।

सेवा संकल्प अभियान के तहत गांधी स्टेडियम में सजी 76 फीट की भव्य रंगोली, योजनाओं को रंगों के माध्यम से दिया गया संदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जनपद पीलीभीत में विभिन्न रचनात्मक एवं जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में गांधी स्टेडियम परिसर में बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से आकर्षण का केंद्र बनी 76 फीट लंबी भव्य रंगोली तैयार की गई। रंग-बिरंगे फूलों एवं प्राकृतिक रंगों से सजी इस विशाल रंगोली के माध्यम से केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी एवं शिक्षा संबंधी योजनाओं को आकर्षक एवं रचनात्मक रूप में प्रदर्शित किया गया।

भव्य रंगोली का जिलाधिकारी आलोक कुमार, मुख्य विकास अधिकारी सतीश प्रसाद मिश्रा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रोशनी सिंह एवं जिला विकास अधिकारी संजय कुमार ने अवलोकन किया। अधिकारियों ने रंगोली की कलात्मकता, विषय-वस्तु एवं योजनाओं के प्रभावी प्रस्तुतीकरण की सराहना की। रंगोली में शिक्षा, बालिका शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, जनकल्याण एवं सरकार की विभिन्न योजनाओं को रंगों और फूलों के माध्यम से बेहद आकर्षक ढंग से उकेरा गया।बताया गया कि बेसिक शिक्षा विभाग के इतिहास में जनपद पीलीभीत में पहली बार इतनी विशाल, दिव्य एवं भव्य रंगोली तैयार की गई है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रोशनी सिंह के निर्देशन में लगभग 30 शिक्षक-शिक्षिकाओं की टीम ने सामूहिक प्रयास से इस रंगोली को तैयार किया। शिक्षकों ने कई घंटों की मेहनत एवं रचनात्मकता के साथ रंगोली को अंतिम रूप दिया, जिसकी भव्यता ने गांधी स्टेडियम में आने वाले लोगों का विशेष ध्यान आकर्षित किया। जिलाधिकारी आलोक कुमार ने रंगोली तैयार करने वाली टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की रचनात्मक गतिविधियां बच्चों, शिक्षकों एवं आमजन में जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ कला एवं सृजनात्मकता को भी प्रोत्साहित करती हैं। उन्होंने उत्कृष्ट रंगोली तैयार करने वाली टीम को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया। मुख्य विकास अधिकारी एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने भी टीम के सदस्यों की प्रशंसा की। इस अवसर पर बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से 10 विभिन्न स्टॉल भी लगाए गए, जिनके माध्यम से विभागीय योजनाओं, शैक्षिक गतिविधियों, बच्चों द्वारा तैयार किए गए टीएलएम, क्राफ्ट एवं विभिन्न शैक्षिक नवाचारों को प्रदर्शित किया गया। जिलाधिकारी ने सभी स्टॉलों का क्रमवार निरीक्षण किया तथा बच्चों एवं शिक्षकों द्वारा तैयार सामग्री की जानकारी ली।

उन्होंने शैक्षिक नवाचारों एवं बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालयों में बच्चों को सीखने के साथ-साथ अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने के पर्याप्त अवसर दिए जाने चाहिए।स्टॉल एवं विभिन्न गतिविधियों के बेहतर प्रदर्शन के आधार पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले ब्लॉकों का चयन किया गया।

सेवा संकल्प अभियान के तहत गांधी स्टेडियम में सजी 76 फीट की भव्य रंगोली, योजनाओं को रंगों के माध्यम से दिया गया संदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । जिलाधिकारी शशांक चौधरी के निर्देशों के क्रम में जनपद के परिषदीय विद्यालयों में बच्चों को दिये जा रहे मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए बुधवार को व्यापक स्थलीय निरीक्षण अभियान चलाया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी सहित समस्त खंड शिक्षा अधिकारियों एवं जिला समन्वयक एमडीएम ने विभिन्न विद्यालयों में पहुंचकर स्वयं भोजन की गुणवत्ता की जांच की। जांच के दौरान आठ खण्ड शिक्षा अधिकारियों ने अपने-अपने विकास खंडों के कम्पोजिट विद्यालय भेलाई कला तिलोई, कम्पोजिट विद्यालय सिंदुरवा जगदीशपुर, कम्पोजिट विद्यालय उज्जैनी शाहगढ़, प्राथमिक विद्यालय भौसिंहपुर संग्रामपुर, प्राथमिक विद्यालय देवीपाटन द्वितीय अमेठी, प्राथमिक विद्यालय सातन पुरवा सिंहपुर, प्राथमिक विद्यालय वर्रा जामों तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय थौरा भेटुआ का स्थलीय निरीक्षण किया। वहीं जिला समन्वयक एमडीएम द्वारा विकासखंड गौरीगंज के प्राथमिक विद्यालय पहाड़पुर तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय गौरीगंज में पहुंचकर बच्चों के साथ बैठकर मध्याह्न भोजन ग्रहण किया गया। अधिकारियों ने भोजन के स्वाद, गुणवत्ता, स्वच्छता एवं पौष्टिकता का सूक्ष्मता से परीक्षण किया। इसके साथ ही रसोईघर की साफ-सफाई, खाद्य सामग्री के सुरक्षित भंडारण, बर्तनों की स्वच्छता, हाथ धुलाई की व्यवस्था तथा बच्चों को भोजन परोसने की प्रक्रिया का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में मध्याह्न भोजन निर्धारित मानकों के अनुरूप एवं गुणवत्तायुक्त पाया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित प्रधानाध्यापकों एवं रसोइयों को निर्देशित किया गया कि मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कमी न आने दी जाए। मेनू के अनुसार ताजा एवं पौष्टिक भोजन के साथ बच्चों को फल एवं दूध भी अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराया जाए। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा।

दिव्यांग प्रमाणपत्र संशोधन और आयुष्मान कार्ड की मांग

पूरनपुर। राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी ने दिव्यांगजनों के वर्तमान शारीरिक स्थिति के अनुसार दिव्यांगता प्रमाणपत्रों में संशोधन कराने और पात्र दिव्यांगजनों के आयुष्मान कार्ड प्राथमिकता के आधार पर जारी कराने की मांग की है पार्टी की जिलाध्यक्ष तनु मिश्रा के नेतृत्व में मुख्य चिकित्सा अधिकारी को ज्ञापन भेजा गया ज्ञापन में कहा गया है कि जिले में कई दिव्यांगजनों की वर्तमान शारीरिक स्थिति के मुकाबले प्रमाणपत्र में दिव्यांगता प्रतिशत कम दर्ज है आरोप है कि कई मामलों में 80, 85 और 90 प्रतिशत तक दिव्यांगता होने के बावजूद प्रमाणपत्र में 65, 70 और 75 प्रतिशत दर्ज किया गया है इससे संबंधित लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में परेशानी हो रही है पार्टी ने मांग की है कि ऐसे प्रमाणपत्रों का पुनः परीक्षण कराकर वर्तमान स्थिति के अनुसार दिव्यांगता प्रतिशत निर्धारित किया जाए साथ ही दिव्यांगजनों के आयुष्मान कार्ड अनिवार्य रूप से बनवाए जाएं वैवाहिक दिव्यांगजनों के पूरे परिवार के आयुष्मान कार्ड जारी करने की भी मांग की गई है ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि मांगों का समाधान नहीं होने पर दिव्यांगजन अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे।

तिलोई के वकीलों ने राम सिंह को अध्यक्ष तो रणविजय को महामंत्री चुना

तिलोई अमेठी । तहसील बार एशोसिएशन तिलोई के अध्यक्ष व महामंत्री के पद के लिये बुधवार को चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से सम्पादित हुआ जिसमें अध्यक्ष पद पर राम सिंह व महामंत्री पद पर रणविजय निर्वाचित हुये है। तहसील बार एशोसिएशन के अध्यक्ष पद के लिए दो व महामंत्री पद के तीन प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया था।तहसील बार एसोसिएशन तिलोई के अध्यक्ष पद पर राम सिंह व राम सुमेर तिवारी ने जबकि महामंत्री पद के लिये रणविजय सिंह, राम बहादुर व आशीष श्रीवास्तव ने नामांकन पत्र दाखिल किया था।तहसील बार एशोसिएशन के कुल एक सौ पच्चीस मतदाताओं में से एक सौ तेइस मतदाताओ ने मतदान में हिस्सा लिया। इसमें अध्यक्ष पद के लिये राम सिंह को तिरसठ व राम सुमेर तिवारी को उनसठ मत मिले जबकि महामंत्री पद के लिये रणविजय सिंह को उनचास, राम बहादुर को चौवालीस व आशीष श्रीवास्तव को अठाइस मत प्राप्त हुये। नवनिर्वाचित अध्यक्ष व महामंत्री पद के निर्वाचित पदाधिकारियों का अधिवक्ताओं ने फूल मालाओं से स्वागत किया गया।

मनुष्य के जीवन में जिसका कोई गुरु नही उसका जीवन शुरु नही : आचार्य शान्तनु जी महाराज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



तिलोई अमेठी । आरबीएस इण्टर कालेज तिलोई के प्रांगण में राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह द्वारा आयोजित श्रीराम कथा के सप्तम दिवस आचार्य शान्तनु जी महाराज ने कहा कि भगवान को पाने के लिये बस उन्हें पुकारो और प्रतीक्षा करो मैया शबरी अहिल्या ने पूरे जीवन भगवान की प्रतिक्षा की और अंततः भगवान उनके पास स्वयं जाकर उनको दर्शन दिये है। क्या व्यास आचार्य शान्तनु जी महाराज ने कहा कि हम सबकी यही स्थिति होनी चाहिये कि भगवान के लिये मन में ललक ,प्यास होनी चाहिये।इसीलिये भगवान जब भारद्वाज मुनि के पास गये तो उन्होंने यही कहा कि आज उनके सम्पूर्ण मनोरथ पूर्ण हो गये। कथा व्यास ने गुरु महिमा का वर्णन करते हुये कहा कि जिसका कोई गुरु नही उसका जीवन शुरू नही और गोस्वामी जी ने सम्पूर्ण मानस में समय समय पर गुरु महिमा का बखान किया है।चित्रकूट किला का बहुत ही सुंदर व मार्मिक वर्णन किया गया एवं दसरथ जी के मार्मिक महाप्रयाण का महाराज जी ने दर्शन कराया। कामख्या धाम से पधारे कथा व्यास इंद्रेश कौशिक जी महाराज के ओजस्वी उदबोधन ने श्रोताओं को झकझोर दिया। उन्होंने कहा कि तिलोई रियासत के राजा को ही देख लीजिये आज वह अपनी प्रजा के साथ भूमि पर बैठकर कथा श्रवण कर रहे हैं इसलिये इस गद्दी पर इनका बना रहना बहुत जरुरी है जिससे भविष्य में भी ऐसी कथाएं होती रहेगी। श्रीराम कथा में यजमान के साथ अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत, नगर पंचायत हैदरगढ़ के अध्यक्ष आलोक तिवारी समेत अन्य लोगों ने आरती पूजन किया। कथा व्यास ने अतिथियों को अंगवस्त्र तो राज्यमंत्री ने प्रतीक चिन्ह भेंट किया।सप्तम दिवस की कथा में लोक निर्माण विभाग निर्माण खण्ड अमेठी द्वारा श्रोताओं को प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन धर्मेश मिश्रा ने किया। इस मौके पर विधान परिषद सदस्य अंगद कुमार सिंह, ब्लाक प्रमुख अर्चना सिंह,अर्चना शुक्ला,पंकज दीक्षित, भरत उपाध्याय, आशा बाजपेयी, पूनम पाण्डेय,वीरेंद्र तिवारी, पंकज अवस्थी, अवनेंद्र सिंह,राम कृष्ण भारती, गौरव श्रीवास्तव, अनोखे लाल सोनकर, सत्य नारायण सिंह, चंद्र पाल यादव.आशा बाजपेयी,वीरेंद्र तिवारी, पंकज अवस्थी, अवनेंद्र सिंह,राम कृष्ण भारती, गौरव श्रीवास्तव, अनोखे लाल सोनकर, सत्य नारायण सिंह, चंद्र पाल यादव,ज्ञानेंद्र सिंह,मनीष सिंह,दिग्विजय सिंह, प्रदीप सिंह, हेमंत प्रताप सिंह, आदित्य पाण्डेय, पंकज तिवारी, अक्षत सिंह,मंगलम शुक्ला सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

होमगार्ड्स के पद चयनित अभ्यर्थियों का 12 अक्टूबर से होगा चिकित्सा परीक्षण व चरित्र सत्यापन

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला कमाण्डेण्ट, होमगार्ड्स शिवेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा अवगत कराया गया है कि उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के माध्यम से अवैतनिक होमगार्ड्स स्वयंसेवकों के पदों पर एनरोलमेन्ट-2025 के अन्तर्गत जनपद बहराइच में 659 पुरुष/महिला अभ्यर्थियों की चयनित सूची प्राप्त हुई है। जनपद के चयनित अभ्यर्थियों के चिकित्सा परीक्षण और चरित्र सत्यापन की कार्यवाही 12 अक्टूबर 2026 से पुलिस लाइन बहराइच मे मुख्य चिकित्सा अधिकारी बहराइच के स्तर से गठित चिकित्सीय बोर्ड द्वारा की जायेगी। श्री सिंह ने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों के चिकित्सीय परीक्षण हेतु कार्यालय द्वारा बुलावा पत्र निर्गत किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि होमगार्ड्स एनरोलमेन्ट के लिए चयनित अभ्यर्थियों को यदि चिकित्सीय परीक्षण के लिए बुलावा पत्र मिलने मे बिलम्ब होता है तो वे स्वयं जिला होमगार्ड्स कार्यालय से सम्पर्क कर अपना बुलावा पत्र प्राप्त कर सकते हैं। श्री सिंह द्वारा जिला होमगार्ड्स कार्यालय के वैतनिक एवं अवैतनिक अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि होमगार्ड्स एनरोलमेन्ट 2025 हेतु चयनित अभ्यर्थियों की चिकित्सा परीक्षा एवं पुलिस चरित्र सत्यापन की सम्पूर्ण कार्यवाही पूर्ण शुचिता एवं पारदर्शिता के साथ समय से सुनिश्चित कराना सुनिश्चित करेंगे।

मतदाता की पहचान के लिए आयोग ने सुझाये 10 विकल्प

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि उत्तर प्रदेश विधान परिषद के गोरखपुर-फैजाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 के लिए दिनांक 23 अक्टूबर, 2026 को होने वाले मतदान में प्रतिरूपण को रोकने की दृष्टि से मतदान के समय ऐसे मतदाता जिन्हें फोटो पहचान पत्र जारी किये गये हैं, को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिए मत देने से पूर्व अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा। परन्तु ऐसे मतदाता जो अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए निर्धारित किये गये 10 वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा। आयोग द्वारा सुझाये वैकल्पिक दस्तावेजों की जानकारी देते हुए डीएम श्री पाण्डेय ने बताया कि आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, राज्य/केन्द्र सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्थानीय निकायों या अन्य निजी औद्योगिक घरानों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किये गये सेवा पहचान-पत्र, सांसदों/विधायकों/पार्षदों को जारी किये गये सरकारी पहचान-पत्र, शैक्षिक संस्थाओं, जिसमें सम्बन्धित शिक्षक/स्नातक निर्वाचन क्षेत्र का निर्वाचक नियोजित हो, द्वारा जारी सेवा पहचान-पत्र, विश्वविद्यालय द्वारा जारी डिग्री/डिप्लोमा का मूल प्रमाण-पत्र, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी दिव्यांगता सम्बन्धी मूल प्रमाण-पत्र और यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड प्रस्तुत किये जा सकेंगे।

पीलीभीत में सेवा संकल्प अभियान के तहत विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारतीय जनता पार्टी पीलीभीत के तत्वावधान में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया गया। यह आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प और सेवा को समर्पित सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चल रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत किया गया।विकसित भारत संकल्प सभा को वर्चुअल माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने संबोधित किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने सभी भारतवासियों को 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए ''वी विल डू इट'' का संकल्प दिलाया।इस अवसर पर जिला प्रभारी हर्षवर्धन आर्य, जिला अध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य, राष्ट्रीय परिषद सदस्य सुरेश गंगवार, गन्ना राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार, पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान, बीसलपुर विधायक विवेक कुमार वर्मा सहित पार्टी के अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।कार्यक्रम में जिला महामंत्री मंगली प्रसाद वर्मा, महादेव गाईन, अनुराग अग्निहोत्री, चेयरमैन डॉ. आस्था अग्रवाल, मरौरी ब्लॉक प्रमुख सभ्यता देवी वर्मा, ललौरीखेड़ा ब्लॉक प्रमुख अजय सिंह गंगवार, नगर पंचायत बरखेड़ा चेयरमैन संदीप कौर, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गुरुभाग सिंह सहित जिला उपाध्यक्ष, जिला मंत्री, मोर्चा अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष और बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे है।

संविदा एएनएम ने नगर में रैली निकालकर, सीएचसी में किया धरना प्रदर्शन

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एनएचएम के तहत कार्यरत संविदा एएनएम ने स्थायीकरण समेत विभिन्न मांगों को लेकर बुधवार दोपहर दो बजे नगर रैली के माध्यम से विरोध प्रदर्शन करते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर धरना प्रदर्शन किया।एएनएम ने सीएचसी परिसर में धरना देकर अपनी मांगों के समर्थन में आवाज उठाई और पीलीभीत सीएमओ कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया है।प्रदर्शन कर रही एएनएम का कहना है कि वे कई वर्षों से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की जिम्मेदारी संभाल रही हैं। मातृ-शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, परिवार कल्याण और विभिन्न जनस्वास्थ्य योजनाओं के संचालन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। कोरोना महामारी के दौरान भी उन्होंने विषम परिस्थितियों में अपनी सेवाएं दीं।कर्मियों ने बताया कि दस वर्ष से अधिक समय से संविदा पर कार्य करने के बावजूद अब तक उनका स्थायीकरण नहीं किया गया है। उनका आरोप है कि स्थायी कर्मचारियों के समान जिम्मेदारियां निभाने के बाद भी उन्हें समान वेतन, भत्ते और अन्य सुविधाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। एएनएम ने स्थायीकरण, समान कार्य के लिए समान वेतन और अन्य बुनियादी समस्याओं के समाधान की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन लगातार जारी रहेगा। इस दौरान पूजा रानी,नितु देवी,खुशी, निशा,डिमपल,सुमन, चरजीत कौर, दलजीत कौर,शीतल, गुलबहार,शवाना,राखी, दीपिका, नीरज गौतम, माया देवी,मेहरा,रिंकी, रुखसाना, गुलनाज आदि मौजूद रही है।

खानकाह निवासी फरार आरोपी शाहिद उर्फ लल्ला गिरफ्तार पुलिस ने भेजा जेल

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली पुलिस ने मारपीट और प्राणघातक हमले के मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त शाहिद उर्फ लल्ला को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, मोहल्ला खानकाह में सात सितंबर को दोपहर करीब 12 बजे किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। आरोप है कि सद्दीक खां, बाबू खां, शाहिद खां, तनवीर और लल्ला समेत पांच लोगों ने आमिर खां के घर में घुसकर उसके भाई शराफत और शाहरूख के साथ धारदार हथियार और लाठी-डंडों से मारपीट की थी। हमले में दोनों के सिर और शरीर पर गंभीर चोटें आई थीं। मामले में आमिर खां की तहरीर पर थाना पूरनपुर में मुकदमा संख्या 389/2026 दर्ज किया गया था। गिरफ्तार अभियुक्त शाहिद उर्फ लल्ला पुत्र वसीर खां मोहल्ला खानका, वार्ड नंबर 13, कस्बा व थाना पूरनपुर का निवासी है। जो काफी समय से फरार चल रहा था, पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

सम्पादकीय

शब्दों के वाण और बेबाकी

एनएसडी के दौर से अपने बेबाक अंदाज और धमाकेदार अभिनय के लिए पहचाने जाने वाले पीयूष मिश्रा की एक किताब का नाम है- तुम्हारी औकात क्या है, पीयूष मिश्रा। वहीं, अस्सी के दशक में नसीरुद्दीन शाह की चर्चित फिल्म आई थी- अल्बर्ट पिंटो को गुस्सा क्यों आता है। संयोग देखिए, आज दोनों कलाकारों के बीच चल रहे शब्द बाणों में जैसे इन दोनों शीर्षकों की झलक दिखाई दे रही है। एक तरफ सवाल, दूसरी तरफ गुस्सा और बीच में है बेबाकी की अपनी-अपनी कसौटी। नसीरुद्दीन शाह और पीयूष मिश्रा दोनों ऐसे कलाकार हैं, जिनकी पहचान सिर्फ अभिनय से नहीं बल्कि बेबाक राय और तीखी भाषा शैली से भी बनी है। खैर, दोनों के बीच 2026 में शुरू हुआ सार्वजनिक जुबानी टकराव दिलचस्प सवालों का हिस्सा बन चुका है। पीयूष मिश्रा के धोबी पछाड़ से फिलहाल नसीर चित दिख रहे हैं। इस बीच चर्चा यह हो रही है कि दूसरों की चुप्पी पर सवाल उठाने वाला व्यक्ति जब खुद सवालों के घेरे में आए तो उसकी अपनी कसौटी क्या होगी? विवाद की शुरुआत तब हुई थी जब नसीरुद्दीन शाह ने छात्र आंदोलन के मुद्दे पर बॉलीवुड के बड़े सितारों की चुप्पी पर सवाल खड़ा कर दिया था। उनके विचार से मेल खाने वाले एक न्यूज डिजिटल प्लेटफार्म से बातचीत में उन्होंने कहा था कि ''सेलेब्रिटीज तब बोलेंगे जब उनका जमीर उनसे ऐसा करने को कहेगा। एक कहावत है कि जिस कुत्ते के मुंह में हड्डी हो, वह भौंक नहीं सकता। जैसे ही हड्डी उसके मुंह से गिरेगी या उसके दांत टूटेंगे, तब वह भौंकेगा। यह टिप्पणी यहीं खत्म नहीं हुई। झारखंड के छात्र आंदोलन में पहुंचे पीयूष मिश्रा ने उसी रूपक को लपका था। पीयूष मिश्रा ने नसीरुद्दीन शाह से पलटकर सवाल किया था, नसीर साहब आपने कहा था कि जिनके मुंह में हड्डी होती है, वे बोल नहीं सकते, अब मैं पूछ रहा हूं कि वे दूसरे कुत्ते कौन हैं, जो चुप हैं? यहीं से मामला सिर्फ दो अभिनेताओं की नोकझोंक से आगे बढ़ता हुआ मुखरता की कसौटी पर बहस का मुद्दा बन गया। मिश्रा ने सवाल उठाया कि यदि नसीरुद्दीन शाह छात्र आंदोलनों और राजनीतिक घटनाओं पर बॉलीवुड की चुप्पी को लेकर इतने मुखर हैं तो क्या उनकी अपनी आवाज भी हर ऐसे मुद्दे पर समान रूप से सुनाई देती है? उन्होंने नसीरुद्दीन शाह से तर्कसंगत सवाल पूछा कि कैप्टन स्मित मच्छार की बहादुरी पर मौनधारण क्यों? मच्छार ने फ्लाई दुबई की उड़ान में सह-पायलट के हमले के बावजूद कॉकपिट का नियंत्रण बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और 174 यात्रियों की जान बचाने में योगदान दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू सहित दुनियाभर में स्मित मछार की बहादुरी को सराहा जा रहा है। 5 अक्टूबर को मिश्रा ने नसीरुद्दीन शाह पर फिर तीखा हमला किया। उन्होंने नसीरुद्दीन शाह की मुंबई में सीजेपी प्रदर्शन के दौरान एक कार्यकर्ता से मुलाकात का उल्लेख करते हुए पूछा कि स्मित मच्छार की बहादुरी पर भी कुछ कहिए। साथ ही उन्होंने पंजाब की लवली प्रोफ़ेशनल यूनिवर्सिटी से जुड़े छात्र घटनाक्रम और झारखंड के छात्र आंदोलन के मुद्दे पर पर भी नसीरुद्दीन पर सवाल उठाए। हालांकि सबसे व्यक्तिगत और तीखा हिस्सा झारखंड को लेकर था। मिश्रा का दावा है कि उन्होंने नसीरुद्दीन शाह से वहां के छात्रों के लिए मदद मांगी थी लेकिन नसीरुद्दीन शाह की ओर से उन्हें एक पाकिस्तानी शायरा की नज्म मिली। मिश्रा ने कहा कि वहां कविता नहीं बल्कि आटा, दाल, रोटी, गुड़, लिट्टी-चोखा जैसी वास्तविक मदद की जरूरत थी। मिश्रा का दावा है कि नसीर की ओर से इसका सार्वजनिक जवाब सामने नहीं आया है। और फिर आया वह वाक्य जिसने इस पूरे विवाद को अगला मोड़ दे दिया। पीयूष मिश्रा ने कहा कि अब जब भी आप (नसीरुद्दीन शाह) कोई बयान देंगे, आपको पीयूष मिश्रा का जवाब मिलेगा। यानी नसीरुद्दीन शाह ने जिस हड्डी के जरिए दूसरों की चुप्पी पर व्यंग्य कसे थे, मिश्रा ने उसी हड्डी को उठाकर सवाल उनके सामने परोस दिया। पीयूष ने नसीर के शब्दों को ही उनके सामने सवाल बनाकर रख दिया है। यही सवाल नसीरुद्दीन शाह की सार्वजनिक छवि पर भी लागू होता है।

टकराव की जगह साझेदारी की जरूरत

दिल्ली में महिला सुरक्षा को लेकर हाल के प्रदर्शनों के दौरान लगे कुछ नारों ने सामाजिक विमर्श को एकबार फिर बहस के केंद्र में ला दिया है। ''एक कचौड़ी, दो समोसा, इन मर्दों का क्या भरोसा'', ''नारी अपने आप की, नहीं किसी के बाप की'', ''फूल नहीं, चिंगारी है, ये भारत की नारी है'' और ''ठंडे समोसे गर्म करो, मर्द जात शर्म करो'' जैसे नारे अपने अंदाज में नये और व्यंग्यात्मक जरूर हैं लेकिन इनके भीतर छिपे संदेश पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है।

महिला सुरक्षा आज समाज की सबसे महत्वपूर्ण चुनौतियों में से एक है। महिलाओं के साथ हिंसा, छेड़छाड़, यौन उत्पीड़न, घरेलू हिंसा और सार्वजनिक स्थानों पर असुरक्षा जैसी घटनाएं किसी भी सभ्य समाज के लिए चिंता का विषय हैं। ऐसी घटनाओं के खिलाफ आवाज उठाना महिलाओं का अधिकार है और समाज तथा शासन की जिम्मेदारी भी है। किसी महिला के साथ अपराध के लिए उसके पहनावे, व्यवहार या स्वतंत्रता को जिम्मेदार ठहराना न केवल गलत है बल्कि अपराधी के कृत्य से ध्यान भटकाने वाला तर्क भी है। महिला चाहे किसी भी पोशाक में हो, किसी भी समय घर से बाहर निकले या अपनी पसंद के अनुसार जीवन जिये, उसकी सुरक्षा उसका मूल अधिकार है। महिला सुरक्षा की लड़ाई को पुरुष बनाम महिला के संघर्ष में बदल देना भी समाधान नहीं हो सकता, यदि कुछ नारों में ''मर्द जात'' को सामूहिक रूप से संदेह या शर्म का पात्र बनाया जाता है तो इससे समाज में संवाद की जगह टकराव बढ़ने का खतरा रहता है। किसी व्यक्ति के अपराध के लिए लिंग के आधार पर जिम्मेदार ठहराना उतना ही अनुचित है, जितना किसी महिला के साथ हुई घटना के लिए उसके पहनावे या जीवनशैली को दोष देना। महिला सुरक्षा का प्रश्न पूरे समाज का प्रश्न है। अपराध करने वाला पुरुष हो सकता है लेकिन अपराध के खिलाफ आवाज उठाने वाला भी पुरुष हो सकता है। पिता अपनी बेटी की सुरक्षा और सम्मान के लिए चिंतित होता है, भाई अपनी बहन के लिए खड़ा होता है, पति अपनी पत्नी के अधिकारों का सम्मान करता है और बेटा अपनी मां के सम्मान की रक्षा करता है। दूसरी ओर, महिलायें भी सामाजिक बदलाव की महत्वपूर्ण साझेदार हैं। इसलिए इस लड़ाई को स्त्री और पुरुष के बीच खाई पैदा करने वाली लड़ाई नहीं बल्कि सुरक्षित और सम्मानजनक समाज बनाने का साझा अभियान बनाना चाहिए। यह भी समझना जरूरी है कि महिलाओं के कपड़े, रहन-सहन या उनकी स्वतंत्रता को महिला असुरक्षा का कारण बताना उचित नहीं है। किसी भी परिस्थिति में अपराध का उत्तरदायित्व अपराधी का ही होना चाहिए। साथ ही, स्वतंत्रता के नाम पर किसी भी व्यक्ति- चाहे वह पुरुष हो या महिला, को सामाजिक मर्यादा, कानून और दूसरे व्यक्ति के अधिकारों की अनदेखी करने का अधिकार नहीं दिया जा सकता। समाज में शालीनता और जिम्मेदारी की अपेक्षा दोनों से समान रूप से होनी चाहिए।

भारत का सामाजिक इतिहास इस बात का प्रमाण है कि बड़े परिवर्तन कभी केवल एक वर्ग के संघर्ष से संभव नहीं हुए। स्वतंत्रता आंदोलन में पुरुषों के साथ महिलाओं ने भी कंधे से कंधा मिलाकर संघर्ष किया। देश की आजादी किसी एक वर्ग की उपलब्धि नहीं बल्कि सामूहिक संघर्ष का परिणाम थी। इसी तरह सामाजिक कुरीतियां, अशिक्षा, गरीबी, हिंसा और अपराध के खिलाफ लड़ाई भी सामूहिक प्रयास से ही सफल होगी। महिला सुरक्षा के लिए कानूनों का कठोर और निष्पक्ष पालन जरूरी है। पुलिस व्यवस्था को संवेदनशील बनाया जाना चाहिए। शिकायत दर्ज कराने से लेकर न्याय मिलने तक की प्रक्रिया आसान और तेज होनी चाहिए। सार्वजनिक परिवहन, बाजार, कार्यस्थल, शिक्षण संस्थानों और डिजिटल माध्यमों में महिलाओं की सुरक्षा के लिए प्रभावी व्यवस्था होनी चाहिए। इसके साथ ही बच्चों और युवाओं में बचपन से ही लैंगिक सम्मान, सहमति, संवेदनशीलता और जिम्मेदार व्यवहार की शिक्षा दी जानी चाहिए।



सिर्फ कानून बनाकर समाज नहीं बदलेगा। घर, विद्यालय, परिवार, मीडिया और सामाजिक संस्थाओं को भी अपनी भूमिका निभानी होगी। जिस प्रकार लड़कियों को सावधानी और आत्मरक्षा सिखाई जाती है, उसी प्रकार लड़कों को भी यह सिखाना होगा कि किसी महिला की इच्छा, गरिमा और व्यक्तिगत सीमा का सम्मान करना उनकी नैतिक और सामाजिक जिम्मेदारी है। महिला आंदोलन की ताकत उसकी व्यापकता में है। यदि यह आंदोलन पुरुषों के प्रति नफरत का संदेश देने लगेगा तो उसका दायरा सीमित हो सकता है लेकिन यदि इसका संदेश यह हो कि ''हर महिला सुरक्षित हो, हर पुरुष जिम्मेदार हो और हर अपराधी कानून के सामने जवाबदेह हो'', तो समाज के अधिकांश लोग इसके साथ खड़े होंगे। नारे आंदोलन की आवाज होते हैं लेकिन नारे समाज की दिशा भी तय करते हैं। इसलिए नारों में आक्रोश के साथ विवेक और संवाद की जगह भी होनी चाहिए। महिला को कमजोर समझना गलत है लेकिन पुरुष को जन्म से अपराधी मान लेना भी गलत है। जरूरत किसी एक वर्ग को दूसरे के विरुद्ध खड़ा करने की नहीं बल्कि दोनों को समान जिम्मेदारी के साथ खड़ा करने की है। महिला सुरक्षा की असली लड़ाई तब जीती जायेगी, जब समाज में यह भावना मजबूत होगी कि महिला की स्वतंत्रता सम्मान के साथ सुरक्षित है, पुरुष की जिम्मेदारी कानून और नैतिकता से तय होती है और अपराधी की पहचान उसके लिंग से नहीं, उसके कृत्य से होती है। इसलिए सवाल केवल यह नहीं होना चाहिए कि ''मर्दों पर लगाम कैसे लगे?'' बल्कि सवाल यह भी होना चाहिए कि ऐसा समाज कैसे बने, जहां किसी महिला को असुरक्षित महसूस न करना पड़े और किसी पुरुष को केवल पुरुष होने के कारण संदेह की नजर से न देखा जाय, यही संतुलित दृष्टिकोण महिला सुरक्षा को वास्तविक सामाजिक आंदोलन में बदल सकता है।

डॉ. अरविंद नाथ तिवारी

सीमा के आर-पार बेटियों की तस्करी का खेल!

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

एक देश की सीमा से दूसरे देश की सीमा तक इंसान की आवाजाही सामान्य बात हो सकती है किंतु जब किसी युवती को दुर्गम रास्तों से चुपचाप सीमा पार कराकर दूसरे शहर में ले जाया जाए, उसके लिए पहले से विवाह तय हो और उसके पीछे बिचौलियों का संगठित नेटवर्क काम कर रहा हो, तब मामला मानव तस्करी की गंभीरता का हो जाता है। वस्तुतः ग्वालियर जीआरपी की हालिया कार्रवाई ने इसी भयावह पक्ष की ओर देश का ध्यान खींचा है।

बांग्लादेश के कुतुपालोंग शरणार्थी शिविर से म्यांमार मूल की चार युवतियों को अवैध तरीके से भारत लाया गया था। ग्वालियर में स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस के जनरल कोच से इनमें शामिल 25 वर्षीय मुबीन को हिरासत में लिया गया और पूछताछ के बाद उसकी निशानदेही पर उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ से 35 वर्षीय मोहम्मद हसन को पकड़ा गया है। गहराई से पता करने पर सामने आया है कि चारों युवतियों को आगे जम्मू-कश्मीर ले जाकर मैरिज कराने की योजना थी। वस्तुतः आज यह कार्रवाई इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि इसने एक ऐसे रास्ते की ओर संकेत किया है जिसमें बांग्लादेश का शरणार्थी शिविर, सीमा पार कराने वाले बिचौलिए, भारत के भीतर ठिकाने, रेलमार्ग और आगे विवाह की व्यवस्था जैसी अलग-अलग कड़ियां एक-दूसरे से जुड़ती दिखाई दे रही हैं। गृह मंत्रालय के अनुसार नेपाल, बांग्लादेश और म्यांमार से महिलाओं और लड़कियों को बेहतर जीवन, रोजगार और सुविधाओं के वादे पर भारत लाने के मामले सामने आए हैं। सरकारी रिकॉर्ड में यह भी दर्ज है कि भारत से महिलाएं और लड़कियां आगे मध्य-पूर्व तथा दक्षिण-पूर्व एशिया तक पहुंचाई जाती रही हैं। यानी समस्या की दिशा एकतरफा नहीं है। भारत की बेटियों को भी विदेशों में रोजगार, विवाह, मनोरंजन या दूसरे अवसरों के नाम पर फंसाकर शोषण के मामलों का सामना करना पड़ रहा है। मई 2026 में सीबीआई ने भारतीय नागरिकों को आकर्षक नौकरियों का झांसा देकर दक्षिण-पूर्व एशिया के देशों, विशेषकर म्यांमार और कंबोडिया स्थित साइबर अपराध परिसरों तक पहुंचाने वाले एक संगठित नेटवर्क की जांच शुरू की। तब भी पीड़ितों को वहां जबरन साइबर धोखाधड़ी में लगाए जाने की बात सामने आई थी। दरअसल, विदेशों में फंसी भारतीय महिलाओं की समस्या का आकार भी इस तथ्य से समझा जा सकता है कि विदेश मंत्रालय के आंकड़ों में पिछले वर्षों के दौरान खाड़ी देशों से भारतीय महिलाओं को सुरक्षित भारत वापस लाने के अनेक मामले दर्ज हैं। साल 2021 से 2025 के बीच अकेले कुवैत, ओमान, यूएई, कतर और सऊदी अरब जैसे देशों से बड़ी संख्या में महिलाओं की सहायता, शिकायतों के समाधान या सुरक्षित वापसी के मामले दर्ज हुए। वस्तुतः यहाँ कहना यही है कि मानव तस्करी का अर्थ सिर्फ किसी महिला को वेश्यावृत्ति में धकेलना नहीं है। जबरन श्रम, यौन शोषण, फर्जी विवाह, घरेलू बंधुआ श्रम, बच्चों की तस्करी और झूठे रोजगार के नाम पर विदेश भेजना इसके अलग-अलग रूप हैं। संयुक्त राष्ट्र मादक पदार्थ एवं अपराध कार्यालय के दक्षिण एशिया संबंधी आंकड़ों में महिलाओं और लड़कियों की बड़ी हिस्सेदारी मानव तस्करी के पहचाने गए पीड़ितों में सामने आती है। विवाह के नाम पर तस्करी विशेष रूप से गंभीर है क्योंकि इसमें अपराध को सामाजिक स्वीकार्यता की आड़ मिल जाती है। अमेरिकी विदेश विभाग की भारत संबंधी मानव तस्करी रिपोर्ट में भी भारत के भीतर और भारत से बाहर महिलाओं के शोषण के लिए फर्जी विवाहों के इस्तेमाल का उल्लेख किया गया है। उसी रिपोर्ट में भारत में नेपाली और बांग्लादेशी महिलाओं तथा लड़कियों को झूठे रोजगार के वादों से लाकर शोषण करने के मामलों का भी उल्लेख है। इस पूरे प्रकरण में मध्य प्रदेश जीआरपी की त्वरित कार्रवाई सराहनीय है। सूचना मिली, ट्रेन की पहचान हुई, संदिग्ध को ग्वालियर में उतारा गया, पूछताछ हुई, दूसरे व्यक्ति का पता चला और फिर अलीगढ़ में दबिश देकर युवतियों को बरामद किया गया। अपराध के मामले में सूचना से कार्रवाई और कार्रवाई से बरामदगी तक पहुंचने की यह गति महत्वपूर्ण है। चार युवतियों की जिंदगी संभवतः ऐसे रास्ते की ओर बढ़ रही थी जहां उनकी इच्छा, स्वतंत्रता और भविष्य किसी दूसरे व्यक्ति के आर्थिक हित के सामने गौण हो सकते थे। समय पर हुई कार्रवाई ने उस संभावना को रोक दिया। वैसे भारत सरकार ने सभी जिलों में एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट्स को मजबूत करने की दिशा में कदम उठाए हैं।

सेहत मंत्र

अमरूद ही नहीं, उसकी पत्तियां भी होती हैं सेहत के लिए लाभदायक

अमरूद एक ऐसा फल है, जो हर किसी को काफी पसंद आता है। इसे खाने से आपको स्वाद के साथ सेहत भी मिलती है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि अमरूद ही नहीं, उसकी पत्तियां भी सेहत के लिए उतनी ही लाभकारी है। अमरूद की पत्तियों में एंटीऑक्सीडेंट, एंटी-बैक्टीरियल गुण और एंटी-इंफ्लेमेट्री गुण पाए जाते हैं, जिसके कारण यह कई तरह की बीमारियों में लाभदायक है। आपको शायद जानकर हैरानी हो लेकिन अमरूद के पत्ते जुकाम जैसी सामान्य समस्या से लेकर जानलेवा डेंगू तक को ठीक कर सकता है। दूर करे मसूड़ों का दर्द- अमरूद के पत्ते ओरल हेल्थ के लिए काफी अच्छे माने जाते हैं। अगर आपको मसूड़ों में किसी तरह की परेशानी या दर्द है तो आप अमरूद की पत्तियों को पीसकर इसमें लौंग व सेंधा नमक मिलाएं। अब इसमें थोड़ा पानी मिक्स करके उबालें। अब आप इस पानी को हल्का सा ठंडा करें और फिर इससे गरारे करें। इससे न सिर्फ मसूड़ों की समस्या दूर होती है, बल्कि मुंह से आने वाली दुर्गंध से भी छुटकारा मिलता है। डायरिया में आराम- डायरिया एक ऐसी समस्या है, जो देखने में भले ही आम लगे, लेकिन इसके कारण व्यक्ति काफी कमजोर हो जाता है। इसके लिए आपको अमरूद के पत्तों का काढ़ा बनाना होगा। काढ़ा बनाने के लिए आप अमरूद के पत्तों को पानी में डालें। साथ ही इसमें चावल का आटा मिलाकर उबालें। अब आप इस पानी को छानक इसका सेवन करें। घटाए वजन- अगर आप अपने अतिरिक्त वजन से परेशान हैं और उसे कम करना चाहते हैं तो अमरूद के पत्तों के रस का सेवन किया जा सकता है। यह रस आपके वजन कम करने के साथ-साथ आपके दिल का भी ख्याल रखता है। पिंपल्स को करें दूर- अमरूद के पत्ते आपकी सेहत के साथ-साथ सौंदर्य का भी उतना ही ख्याल रखते हैं। मसलन, अगर आपको पिंपल्स हैं और आप महंगी क्रीम का इस्तेमाल कर रही हैं तो उसकी जगह आप अमरूद के पत्तों को पीसकर पेस्ट बनाएं और उसे प्रभावित जगह पर लगाएं। रातभर इस पेस्ट को ऐसे ही रहने दें। कुछ दिन लगातार यह उपाय करने से आपके पिंपल्स जल्द ही खत्म हो जाएंगे। ठीक इसी तरह, अगर आप ब्लैकहेड्स को दूर करना चाहती हैं तो अमरूद की पत्तियों से स्किन को स्क्रब करें।

धर्म मंत्र

दानवीरता से कभी पीछा नहीं हटे कर्ण

कर्ण को सूत पुत्र कहा गया है, जबकि वो एक राज पुत्र थे। कर्ण एक महान दानवीर थे। वे अपने वचन हेतू अपने प्राणों का बलिदान भी दे सकते थे। जब पांडवों की शिक्षा खत्म हुई तब रंग-भूमि में आकर कर्ण ने अर्जुन को ललकारा। उन्होंने कहा कि अगर अर्जुन संसार का सर्वश्रेष्ठ धनुरधर है तो उससे मुकाबला करें और इस बात को सिद्ध करे। कर्ण को सूत पुत्र कहा गया है क्योंकि उनका पालन-पोषण एक सूत के घर हुआ है। कर्ण को सूत पुत्र समझकर उन्हें अर्जुन से मुकाबला नहीं करने दिया जाता है। दुर्योधन को यहां एक अवसर दिखता है। वह कर्ण को अंग देश का राजा घोषित कर देता है। वह कर्ण को अपना मित्र बना लेता है। यह बात कर्ण को अच्छी लगती है। लेकिन समय सीमा खत्म होने के चलते रंगभूमि में कर्ण-अर्जुन का मुकाबला टल जाता है। पांडवों और कौरवों के बीच होने वाले अंतिम निर्णायक युद्ध के पहले भगवान कृष्ण कर्ण को एक भेद बतलाते हैं। वो कहते हैं कि वो एक पांडव और कुंती के ज्येष्ठ पुत्र हैं। यह जानकर कर्ण अपने भाइयों की तरफ नहीं जाता और दुर्योधन से घात कर देते हैं। कर्ण के पास दिव्य कवच-कुंडल थे जिसके चलते वो अजेय थे। महाभारत के पांडवों समेत कोई भी युद्ध उन्हें परास्त नहीं कर पाता। ऐसे में सुबह स्नान के समय इन्द्रदेव आते हैं और कर्ण से उनका दिव्य कवच-कुंडल मांगते हैं। हालांकि, कर्ण को पहले से ही इस बात का पता था क्योंकि उनके पिता सूर्य देव द्वारा दिखाए गए स्वप्न से कर्ण को यह बात पहले ही पता चल गई थी कि इंद्रदेव रूप बदलकर आएंगे।

पर्यटन



गोवा की बात ही अलग है, दिन भर करिये मस्ती और रात को पार्टी

गोवा का नाम सामने आते ही आंखों के सामने घूमने लगते हैं खूबसूरत और लंबे-चौड़े समुद्री किनारे, ऐतिहासिक चर्च, इमारतें, शाम की ठंडी हवा, क्रूज का शानदार सफर, फ़ेनी, पब्स, काजू, डांस पार्टीज, बाइक पर मस्ती करते युवा और ना जाने क्या क्या...। गोवा घूमने के लिए वैसे तो आप कभी भी जा सकते हैं लेकिन अक्तूबर से दिसबंर तक यहाँ घूमने का अपना अलग मजा है। खासकर दिसंबर में तो गोवा विदेशी पर्यटकों से भरा रहता है और यहां की न्यू ईयर पार्टीज पूरी दुनिया में मशहूर हैं। अब तो मुंबई से गोवा के लिए क्रूज भी चलने लगा है जिससे पर्यटकों की तादाद बढ़ गयी है। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि गोवा में वो सबकुछ है जो एक पर्यटक चाहता है। गोवा लगभग 450 साल तक पुर्तगाली शासन के आधीन रहा इसलिए यहां पर यूरोपीय संस्कृति का प्रभाव अधिक महसूस होता है। दिसंबर 1961 में गोवा को भारतीय प्रशासन को सौंपा गया था। संस्कृति की दृष्टि से गोवा की संस्कृति काफी प्राचीन है। मान्यता है कि 1000 साल पहले गोवा ''कोंकण काशी'' के नाम से जाना जाता था। क्षेत्रफल के हिसाब से देखा जाये तो गोवा भारत का सबसे छोटा और जनसंख्या के हिसाब से चौथा सबसे छोटा राज्य है। पूरी दुनिया में गोवा अपने खूबसूरत समुंदर के किनारों और मशहूर स्थापत्य कला के लिये जाना जाता है। बहुत कम ही लोग जानते होंगे कि गोवा के बारे में एक मान्यता यह भी है कि इसकी रचना स्वयं भगवान परशुराम ने की थी। भगवान परशुराम ने एक यज्ञ के दौरान अपने बाणों की वर्षा से समुद्र को कई स्थानों पर पीछे धकेल दिया था। इसी वजह से आज भी गोवा में बहुत से स्थानों का नाम वाणावली, वाणस्थली इत्यादि हैं। उत्तरी गोवा में हरमल के पास भूरे रंग के एक पर्वत को परशुराम के यज्ञ करने का स्थान माना जाता है। गोवा के मनभावन समुद्री किनारों की बात करें तो इनमें पणजी से 16 किलोमीटर दूर कलंगुट बीच, उसके पास बागा बीच, पणजी बीच के निकट मीरामार बीच, जुआरी नदी के मुहाने पर दोनापाउला बीच प्रमुख हैं। इसके अलावा दूसरी दिशा की ओर देखेंगे तो कोलवा बीच पर मानसून के समय पर्यटक बड़ी तादाद में जुटते हैं।

योजना बदली तो नियत बदली पोर्टल पर फौज, मौके पर सन्नाटा

हाल-ए श-विकास खंड निंदूरा मनरेगा में लूट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निन्दूरा बाराबंकी। विकासखंड निंदूरा में वीबी-जी राम जी योजना (पूर्व मनरेगा) अब कागजों पर दौड़ रही है, धरातल पर नहीं। कहावत है - नींद बदली तो तबीयत बदली। यहाँ योजना बदली तो नियत ही बदल गई। ग्राम पंचायत पिंडसावा में चक मार्ग पटाई कार्य में 6 अक्टूबर को पोर्टल पर 22 मजदूरों की हाजिरी चढ़ी, 7 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे मौके पर सिर्फ 4 मिले। सचिव महमूद अंसारी का जवाब है - ''मजदूर मेरे बंधुआ नहीं हैं, आते हैं, चले जाते हैं।''

क्लोन एप से चल रहा है फर्जीवाड़ा!

सूत्र बताते हैं, एप में फ़ेस रीडिंग से



छेड़छाड़ संभव नहीं, इसलिए एक दिन मजदूरों का फोटो वीडियो लेकर रख लिया जाता है और रोज उसी से क्लोन एप से हाजिरी का खेल चलता है। अकेली पिंडसावा नहीं- बीते माह बंदगी नगर तालाब में तीन बार निरीक्षण में पोर्टल पर हाजिरी फुल, मौके पर जीरो। तालाब में पानी भरा था, मजदूर नदारद। पलिया और रेंगवां में भी यही कहानी। बारिश आई तो काम बंद का बहाना मिल गया।

मौके पर और पोर्टल पर हाजिरी में मिला था अंतर-

ऑनलाइन 25-30-50-60 मजदूर, मौके पर दो-तीन, कभी वह भी नहीं। योजना का नाम बदला तो विकास का रंग बदल गया, और सरकारी तंत्र की बदनामी का नया अध्याय शुरू हो गया।

ग्रामीणों का तंज - काम करें कोई फोटो खिंचावत कोई ऑनलाइन हाजिरी में जिन जॉब कार्डधारक की तस्वीरें दर्ज की जा रही हैं, मौके पर उनके बजाय दूसरे श्रमिकों से काम कराया जा रहा है।ऐसे में ऑनलाइन फोटो में दर्ज मजदूरों और मौके पर काम कर रहे श्रमिकों का सत्यापन कराया जाए तभी घर मिल से पर्दा उठ सकेगा। इस संबंध में बीडीओ अमन कुमार वर्मा को फोन किया गया परंतु उनका पक्ष प्राप्त नहीं हो सका।

सो रही युवती को सांप ने डंसा इलाज के दौरान जिला अस्पताल में मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामसनेहीघाट बाराबंकी। कोतवाली राम सनेही घाट क्षेत्र के हरिलाल पुरवा गांव में मंगलवार सुबह उस समय कोहराम मच गया, जब बिस्तर पर सो रही 18 वर्षीय युवती को सांप ने डस लिया। उपचार के दौरान जिला अस्पताल में युवती की मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में मातम पसरा है, वहीं गांव में भी शोक की लहर है। हरिलाल पुरवा निवासी राम कैलाश धीमान की बेटी रूबी मंगलवार सुबह करीब पांच बजे अपने बिस्तर पर सो रही थी। इसी दौरान जहरीले सांप ने उसे डस लिया। सांप के डसने की जानकारी होते ही परिजनों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन परिजन रूबी को लेकर सीएचसी बनीकोडर पहुंचे। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां



उपचार के दौरान रूबी ने दम तोड़ दिया। बेटी की मौत की खबर मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

अचानक हुई इस घटना से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। गांव में भी मातम का माहौल है। ग्रामीणों ने पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए प्रशासन से हरसंभव मदद की मांग की है।

तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामसनेहीघाट बाराबंकी। लखनऊ-अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार दोपहर अंगदपुर चौराहे के पास सड़क पार करते समय तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने उसे निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामसनेहीघाट पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार सफदरगंज थाना क्षेत्र के देवकहा गांव निवासी राम किशोर उर्फ ननकू (उम्र अज्ञात) पुत्र श्रीराम अपनी पत्नी के साथ रामसनेहीघाट कोतवाली क्षेत्र के अंगदपुर गांव में रिश्तेदार को देखने



आए थे। बुधवार दोपहर करीब तीन बजे वह पत्नी के साथ बाइक से अपने घर वापस जा रहे थे। अंगदपुर चौराहे के पास सड़क पार करते समय लखनऊ की ओर से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी तेज थी कि रामकिशोर बाइक से उछलकर सड़क पर जा गिरे और कुछ दूर तक घिसटते चले गए। हादसे में उनके सिर, कान और पैर में गंभीर चोटें आईं तथा खून बहने लगा। दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल घायल को निजी वाहन से सीएचसी रामसनेहीघाट पहुंचाया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

सीएचसी अधीक्षक डॉ. रमेश चंद्र ने बताया कि घायल को अस्पताल लाया गया था, लेकिन चिकित्सकीय परीक्षण के दौरान वह मृत अवस्था में पाए गए।

वहीं कोतवाली प्रभारी दयाशंकर द्विवेदी ने बताया कि सड़क हादसे में युवक की मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। दुर्घटना करने वाले अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

बताया गया कि मृतक के परिवार में दो पुत्र और एक पुत्री हैं। हादसे की सूचना मिलने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। पत्नी व अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

एक शाम महात्मा गांधी के नाम मुशायरे में रातभर गूंजी शायरी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

जैदपुर, बाराबंकी। कस्बे के मोहल्ला नयापुरा में मंगलवार रात 'एक शाम महात्मा गांधी के नाम' ऑल इंडिया मुशायरे का आयोजन हुआ। देर रात तक चले मुशायरे में देश के विभिन्न हिस्सों से आए शायरों ने अपने कलाम पेश कर श्रोताओं की खूब वाहवाही लूटी।

जमील अख्तर ने पढ़ा, ह्लवह परिंदे हमें दुआ देंगे, जिनको हम पिंजड़े से उड़ा देंगे।ङ्क उस्मान मीनाई, हिमांशी बबरा, खुर्शीद हैदर मुजफ्फरनगरी, प्रतिभा यादव, वसीम रामपुरी और गुफरान चुलबुल जैदपुरी ने भी अपने अंदाज में शायरी सुनाई। अली बाराबंकवी, विकास बौखल और अबसार जैदपुरी समेत अन्य शायरों ने भी कलाम पेश किए। मुशायरे की अध्यक्षता अबू हमजा अंसारी ने की, जबकि संचालन जमील अख्तर ने किया। आयोजक अबू उमैर अंसारी, संयोजक फरहान अंसारी, संरक्षक हाजी मो. अमीन समेत बड़ी संख्या में श्रोता मौजूद रहे।

चेन स्नेचर गिरफ्तार

बाराबंकी । थाना कोतवाली नगर की पुलिस टीम द्वारा बुधवार को 2 चेन-स्नैचर को गिरफ्तार कर झपटमारी की घटना का अनावरण किया है पुलिस ने अभियुक्तगण के कब्जे से 1 अदद चेन व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी बरामद कि है अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा डिजिटल डेटा व मैनुअल इंटेलीजेन्स के आधार पर चैन स्नैचरो को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस द्वारा गिरफ्तार शिवा गौतम करमुल्लापुर व राज वर्मा ग्राम कुड़ी थाना सफदरगंज के निवासी है इन लोगो को कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत पल्हरी अंडरपास के पास से गिरफ्तार किया गया पुलिस के अनुसार सुनसान इलाकों से गुजरने वाली महिलाओं को चिन्हित कर उनका पीछा करते थे, तत्पश्चात चैन झपटकर अपनी मोटरसाइकिल से फरार हो जाते थे तथा छीनी गयी चैन को टुकड़ों में तोड़कर बेच दिया करते थे। इनके द्वारा 4 अक्टूबर की रात्रि को थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत कृष्णानगर के पास यामाहा मोटरसाइकिल से एक महिला के गले से सोने की चेन छीना गया था।

सेवा ज्योति कलश यात्रा में दिखा उत्साह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। सेवा संकल्प अभियान के तहत बुधवार को जीआईसी ऑडिटोरियम से सतरिख नाका तिराहे तक 'सेवा ज्योति कलश यात्रा' निकाली गई। यात्रा में प्रभारी मंत्री एवं राज्य मंत्री कारागार सुरेश राही, राज्यसभा सदस्य अमरपाल मौर्या, जिला पंचायत प्रशासक राजरानी रावत, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत, विधायक साकेन्द्र प्रताप वर्मा समेत जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी और बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। इसके बाद प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा



गया। यात्रा के बाद सतरिख नाका तिराहे पर 'सेवा ज्योति कलश' की स्थापना की गई। यात्रा के जरिए सेवा, राष्ट्रनिर्माण और विकसित भारत-2047 के संकल्प का संदेश दिया गया।

गलत साधनों से सही मंजिल नहीं मिल सकती: सीपी चंद

बच्चों को गांधी से मिलाना होगा, तभी सार्थक होगा आयोजनः राहुल देव

नई पीढ़ी को गांधी से जोड़ना समय की जरूरतः नवीन जोशी

राहुल देव को महात्मा गांधी, नवीन जोशी को आचार्य नरेंद्र देव सम्मान

गांधी जयंती सप्ताह के समापन पर बच्चों को मिले पुरस्कार व उपहार, खिल उठे चेहरे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। गांधी को केवल पढ़ना और उनके विचारों पर चर्चा करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनके सिद्धांतों को जीवन में उतारना ही सच्ची श्रद्धांजलि है। सफलता की मंजिल कितनी भी बड़ी हो, उसे पाने के लिए गलत साधनों का सहारा नहीं लिया जा सकता। साध्य के साथ साधनों की पवित्रता भी जरूरी है। यह बात बुधवार को गांधी जयंती सप्ताह के समापन समारोह में मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य सीपी चंद ने कही। गांधी





भवन में आयोजित समारोह के दौरान गांधी जयंती समारोह ट्रस्ट की ओर से वरिष्ठ पत्रकार एवं गांधीवादी अध्येता राहुल देव को महात्मा गांधी सम्मान तथा वरिष्ठ पत्रकार नवीन जोशी को आचार्य नरेंद्र देव सम्मान से अलंकृत किया गया। इससे पूर्व सीपी चंद, राहुल देव, नवीन जोशी और पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। सीपी चंद ने कहा कि जैसा साध्य होता है, साधन भी उसी अनुरूप होने चाहिए। गांधी का रास्ता हमें लक्ष्य के साथ उसे प्राप्त करने के साधनों की पवित्रता का संदेश देता है। गांधी को पढ़ने और समझने से अधिक जरूरी है कि उनके विचार हमारे आचरण का हिस्सा बनें। वरिष्ठ पत्रकार एवं गांधीवादी चिंतक राहुल देव ने कहा कि विश्व में महात्मा गांधी को जो सम्मान मिला, वह उनके विचारों की व्यापक स्वीकार्यता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि आज का हिंदुस्तान बच्चों के हाथों में है और भारत के निर्माण की बड़ी जिम्मेदारी नई पीढ़ी पर है। बच्चों को गांधी के जीवन और विचारों से परिचित कराना होगा। तभी ऐसे आयोजनों की वास्तविक सार्थकता होगी। वरिष्ठ पत्रकार नवीन जोशी ने कहा कि समय बदलने के बावजूद गांधी के सत्य, अहिंसा, सद्भाव और सामाजिक एकता के विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। गांधी सप्ताह नई पीढ़ी को इन विचारों से जोड़ने का अभियान है। समारोह में सीपी चंद और अरविंद सिंह गोप ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले बच्चों को पुरस्कार व उपहार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम अध्यक्ष मो. उमेर किदवई ने बच्चों की सहभागिता की सराहना की। संचालन पाटेश्वरी प्रसाद ने किया। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक राजनाथ शर्मा, शिवशंकर शुक्ला, हुमायूं नईम खान, टोरेंट गैस लि. के जनरल मैनेजर रजनीश उपाध्याय, मैनेजर वैभव अग्निहोत्री, अशोक शुक्ला, विजय प्रताप सिंह, अश्वनी शर्मा 'शिवा', आशीष श्रीवास्तव, ज्ञान सिंह यादव, उमेश रावत एडवोकेट, तौकीर करार, असद उमर अंसारी, अरुण पाण्डेय, विनय कुमार सिंह, मृत्युंजय शर्मा, शऊर कामिल किदवई, अदिति शर्मा, अनवर महबूब किदवई, मो. सईद, आद्या शर्मा सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

चौपालों की चौखट पर उतरा प्रशासन : एसपी



अर्पित ने जनसंवाद को बनाया न्याय का माध्यम !

बाराबंकी से लखनऊ कमिश्नरेट पहुंचे अर्पित विजयवर्गीय, संवेदनशील पुलिसिंग और जनविश्वास की छोड़ गए मिसाल

विकास तिवारी

बाराबंकी। प्रशासनिक फ़ेरबदल के बीच पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय का लखनऊ कमिश्नरेट के लिए स्थानांतरण हो गया। सरकारी अभिलेखों में यह महज एक तबादला है, लेकिन बाराबंकी की स्मृतियों में यह उस अध्याय का समापन है, जिसने पुलिस और जनता के रिश्तों को केवल कानून की सीमाओं तक नहीं, बल्कि विश्वास और संवाद की डोर से भी जोड़ा।लगभग अट्ठारह महीने से अधिक समय तक जनपद की कमान संभालने वाले अर्पित विजयवर्गीय ने यह साबित किया कि वर्दी का वास्तविक सम्मान उसके कंधों पर लगे सितारों से नहीं, बल्कि आम आदमी के मन में पैदा हुए भरोसे से तय होता है। उनके कार्यकाल में पुलिस का चेहरा केवल कार्रवाई तक सीमित नहीं रहा, बल्कि समस्या सुनने, समझने और समाधान तक पहुंचने वाला दिखाई दिया।जब अधिकांश अधिकारी कार्यालयों में बैठकर व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हैं, तब अर्पित विजयवर्गीय गांवों की चौपालों में लोगों के बीच दिखाई दिए। उनकी पहल पर शुरू हुई पुलिस चौपालें केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं रहीं, बल्कि उन लोगों की आवाज बनीं जिनकी शिकायतें वर्षों से फाइलों और विवादों के बीच उलझी हुई थीं। यह व्यवस्था की वह दस्तक थी, जिसने लोगों को महसूस कराया कि शासन केवल राजधानी में नहीं, उनके गांव के चौपाल तक मौजूद है।धार्मिक आयोजनों और भीड़भाड़ वाले अवसरों पर उनकी सक्रियता ने भी एक अलग पहचान बनाई। सावन माह में लोधेश्वर महादेव मेले के दौरान चौबीस घंटे तक लगातार व्यवस्थाओं पर नजर रखने वाले इस अधिकारी ने यह संदेश दिया कि नेतृत्व आदेश देने से नहीं, सबसे आगे खड़े होकर जिम्मेदारी निभाने से स्थापित होता है।उनके कार्यकाल में अपराध नियंत्रण के साथ-साथ संवाद और विश्वास को भी प्राथमिकता मिली। शायद यही कारण रहा कि शिकायत लेकर आने वाला व्यक्ति अक्सर एक अधिकारी से अधिक एक संवेदनशील श्रोता से मिलकर लौटता था। सख्ती और संवेदनशीलता का यह संतुलन ही उनकी सबसे बड़ी प्रशासनिक पूंजी बना।आज जब वह बाराबंकी से विदा हो रहे हैं, तब उनके पीछे केवल सरकारी उपलब्धियों की सूची नहीं, बल्कि हजारों लोगों की स्मृतियां हैं। कुछ अधिकारियों का कार्यकाल आदेशों में दर्ज होता है, कुछ का लोगों के दिलों में। अर्पित विजयवर्गीय उन अधिकारियों में शामिल हैं जिनकी पहचान पद से नहीं, बल्कि अपने कार्यों की छाप से होती है। तबादले प्रशासन की परंपरा हैं, लेकिन कुछ नाम ऐसे होते हैं जो फाइलों से निकलकर जनमानस का हिस्सा बन जाते हैं। बाराबंकी के लिए अर्पित विजयवर्गीय ऐसा ही एक नाम बनकर विदा हुए हैं।

गश्त को बनाया जवाबदेह, गांव की गलियों तक पहुंची तकनीक

बाराबंकी। पुलिसिंग को केवल थानों और चौकियों तक सीमित रखने के बजाय उसे सड़क, गांव और आमजन के बीच पहुंचाने की दिशा में पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने तकनीक का भी सहारा लिया। उनके कार्यकाल में ग्रामीण अंचलों से लेकर महत्वपूर्ण पुलिस गश्त प्वाइंटों तक क्यूआर कोड लगाए गए। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी निर्धारित स्थानों पर पहुंचकर नियमित गश्त करें और उनकी मौजूदगी की निगरानी भी होती रहे। इस व्यवस्था से एक ओर जहां गश्त में लापरवाही की गुंजाइश कम हुई, वहीं दूसरी ओर किसी आपात स्थिति में संबंधित स्थान से पुलिस सहायता उपलब्ध कराने में भी सहूलियत मिली। खास बात यह रही कि तकनीक का इस्तेमाल केवल निगरानी के लिए नहीं, बल्कि पुलिस को जनता के और करीब ले जाने के माध्यम के रूप में किया गया। अर्पित विजयवर्गीय की इस पहल का मूल भाव यही था कि पुलिस की मौजूदगी कागजों में नहीं, बल्कि जमीन पर दिखाई दे। गांव की पगडंडी हो या संवेदनशील प्वाइंट, हर जगह पुलिस की पहुंच और जवाबदेही सुनिश्चित करने की यह कोशिश उनके कार्यकाल की उल्लेखनीय पहलों में शामिल रही।

गांधी जयंती सप्ताह में सिटी इंटर कॉलेज के छात्रों ने जीता प्रथम पुरस्कार

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता । गांधी जयंती सप्ताह 2026 के तहत गांधी भवन में आयोजित सप्ताहभर के कार्यक्रमों में सिटी इंटर कॉलेज बाराबंकी के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। रंगोली प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में सिटी इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विजेता विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि के हाथों पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर मंचासीन अतिथियों ने विद्यालय की प्रतिभागिता की सराहना करते हुए प्रतीक चिह्न और खादी से बनी माला भेंट कर सम्मानित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य वी.पी. सिंह ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कला शिक्षक प्रशांत कुमार और शिक्षिका निशा के मार्गदर्शन की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।

नहर में मिला युवती का क्षत-विक्षत शव, हत्या की आशंका

मसौली, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता । थाना क्षेत्र के तिलपुरा गांव के निकट शारदा सहायक डबल नहर की झाल में बुधवार को करीब 28 वर्षीय अज्ञात युवती का शव मिलने से हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नहर से बाहर निकलवाकर उसकी पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। प्रभारी निरीक्षक छोटेलाल ने बताया कि शव की पहचान कराने के लिए तीन दिन पूर्व फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र से लापता हुई एक युवती के परिजनों को बुलाया गया था, लेकिन उन्होंने शव की पहचान नहीं की। पुलिस के अनुसार शव के चेहरे पर गंभीर चोट के निशान हैं और चेहरा बुरी तरह कुचला हुआ था। शरीर पर भी चोट के निशान पाए गए हैं। ऐसे में युवती की हत्या कर शव नहर में फेंके जाने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। पुलिस शव की पहचान के साथ घटना की जांच में जुटी है।

सीएनजी भराने को लगी कतार, सड़क तक पहुंचा वाहनों का जमावड़ा

निंदूरा, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता । लखनऊ-महमूदाबाद राजमार्ग पर अनवारी कस्बे स्थित इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप पर बुधवार को सीएनजी भराने के लिए वाहनों की लंबी कतार लग गई। कतार सड़क तक पहुंचने से महमूदाबाद से लखनऊ जाने वाली पटरी का काफी हिस्सा वाहनों से घिर गया, जिससे आवागमन प्रभावित हुआ।

सीएनजी के इंतजार में खड़े वाहनों के कारण सड़क पर अन्य वाहनों के निकलने के लिए जगह कम रह गई। इससे मार्ग पर यातायात का दबाव बढ़ गया और वाहन चालकों को परेशानी उठानी पड़ी। स्थानीय लोगों का कहना है कि सीएनजी वाहनों की संख्या लगातार बढ़ रही है, लेकिन पंप के बाहर वाहनों के खड़े होने की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। इसके चलते अक्सर सड़क पर ही वाहनों की कतार लग जाती है।

सेवा संकल्प शिविर में ग्रामीणों को दी योजनाओं की जानकारी

निंदूरा, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता । सेवा संकल्प अभियान के तहत विकासखंड निंदूरा परिसर में तीन दिनों तक विभिन्न विभागों के स्टाल लगाए गए। स्टालों के माध्यम से ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं और सुविधाओं की जानकारी देने के साथ उनका लाभ उठाने के लिए जागरूक किया गया। सीएचसी अधीक्षक आरपी वर्मा के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग के स्टाल पर ग्रामीणों की निशुल्क शुगर और ब्लड प्रेशर की जांच की गई। जरूरत के अनुसार दवाओं का वितरण भी किया गया। कृषि विभाग ने किसानों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने के साथ जैविक खेती के फायदे बताए।

पंचायती राज विभाग के स्टाल पर स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत स्वच्छता और साफ-सफाई के प्रति जागरूक किया गया। समापन अवसर पर अनुसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष प्रदीप रावत ने बच्चों का अन्नप्राशन कराया और फल वितरित किए। महिलाओं को साड़ी दी गई तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

पशुओं को लगाया लंपी से बचाव का टीका, पशुपालकों को बांटी दवाएं

सिद्धौर, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता । विकासखंड क्षेत्र के जमलापुर गांव में बुधवार को पशु स्वास्थ्य विभाग की ओर से एलएसडी (लम्पी स्किन डिजीज) से बचाव के लिए पशुओं का टीकाकरण कराया गया। सेवा संकल्प अभियान के तहत लगाए गए शिविर में पशुपालकों को निशुल्क दवाओं का वितरण भी किया गया।

पशु चिकित्साधिकारी सिद्धौर डॉ. समीम अहमद ने पशुपालकों को लंपी बीमारी के लक्षण, बचाव और पशुओं की देखभाल के बारे में जानकारी दी। उन्होंने समय से पशुओं का टीकाकरण कराने और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने की अपील की। इस मौके पर पशु स्वास्थ्य विभाग के बीरेंद्र सिंह सहित लल्लू, सहदेव वर्मा और अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

आंगन मिलन कार्यक्रम में उत्कृष्ट कर्मियों और लाभार्थियों का सम्मान

मसौली, बाराबंकी। बाल विकास परियोजना मसौली की ओर से सेवा संकल्प अभियान एवं आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम के तहत बुधवार को ब्लॉक सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें बाल विकास, स्वास्थ्य और प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले कर्मियों व लाभार्थियों को सम्मानित किया गया।

छत से गिरकर घायल इलाज के दौरान मौत

रामसनेहीघाट बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता । कोतवाली असंद्रा क्षेत्र में बीती रात छत से गिरने से एक युवक घायल हो गया ।जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां बुधवार को उसकी मौत हो गई ।सूचना पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है । कोतवाली क्षेत्र के जलालपुर गांव निवासी रामनेवाज उम्र करीब 40 वर्ष बीती रात परिवार के साथ छत पर सोए थे ।रात में रामनेवाज लघुशंका करने के लिए उठे तभी असंतुलित होकर छत के नीचे गिर गए जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं।उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया ।जहां बुधवार को उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई ।इसकी सूचना गांव पहुंचते ही शोक की लहर दौड़ गई ।उधर सूचना पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है ।मृतक के छह छोटे बच्चे प्रिंस 12 वर्ष अनन्या 10 वर्ष दीपांशु 8 वर्ष प्रांशु 6 वर्ष दीपाली 3 वर्ष और आशिकी 1 वर्ष हैं ।रामनेवाज की मौत से इन छोटे बच्चों के सिर से बाप का साया उठ गया है ।पीड़ित परिजनों के करुण क्रंदन से हर कोई मर्माहत दिखा।



स्मृति ने हरमनप्रीत को सफल कप्तानी कार्यकाल के लिए दी बधाई, कहा- आपके नेतृत्व में खेलना सुखद रहा

एजेंसी



नई दिल्ली । भारतीय महिला क्रिकेट टीम की नवनियुक्त कप्तान स्मृति मंधाना ने पूर्व कप्तान हरमनप्रीत कौर को उनके सफल कप्तानी कार्यकाल के समापन पर बधाई दी। स्मृति ने बुधवार को कहा कि एक दशक तक हरमनप्रीत के नेतृत्व में खेलना सुखद अनुभव रहा और अब दोनों मिलकर देश के लिए और उपलब्धियां हासिल करने का प्रयास करेंगी।

हरमनप्रीत ने मंगलवार को सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये भारतीय महिला क्रिकेट टीम की तीनों प्रारूपों की कप्तानी छोड़ने की घोषणा की थी। उनके नेतृत्व में भारत ने 2026 एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीता। स्मृति अब 16 अक्टूबर से जिम्बाब्वे के खिलाफ शुरू होने वाले दौरे से सभी प्रारूपों में भारतीय टीम की कप्तानी संभालेंगी।

स्मृति ने अपनी सोशल मीडिया स्टोरी में लिखा, ह्लइतने वर्षों तक आपके साथ खेलना मेरे लिए सुखद रहा है। आपके नेतृत्व के ये 10 वर्ष शानदार रहे हैं और अब हम मिलकर अपने देश के लिए कई और उपलब्धियां हासिल करने का प्रयास करेंगे।ङ्क

हरमनप्रीत की कप्तानी की सबसे बड़ी उपलब्धि 2025 में आई, जब उन्होंने भारत को पहली बार महिला एकदिवसीय विश्व कप का खिताब दिलाया। महिला टी-20 विश्व कप में भारत को सेमीफाइनल तक पहुंचाया, जबकि 2020 में टीम को फाइनल में ले गईं। उन्होंने भारत की रिकॉर्ड 155 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में कप्तानी की और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 150 से अधिक मैचों में कप्तानी करने वाली पहली पुरुष या महिला कप्तान बनीं। उन्होंने भारत की पांच टेस्ट और 51 एकदिवसीय मैचों में भी कप्तानी की। 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में उनकी अगुआई में भारत ने रजत पदक जीता था। इसके अलावा उनकी कप्तानी में भारत ने लगातार दूसरी बार टी-20 अंतरराष्ट्रीय में भारत की कप्तानी संभाली थी। 2022 में मिताली राज के संन्यास के बाद वह एकदिवसीय और टेस्ट टीम की पूर्णकालिक कप्तान बनीं। विश्व कप जीत के साथ वह 50 ओवर के विश्व कप का खिताब जीतने वाली कपिल देव और महेंद्र सिंह धोनी के बाद तीसरी भारतीय कप्तान बनीं।

हरमनप्रीत ने 2018 और 2023 के एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक हासिल किया।

हरमनप्रीत के नेतृत्व में भारतीय महिला क्रिकेट ने बढ़ती वैश्विक पहचान और कई ऐतिहासिक सफलताओं का दौर देखा। अब स्मृति मंधाना जिम्बाब्वे दौरे से भारतीय महिला टीम की नई पूर्णकालिक कप्तान के रूप में अपने कार्यकाल की शुरुआत करेंगी।

श्रेयस अय्यर टी20 रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ सातवें स्थान पर, वनडे में शुभमन गिल शीर्ष पर कायम

एजेंसी



नई दिल्ली । भारत के टी20 कप्तान श्रेयस अय्यर बुधवार को जारी ताजा आईसीसी रैंकिंग में टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी सूची में करियर के सर्वश्रेष्ठ सातवें स्थान पर पहुंच गए, जबकि एकदिवसीय टीम के कप्तान शुभमन गिल ने 50 ओवर के प्रारूप में बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष स्थान बरकरार रखा।

अय्यर ने मंगलवार को लखनऊ में वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला के पहले मुकाबले में 43 गेंदों पर नाबाद 102 रनों की विस्फोटक पारी खेली। उनकी पारी में 10 चौके और छह छक्के शामिल थे। इस शानदार प्रदर्शन की बदौलत विश्व चैंपियन भारत ने मुकाबला आठ विकेट से जीता।

आईसीसी के अनुसार, अय्यर इस पारी के बाद 18 स्थान की छलांग लगाकर सातवें स्थान पर पहुंच गए और टी20 अंतरराष्ट्रीय में भारत के तीसरे सबसे ऊंचे रैंकिंग वाले बल्लेबाज बन गए। ईशान किशन और अभिषेक शर्मा शीर्ष दो स्थान पर कायम हैं, जबकि तिलक वर्मा 10वें स्थान पर हैं। इस तरह भारत के चार बल्लेबाज शीर्ष 10 में शामिल हैं।

युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी भी आठ स्थान ऊपर चढ़कर 46वें स्थान पर पहुंच गए हैं। वेस्टइंडीज के बल्लेबाज शेरफ़ेन रदरफोर्ड ने 56 रनों की तेजतर्रार पारी के बाद 10 स्थान की छलांग लगाकर 37वां स्थान हासिल किया। वहीं, एशियाई खेलों में शानदार प्रदर्शन के बाद पाकिस्तान के हसन नवाज 62 स्थान ऊपर चढ़कर 48वें स्थान पर पहुंच गए हैं। गेंदबाजों की रैंकिंग में एशियाई खेलों के सेमीफाइनल और फाइनल में क्रमशः 29 रन पर कोई विकेट नहीं और 29 रन पर एक विकेट लेने वाले अबरार अहमद अपना शीर्ष स्थान बरकरार नहीं रख सके। अफगानिस्तान के लेग स्पिनर राशिद खान फिर से टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गए हैं। यह आठवीं बार है जब राशिद शीर्ष स्थान पर पहुंचे हैं। वह किसी भी अन्य गेंदबाज की तुलना में दोगुने से अधिक समय तक नंबर एक रह चुके हैं।

मुख्य कोच की नजर लॉस एंजिल्स ओलंपिक पर, भारतीय मुक्केबाजों से शुरुआती दौर में अधिक कोटा हासिल करने का लक्ष्य

एजेंसी



नई दिल्ली। भारतीय महिला मुक्केबाजी टीम के मुख्य कोच सैंटियागो नीवा ने 2026 एशियाई खेलों में शानदार प्रदर्शन के बाद अब लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक के लिए अधिक से अधिक कोटा जल्द हासिल करने को अपना अगला लक्ष्य बनाया है। एशियाई खेलों में भारतीय महिला मुक्केबाजों ने तीन पदक जीते, जिसमें दो स्वर्ण शामिल हैं। ओलंपिक के लिए पहला प्रमुख क्वालीफिकेशन मार्ग 2027 में कजाकिस्तान में होने वाली विश्व चैंपियनशिप से शुरू होगा। नीवा ने भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) मीडिया से कहा, ह्लपहला क्वालीफायर कजाकिस्तान में होगा, जो विश्व चैंपियनशिप है, जहां आदर्श रूप से हम अधिक से अधिक कोटा हासिल करना चाहेंगे। इसके बाद एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर होगा और 2028 में दो और ओलंपिक क्वालीफायर होंगे। ग्लासगो में हुए राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय महिला मुक्केबाजों ने छह पदक जीते थे, जिनमें पांच स्वर्ण शामिल थे। इसके बाद आइची-नागोया एशियाई खेलों में तीन पदकों के प्रदर्शन ने भारतीय महिला मुक्केबाजी के लिए शानदार वर्ष पूरा किया। नीवा का लक्ष्य है कि उनकी अधिक से अधिक खिलाड़ी शुरुआती चरण में ही लॉस एंजिल्स ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लें, जिससे टीम को ओलंपिक की विशेष तैयारी के लिए पर्याप्त समय मिल सके। नीवा ने कहा, ह्लअगर हम आदर्श रूप से अगले साल शुरुआत में ही क्वालीफाई कर लेते हैं तो हमें अच्छी तैयारी के लिए पर्याप्त समय मिल जाएगा। यह एक कठिन क्वालीफिकेशन मार्ग होगा और उम्मीद है कि हम अधिक से अधिक मुक्केबाजों को क्वालीफाई करा सकेंगे, ताकि हम ओलंपिक के लिए मजबूत टीम तैयार कर सकें। नीवा 2017 से 2021 तक भारतीय मुक्केबाजी के उच्च प्रदर्शन निदेशक रहे थे। भारतीय मुक्केबाजी व्यवस्था में उनका दूसरा कार्यकाल 2025 में राष्ट्रीय महिला टीम के मुख्य कोच के रूप में शुरू हुआ। अर्जेंटीना के इस कोच ने इस वर्ष टीम की सफलता का श्रेय पूरे साल चले तैयारी कार्यक्रम को दिया, जिसमें मजबूत अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताएं, घरेलू शिविर और उच्च स्तर की अभ्यास मुकाबले शामिल रहे।

अहमदाबाद में कॉमनवेल्थ क्यू स्पोर्ट्स चैंपियनशिप शुरू, 42 देशों के 144 खिलाड़ी लेंगे हिस्सा

एजेंसी



अहमदाबाद । कॉमनवेल्थ क्यू स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का दूसरा संस्करण बुधवार को अहमदाबाद में शुरू हो गया। इसमें राष्ट्रमंडल के 42 देशों के 144 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता के मुकाबले 8 से 10 अक्टूबर तक वीर सावरकर खेल परिसर में खेले जाएंगे। उद्घाटन समारोह 7 अक्टूबर को आयोजित किया गया। प्रतिष्ठित बहुविषयक प्रतियोगिता पहली बार भारत में हो रही है। अहमदाबाद में अगले तीन दिनों तक अनुभवी चैंपियन, उभरती प्रतिभाएं और भारत के शीर्ष खिलाड़ी राष्ट्रमंडल खिताब के लिए मुकाबला करेंगे।

चैंपियनशिप में 72 पुरुष और 72 महिला खिलाड़ी पांच स्पर्धाओं–इंग्लिश बिलियर्ड्स, स्नूकर, 10-बॉल पूल, हीबॉल और ब्लैकबॉल–में चुनौती पेश करेंगे। चार दिवसीय आयोजन में कुल 10 पदक स्पर्धाएं होंगी। यह प्रतियोगिता भारतीय बिलियर्ड्स और स्नूकर महासंघ के शताब्दी समारोह का भी प्रमुख हिस्सा है।

भारत ने 2025 में मॉरीशस में आयोजित पहली चैंपियनशिप में पांच पदक जीते थे। घरेलू मैदान पर इस बार भारतीय चुनौती की अगुआई महिला हीबॉल की मौजूदा कॉमनवेल्थ चैंपियन विद्या पिल्लई, पुरुष हीबॉल के रजत पदक विजेता शिवम अरोड़ा और महिला 10-बॉल पूल की रजत पदक विजेता चित्रा मागिमैराज करेंगी। तीनों खिलाड़ी अपने पदकों की संख्या बढ़ाने के इरादे से उतरेंगे। भारतीय खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर के मजबूत प्रतिद्वंद्वियों से चुनौती मिलेगी। इनमें इंग्लैंड की केली फिशर और रेबेका केना, दक्षिण अफ्रीका के क्रेग बोवर, मलेशिया के लिम कोक लियोंग और वेल्स के डैरेन मॉर्गन जैसे खिलाड़ी शामिल हैं।

विश्व बिलियर्ड्स खेल परिसंघ के उपाध्यक्ष मुबारक अल-खयारिन ने कहा, ह्लकॉमनवेल्थ क्यू स्पोर्ट्स चैंपियनशिप इस खेल के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है और हमें खुशी है कि इस वर्ष का संस्करण भारत के अहमदाबाद में आयोजित हो रहा है। राष्ट्रमंडल के विभिन्न हिस्सों से शीर्ष क्यू स्पोर्ट्स खिलाड़ियों को एक साथ लाना उच्च स्तरीय प्रतिस्पर्धा के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करता है और दुनिया भर में हमारे खेल को जोड़ने वाले संबंधों को और मजबूत करता है। हम एक रोमांचक चैंपियनशिप की उम्मीद करते हैं और अहमदाबाद में खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते देखने के लिए उत्सुक हैं।

संक्षिप्त समाचार

बीसीसीआई महिला अंडर-19 टी-20 ट्रॉफी के लिए हिमाचल की टीम घोषित, धान्य लक्ष्मी को कमान

धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (एचपीसीए) ने बीसीसीआई महिला अंडर-19 (टी-20) एलीट टूर्नामेंट के लिए हिमाचल की टीम घोषित कर दी है। एचपीसीए टीम की कमान धान्य लक्ष्मी को सौंपी गई है। 9 अक्टूबर से शुरू होने वाली इस प्रतियोगिता में हिमाचल की टीम पांच टी-20 मैच खेलेगी।

मेसी ने अर्जेंटीना के लिए अपने आखिरी मैच में पेनल्टी पर किया गोल, दो गोल में दिया सहयोग

ब्यूनस आयर्स। लियोनेल मेसी ने मंगलवार को ब्यूनस आयर्स के एस्टाडियो मोनुमेंटल स्टेडियम में बेनिन के खिलाफ अर्जेंटीना के लिए अपने अंतिम मैच को गोल और दो सहायताओं के साथ यादगार बना दिया। मेसी ने पेनल्टी पर गोल करते हुए अपनी विदाई को शानदार अंदाज में पूरा किया। 39 वर्षीय मेसी ने अर्जेंटीना के फीफा विश्व कप 2026 के फाइनल में स्पेन के हाथों 0-1 की करीबी हार के कुछ दिन बाद अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास की घोषणा की थी। इसके बाद बेनिन के खिलाफ मुकाबला अर्जेंटीना की राष्ट्रीय टीम के साथ उनका विदाई मैच बना।
मैच में मेसी ने दूसरे हाफ में दो गोल में सहयोग करते हुए अर्जेंटीना को 2-0 की बढ़त दिलाई। उन्होंने 48वें मिनट में अपने लंबे समय से टीम के साथी निकोलस ओटामेंडी को गोल करने में मदद की। ओटामेंडी का भी यह अर्जेंटीना की जर्सी में आखिरी मुकाबला था।

प्रमोद भगत और भाविना पटेल एशियाई पैरा खेलों में होंगे भारत के ध्वजवाहक

एजेंसी

नई दिल्ली । पैरालंपिक चैंपियन प्रमोद भगत और भाविना पटेल 18 अक्टूबर को जापान के नागोया में होने वाले आइची-नागोया 2026 एशियाई पैरा खेलों के उद्घाटन समारोह में भारतीय दल के ध्वजवाहक होंगे। दोनों खिलाड़ी भारत के सबसे सफल पैरा खिलाड़ियों में शामिल हैं और उनकी उपलब्धियों ने देश में पैरा खेलों को नई पहचान दिलाई है।

भारतीय पैरालंपिक समिति के अनुसार, पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी प्रमोद भगत ने 2014 से 2023 के बीच एशियाई पैरा खेलों में छह पदक जीते हैं, जिसमें दो स्वर्ण और चार कांस्य पदक शामिल हैं।

वहीं, पैरा टेबल टेनिस खिलाड़ी भाविना पटेल ने 2018 से 2023 के बीच एशियाई पैरा खेलों में दो पदक जीते हैं। इनमें एक रजत और एक कांस्य पदक शामिल है। प्रमोद और भाविना ने मिलकर एशियाई पैरा खेलों में आठ पदक जीते हैं। अब दोनों 18 से 24 अक्टूबर तक होने वाले पांचवें एशियाई पैरा खेलों में भारतीय दल के आगे तिरंगा लेकर चलेंगे।

भारतीय पैरालंपिक समिति 8 अक्टूबर को नई दिल्ली में विशेष विदाई समारोह में भारतीय दल को औपचारिक रूप से रवाना करेगी। केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया समारोह के मुख्य अतिथि होंगे, जबकि युवा कार्यक्रम एवं खेल राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगी। प्रमोद भगत और भाविना पटेल का ध्वजवाहक चुना जाना विशेष महत्व रखता है। दोनों खिलाड़ी भारत में पैरा खेलों के विकास में अग्रणी रहे हैं और लगातार बड़े अंतरराष्ट्रीय मंचों पर देश का गौरव बढ़ाते रहे हैं। भारतीय दल के नेतृत्व में उनकी मौजूदगी भागीदारी से प्रदर्शन और प्रतिनिधित्व से वैश्विक पैरा खेलों में पहचान हासिल करने तक भारत के सफर का प्रतीक मानी जा रही है। भारतीय पैरालंपिक समिति के अध्यक्ष देवेंद्र झाझरिया ने कहा, उद्घाटन समारोह में प्रमोद भगत और भाविना पटेल को भारतीय दल का नेतृत्व करते देखना हमारे लिए बेहद गर्व की बात है। दोनों असाधारण चैंपियन हैं, जिन्होंने भारतीय पैरा खेलों के विकास में बहुत बड़ा योगदान दिया है। उनका सफर, उपलब्धियां और दृढ़ता उन्हें भारतीय दल के लिए उपयुक्त प्रतिनिधि बनाती है और मुझे पूरा विश्वास है कि वे इस महत्वपूर्ण अभियान की शुरुआत करने वाले हमारे खिलाड़ियों को प्रेरित करेंगे।ङ्क

भाविना पटेल ने कहा, ह्लभारत की ध्वजवाहक चुना जाना मेरे लिए बहुत गर्व का क्षण है। जब आप तिरंगा लेकर चलते हैं तो आपको एहसास होता है कि आप अपने से कहीं बड़ी चीज का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। मैं प्रमोद के साथ उद्घाटन समारोह में प्रवेश करने और अपने दल का नेतृत्व करने को लेकर उत्साहित हूं।

क्षेत्रीय भाषाओं में क्रिकेट की बढ़ी लोकप्रियता, जियोहॉटस्टार पर कन्नड़ फीड की पहुंच 30 प्रतिशत बढ़ी

मुंबई। भारत में क्रिकेट देखने के तौर-तरीकों में क्षेत्रीय भाषाओं की भूमिका लगातार मजबूत हो रही है। जियोस्टार ने बुधवार को 'बियॉन्ड बाउंड्रीज' पहल शुरू करने की घोषणा की, जिसका उद्देश्य विज्ञापनदाताओं को क्षेत्रीय भाषा में क्रिकेट देखने वाले बढ़ते और सक्रिय दर्शकों से जोड़ना है। इस पहल में लाइव क्रिकेट फीड के साथ मैच से पहले और बाद के कार्यक्रमों के लिए साझेदारी के अवसर शामिल हैं। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के दौरान जियोहॉटस्टार पर कन्नड़ फीड की पहुंच में सालाना आधार पर 30 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि तेलुगु और तमिल फीड की पहुंच में क्रमशः 23 और 12 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। डिजिटल पर देखने के कुल समय में तेलुगु भाषा की हिस्सेदारी में तीनों बाजारों के बीच सबसे अधिक 30 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इसके बाद कन्नड़ और तमिल का स्थान रहा।

आईओए ने 2036 ओलंपिक और पैरालंपिक की मेजबानी के लिए 'साथ बढ़ते भारत' की परिकल्पना रखी

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने 2036 ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों की मेजबानी के लिए भारत की परिकल्पना पेश करते हुए इसे दो प्रभावशाली शब्दों- 'साथ बढ़ते भारत' में व्यक्त किया है। आईओए ने कहा कि भारत में 2036 खेलों का आयोजन देश में खेलों के माध्यम से बदलाव की गति तेज करने के साथ-साथ ओलंपिक आंदोलन के लिए सार्वभौमिक विस्तार का नया अध्याय खोल सकता है। आईओए ने अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति द्वारा इस सप्ताह 2036 ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों के भावी मेजबान के चयन की प्रक्रिया में शामिल शहरों और देशों की घोषणा का स्वागत किया। गुजरात के अहमदाबाद केंद्रित भारत की ओलंपिक और पैरालंपिक मेजबानी की महत्वाकांक्षा पिछले 18 महीनों में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के साथ करीबी और रचनात्मक संवाद के जरिए विकसित की गई है। 'साथ बढ़ते भारत' की परिकल्पना इस विश्वास पर आधारित है कि 2036 ऐसा अवसर हो सकता है, जब खेलों के माध्यम से भारत का बदलाव और ओलंपिक आंदोलन का सार्वभौमिक भविष्य एक साथ आगे बढ़े। भारत के लिए ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों की मेजबानी राष्ट्रीय जीवन के केंद्र में खेलों को स्थापित करने का पीढ़ीगत अवसर होगी। इस परियोजना को व्यापक खेल परिवर्तन के उत्प्रेरक के रूप में विकसित करने की योजना है, जिससे लाखों युवा केवल खेल देखने के बजाय उनमें भाग लेने के लिए प्रेरित हों। इसके साथ स्वस्थ और सक्रिय समुदायों को बढ़ावा देने तथा शिक्षा और रोजगार के अवसरों में खेलों की भूमिका बढ़ाने पर भी जोर होगा। भारत में खेलों के अयोजन का उद्देश्य केवल वैश्विक स्तर की प्रतियोगिता की मेजबानी करना नहीं है बल्कि रोजमर्रा के जीवन में खेलों को और गहराई से स्थापित करना तथा ऐसी विरासत तैयार करना है, जो भारत की ऊर्जा, युवा शक्ति और समाज को बदलने में खेलों की क्षमता में उसके विश्वास को दर्शाए।

शेयर बाजार में गिरावट, महंगाई के अनुमान में हुई बढ़ोतरी से लुढ़के सेंसेक्स और निफ्टी

एजेंसी



बाजार की कमजोरी से निवेशकों को लगी 3.76 लाख करोड़ की चपत

नई दिल्ली। घरेलू शेयर बाजार आज गिरावट का शिकार हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति द्वारा रेपो रेट में की गई बढ़ोतरी और महंगाई के अनुमान में हुई बढ़ोतरी की वजह से शेयर बाजार आज बुरी तरह से प्रभावित हुआ। ब्याज दरों में बढ़ोतरी की आशंका की वजह से शेयर बाजार में आज के कारोबार की शुरुआत भी कमजोरी के साथ हुई थी। हालांकि पहले एक घंटे के कारोबार के बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बनाने की कोशिश की लेकिन उनकी कोशिश सफल नहीं हो सकी। दिन के दूसरे सत्र में बाजार में लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसके कारण सेंसेक्स और निफ्टी लगातार लाल निशान में ही कारोबार करते रहे। दिनभर की खरीद-बिक्री के बाद सेंसेक्स 0.59 प्रतिशत और निफ्टी 0.76 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए। बाजार में आई गिरावट के कारण शेयर बाजार के निवेशकों की लगभग 3.76 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति स्वाहा हो गई। बीएसई का सेंसेक्स आज 102.43 अंक यानी 0.14 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 72,965.38 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होने के बाद बिकवाली का दबाव बन गया, जिसकी वजह से यह सूचकांक गिर कर 72,520.73 अंक के स्तर तक आ गया। इसके बाद खरीदारों ने लिवाली शुरू कर दी, जिससे इस सूचकांक की स्थिति में सुधार होने लगा। लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से दोपहर 12 बजे तक सेंसेक्स काफी हद तक सुधर कर 73,018.82 अंक के स्तर तक आ गया। इसके बाद बाजार में एक बार फिर बिकवाली शुरू हो गई, जिससे इस सूचकांक की कमजोरी भी बढ़ने लगी। लगातार हो रही बिकवाली के कारण यह सूचकांक 599.09 अंक यानी 0.82 प्रतिशत टूट कर 72,468.72 अंक के स्तर तक चला गया। हालांकि अंतिम समय में हुई खरीदारी के कारण सेंसेक्स निचले स्तर से करीब 170 अंक की रिकवरी कर 429.11 अंक यानी 0.59 प्रतिशत की गिरावट के साथ 72,638.70 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स की तरह एनएसई के निफ्टी ने आज 85.65 अंक यानी 0.38 प्रतिशत टूट कर 22,690.45 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलते ही बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से इस सूचकांक की कमजोरी भी बढ़ती चली गई। लगातार हो रही बिकवाली की वजह से पहले घंटे के कारोबार में ही यह सूचकांक 22,578.25 अंक के स्तर तक गिर गया। इसके बाद खरीदारों ने लिवाली शुरू कर दी, जिससे इस सूचकांक की चाल में सुधार होने लगा। खरीदारी के सपोर्ट से दोपहर 12 बजे तक निफ्टी 22,717.65 अंक तक पहुंचने में सफल रहा। इसके बाद एक बार फिर बिकवाली का दबाव बन गया, जिसके कारण इस सूचकांक ने दोबारा लुढ़कना शुरू कर दिया। शेयरों की लगातार हो रही बिक्री की वजह से यह सूचकांक 229.80 अंक यानी 1.01 प्रतिशत फिसल कर 22,546.30 अंक के स्तर तक गिर गया।

उत्तर रेलवे

ई-ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से संबंधित सूचना।

एडमिन यूनिट/जोन	लखनऊ–उ.रे.–मण्डल–वाणिज्य/उ. रे.
नीलामी सूची सं./लॉट सं.	**14262-SLR-F1-LKO-GAYA-26-1 (Parcel-SLR)**
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	21.09.2026
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	08.10.2026 at 11:00 hrs.
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	08.10.2026 at 11:30 hrs.
नीलामी सूची सं./लॉट सं.	**12231-SLR-F1-LKO-CDG-26-1 (Parcel-SLR)**
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	21.09.2026
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	08.10.2026 at 11:00 hrs.
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	08.10.2026 at 11:40 hrs.
नीलामी सूची सं./लॉट सं.	**12429-SLR-R1-LKO-NDLS-25-1 (Parcel-SLR)**
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	21.09.2026
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	08.10.2026 at 11:00 hrs.
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	08.10.2026 at 11:50 hrs.
नीलामी सूची सं./लॉट सं.	**14260-SLR-F2-LKO-GAYA-26-1 (Parcel-SLR)**
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	21.09.2026
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	08.10.2026 at 11:00 hrs.
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	08.10.2026 at 12:00 hrs.
नीलामी सूची सं./लॉट सं.	**22417-SLR-F2-BSB-NDLS-26-1 (Parcel-SLR)**
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	07.10.2026
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	22.10.2026 at 11:00 hrs.
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	22.10.2026 at 11:30 hrs.
नीलामी सूची सं./लॉट सं.	**04209-SLR-F1-BSB-DLI-26-1 (Parcel-SLR)**
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	06.10.2026
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	21.10.2026 at 11:00 hrs.
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	21.10.2026 at 11:30 hrs.
Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders : E-Auction Module of **www.ireps.gov.in**	

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3487/2026

फास्टैग डेटा से खत्म होगा जाम, ट्रैफिक बढ़ने से पहले चौड़े होंगे नेशनल हाईवे

एजेंसी



नई दिल्ली। देश में नेशनल हाईवे के निर्माण और ट्रैफिक प्रबंधन की पुरानी परिपाटी बदलने जा रही है। अब हाईवे पर घंटों लंबे जाम और हादसों का इंतजार करने के बजाय सरकार फास्टैग और वाहन डेटाबेस की मदद से एडवांस प्लानिंग करेगी। इसके तहत किसी हाईवे पर ट्रैफिक का दबाव बढ़ने से दो-तीन साल पहले ही उसके चौड़ीकरण (4-लेन से 6 या 8-लेन) या बाईपास निर्माण की प्रक्रिया शुरू होगी।

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि फास्टैग अब सिर्फ टोल वसूली का जरिया नहीं रहेगा। इसके डेटा का उपयोग ट्रैफिक पैटर्न, गाड़ियों की रफ्तार और इंफ्रास्ट्रक्चर प्लानिंग में किया जाएगा। वर्तमान में किसी हाईवे सेक्शन पर वाहनों की संख्या उसकी कुल क्षमता (पैसेंजर कार यूनिट-पीसीपू) के 75 से 80 प्रतिशत तक पहुंचेगी तो डिजिटल सिस्टम ऑटोमैटिक तरीके से चौड़ीकरण, बाईपास या एलिवेटेड कॉरिडोर की जरूरत के लिए अलर्ट कर देगा। इससे गंभीर जाम की स्थिति पैदा होने से 2 से 3 साल पहले ही विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) और भूमि अधिग्रहण का काम शुरू हो सकेगा।

इसके अलावा भारी व्यावसायिक वाहनों के वजन और समय के डेटा से सड़कों के सटीक रख-रखाव की समय-सीमा तय होगी। अधिकारी ने बताया कि त्योहारों, लंबे सप्ताहांत या छुट्टियों के दौरान टोल प्लाजा पर अचानक गाड़ियों का दबाव बढ़ जाता है। इसे नियंत्रित करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित ट्रैफिक कंट्रोल रूम फास्टैग ट्रेंड्स का विश्लेषण कर पहले ही पहचान लेगा कि किस टोल पर कतारें लग सकती हैं। सिस्टम सड़क यात्रियों को राजमार्गयात्रा ऐप, गूगल मैप्स और हाईवे पर लगे वेरिएबल मैसेज साइनेज (वीएमएस) के जरिए टोल प्लाजा से 20-30 किलोमीटर पहले ही वैकल्पिक (डाइवर्जन) रास्तों की सटीक जानकारी दे दी जाएगी।

मार्च 2027 तक बैरियर मुक्त होंगे टोल

पीक आवर्स में टोल प्लाजा पर लगने वाली लंबी कतारों को खत्म करने के लिए मल्टी-लेन फ्री फ्लो (एमएचएफएफ) और स्वचालित नंबर प्लेट पहचान (एएनपीआर) आधारित बैरियर-मुक्त व्यवस्था लागू की जा रही है। इससे वाहन 60 से 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बिना थमे टोल क्षेत्र पार कर सकेंगे। सड़क परिवहन मंत्रालय, एनएचएआई, अधिकारियों और गति शक्ति सेल की संयुक्त समीक्षा बैठक में इस डिजिटल रोडमैप को अंतिम रूप दिया गया है। आईटी डिविजन और प्लानिंग ज़ोन को निर्देश दिए गए हैं कि वे फास्टैग डेटा को सीधे सड़क निर्माण की प्राथमिकताओं से जोड़ें। सरकार ने देश के 70 फीसदी से अधिक प्रमुख टोल प्लाजा को दिसंबर 2026 तक और शेष पूरे नेटवर्क को मार्च 2027 तक पूरी तरह बैरियर-रहित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

भाजपा नेताओं ने निर्वाचित प्रतिनिधि के तौर पर मोदी के 25 वर्ष पूरे होने पर उनकी सराहना की

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के शीर्ष नेताओं ने निर्वाचित प्रतिनिधि के तौर पर नरेन्द्र मोदी के 25 वर्ष पूरे होने पर बुधवार को उनकी सराहना की। इन वर्षों के दौरान मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री से देश के प्रधानमंत्री बने।

पार्टी ने सोशल मीडिया मंचों पर कई वीडियो भी जारी किए और मोदी की सराहना करते हुए कहा कि वह ''ऐसे संकल्प के साथ अडिग खड़े रहे, जिसने हर पहाड़ को झुकने पर मजबूर कर दिया। भाजपा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''अनगिनत चुनौतियों के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जीवन यात्रा उनके दृढ़ निश्चय का प्रमाण है। विपक्ष के हर प्रहार का उन्होंने अपने काम, आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण और राष्ट्र के विकास के जरिए जवाब दिया है। पार्टी ने कहा, ''यह ऐसे दृढ़ नेतृत्व की गाथा है जो न झुका, न रुका और न कभी रुकेगा। भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा कि निर्वाचित प्रतिनिधि के तौर पर अपनी 25 वर्ष की ''स्वर्णिम यात्रा'' के दौरान मोदी ने 'राष्ट्र प्रथम' की भावना के साथ जनसेवा और सुशासन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। उन्होंने कहा, ''यह केवल एक कालखंड नहीं, बल्कि स्पष्ट नजरिए, दृढ़ संकल्प और आधुनिक भारत के निर्माण का एक ऐतिहासिक अध्याय है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि सेवा और समर्पण की मोदी की 25 वर्ष की यात्रा अथक परिश्रम, असाधारण संकल्प और राष्ट्र को जीवन का सर्वोच्च लक्ष्य बनाने की भावना से परिभाषित रही है। मोदी ने सात अक्टूबर 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी और वह साढ़े 12 वर्ष तक इस पद पर रहे। इसके बाद वह लगातार तीन बार चुनाव जीतकर पिछले साढ़े 12 वर्ष से प्रधानमंत्री हैं। शाह ने कहा कि मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में सेवा, संघर्ष और समर्पण की मोदी की निरंतर यात्रा गरीबों, महिलाओं और युवाओं के कल्याण का पर्याय बन गई है। उन्होंने कहा, ''जनकेंद्रित नीतियों, उनके क्रियान्वयन, निर्णय लेने में दृढ़ता, पारदर्शिता और परिणाम की गारंटी के जरिए उन्होंने शासन की परिभाषा ही बदल दी और प्रदर्शन आधारित राजनीति का आदर्श स्थापित किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि मोदी इन सभी वर्षों में जनता की सेवा के लिए समर्पित रहे हैं। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि 25 वर्ष पहले शुरू हुई यह यात्रा अब विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के ''महायज्ञ'' तक पहुंच गई है। उन्होंने कहा, ''उनका परिश्रम, प्रयास, धैर्य और उत्साह हम सभी के लिए प्रेरणा है। उनके साथ एक सहयोगी के रूप में काम करना अपने आप में सौभाग्य है। चौहान ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने 100 वर्ष से भी अधिक पहले भारत को 'विश्वगुरु' के रूप में उभरते हुए देखा था। उन्होंने कहा, ''एक नरेन्द्र (स्वामी विवेकानंद) ने यह कहा था और दूसरे नरेन्द्र के नेतृत्व में वह सपना साकार हो रहा है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मोदी को ''निर्भीक और लक्ष्य केंद्रित नेतृत्व के 25 वर्ष'' के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, ''कई ऐसे मौके आए जब आसान रास्ता उपलब्ध था लेकिन आपने हमेशा सही रास्ता चुना।

हूती विद्रोहियों का सऊदी अरब में हमला, सैन्य ठिकाने निशाने पर

एजेंसी

नई दिल्ली। यमन के ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने बुधवार को पड़ोसी सऊदी अरब में सैन्य प्रतिष्ठानों और हवाई अड्डों पर हमले करने का दावा किया। हूती विद्रोहियों ने यमन के बंदरगाह शहर अदन में हवाई अड्डे को भी मिसाइलों से निशाना बनाने का दावा किया। इन हमलों से ईरान युद्ध के इस मोर्चे पर स्थिति और गंभीर हो गई है तथा होर्मुज के महत्वपूर्ण वैकल्पिक समुद्री मार्ग पर भी खतरा बढ़ गया है।

हूती विद्रोहियों के सैन्य प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल याह्या सरी ने सोशल मीडिया पर कहा कि विद्रोहियों ने राजधानी रियाद स्थित किंग खालिद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को निशाना बनाकर बैलिस्टिक मिसाइल एवं ड्रोन दागे। हालांकि, उन्होंने अपने दावे के समर्थन में कोई सबूत नहीं दिया। उड़ानों पर नजर रखने वाले मंच फ्लाइटरडार24 के अनुसार, हवाई अड्डे से आने-जाने वाली उड़ानें कुछ समय के लिए प्रभावित हुईं। सरी ने कहा कि अबहा हवाई अड्डे को भी निशाना बनाया गया। यह हवाई अड्डा पहले भी हूती हमलों का लगातार निशाना बनता रहा है।

विद्रोहियों ने खमीस मुशैत शहर में एक वायुसेना अड्डे और नजरान एवं असीर में दो सैन्य अड्डों पर भी हमले का दावा किया। ये सभी स्थान सऊदी अरब के दक्षिण-पशचिम में और यमन की सीमा के पास हैं। हूती विद्रोहियों के खिलाफ लड़ रहे सऊदी अरब के नेतृत्व वाले गठबंधन के प्रवक्ता मेजर जनरल तुर्की अल-मल्की ने कहा कि उन्होंने रियाद के उत्तर में एक बैलिस्टिक मिसाइल को उसके लक्ष्य तक पहुंचने से पहले ही रोककर नष्ट कर दिया। हूती विद्रोहियों ने कहा कि उन्होंने बुधवार तड़के यमन के बंदरगाह शहर अदन पर भी मिसाइल हमला किया।


अफ्रीका हमारे दिल में है, इनके साथ साझेदारी मजबूत करेंगे: जयशंकर

एजेंसी

नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भारत और अफ्रीका को लंबे समय का साझेदार बताया। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों को आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत बनाने, रणनीतिक स्वतंत्रता और ग्लोबल साउथ के देशों के बीच सहयोग जैसी चुनौतियों पर मिलकर काम करना चाहिए। ग्लोबल साउथ में एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका समेत दुनिया के 120 से अधिक विकासशील देश शामिल माने जाते हैं। घाना के फॉरेन सर्विस इंस्टीट्यूट में एक कार्यक्रम को संबोधित करने के बाद जयशंकर ने कहा कि अफ्रीका हमारे दिल में है और हम ऐसी साझेदारी बनाएंगे जो सिर्फ आज के लिए नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों तक चलेगी। जयशंकर मंगलवार को घाना पहुंचे थे। यह उनके तीन अफ्रीकी देशों के दौरे का पहला पड़ाव है?

इससे पहले जयशंकर ने घाना के विदेश मंत्री सैम ओकुडजेटो अब्लाक्वा से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने व्यापार, निवेश, विकास, दवाइयों, क्षमता निर्माण, रक्षा, तकनीक और दोनों देशों के लोगों के बीच संबंधों समेत कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर व्यापक बातचीत की। जयशंकर ने कहा कि हमने बहुपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने और अफ्रीकी संघ तथा इकोवास (पश्चिम अफ्रीकी राष्ट्रों का आर्थिक समुदाय) के साथ भारत के संबंधों को और गहरा करने पर भी चर्चा की। घाना इकोवास का संस्थापक सदस्य है। पश्चिमी अफ्रीका के 15 देशों का एक क्षेत्रीय संगठन है, जिसका उद्देश्य इस क्षेत्र में आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक एकीकरण को बढ़ावा देना है। दोनों देशों ने मंगलवार को भारतीय प्राणी सर्वेक्षण और घाना विश्वविद्यालय के बीच एक समझौता ज्ञापन का भी आदान-प्रदान किया। इसका उद्देश्य शिक्षा, वैज्ञानिक शोध और क्षमता निर्माण के क्षेत्र में सहयोग करना है।

इसके अलावा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर), नई दिल्ली और



घाना के सीएसआईआर-क्रॉप्स रिसर्च इंस्ट्टीयूट के बीच भी कृषि अनुसंधान और शिक्षा में सहयोग के लिए एक एमओयू का आदान-प्रदान दोनों देशों के विदेश मंत्रियों की मौजूदगी में किया गया। घाना के विदेश मंत्री अब्लाक्वा ने कहा कि घाना और भारत अब मजबूत रणनीतिक साझेदार हैं। पिछले साल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की घाना की राजकीय यात्रा के दौरान दोनों देशों के संबंधों को बढ़ाकर व्यापक साझेदारी का दर्जा दिया गया था। जयशंकर ने घाना के राष्ट्रपति जॉन ड्रामानी महामा से भी मुलाकात की और दोनों देशों के बीच मजबूत होते संबंधों पर चर्चा की। जयशंकर ने एक्स पर लिखा कि घाना के राष्ट्रपति जॉन ड्रामानी महामा से मुलाकात करना मेरे लिए सम्मान की बात है। उन्हें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि मैंने राष्ट्रपति महामा के घाना के विकास के विजन और विभिन्न क्षेत्रों में हमारी व्यापक साझेदारी को और मजबूत करने के उनके सकारात्मक दृष्टिकोण की सराहना की। फॉरेन सर्विस इंस्टीट्यूट में अपने संबोधन के दौरान जयशंकर ने भारत में हो रहे आर्थिक बदलावों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था, बुनियादी ढांचे, डिजिटल तकनीक, मैन्युफैक्चरिंग और उद्यमिता के क्षेत्र में भारत ने काफी प्रगति की। इन बदलावों के कारण भारत दुनिया की आर्थिक वृद्धि का एक महत्वपूर्ण इंजन बन रहा है। विदेश मंत्री ने कहा कि भारत महत्वपूर्ण क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता को महत्व देता है, लेकिन इसके साथ ही कई अन्य क्षेत्रों में दूसरे देशों के साथ सहयोग को भी बढ़ावा देता है। जयशंकर ने कहा कि डिजिटल व्यवस्था लोगों के लिए अवसरों को अधिक समान और सुलभ बना सकती है। उन्होंने भारत और अफ्रीका के लिए युवा आबादी को कुशल, सक्षम और उत्पादक नागरिकों में बदलने के महत्व पर भी बात की। जयशंकर ने आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इसमें ईंधन, भोजन, खाद, वित्तीय व्यवस्था जैसी जरूरी चीजें शामिल हैं। उन्होंने ग्लोबल साउथ की आवाज को मजबूत करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता भी दोहराई। उन्होंने इसका उदाहरण देते हुए कहा कि भारत की जी20 अध्यक्षता के दौरान अफ्रीकी संघ को जी20 में शामिल किया गया था। जयशंकर ने अक्करा में रहने वाले भारतीय समुदाय के लोगों से भी मुलाकात की। उन्होंने कहा कि घाना में भारत को एक दोस्त और भरोसेमंद एवं प्रभावी साझेदार के रूप में देखा जाता है। मैंने भारतीय समुदाय के उन योगदानों की भी सराहना की, जो हमारे महत्वपूर्ण साझेदार घाना के साथ विशेष संबंधों को और मजबूत करने में मदद कर रहे हैं।

पेज एक का शेष

विरोध करने ...

ऐसी परीक्षाओं में भरोसा बहाल करने के लिए ईमानदार कोशिश करनी होगी। हाईकोर्ट ने कहा कि 'अगर छात्रों को लगता है कि कोई गड़बड़ी हुई है, तो उन्हें विरोध करने का अधिकार है। क्योंकि उन्होंने पढ़ाई में घंटों लगाए हैं।' राज्य सरकार की ओर से पेश हुए महाधिवक्ता मिलिंद साठे ने कहा कि अधिकारी उचित संयम बरत रहे हैं और उन्होंने किसी भी प्रदर्शनकारी के खिलाफ कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की है। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनकारियों की अधिकतर मांगें मान ली गई हैं। हाईकोर्ट ने कहा कि 'अब यह मामला अदालत के पास है और हम देखेंगे कि राज्य सरकार इस मामले में क्या कदम उठा रही है। छात्रों को अदालत पर भरोसा रखना चाहिए।'

आरबीआई ने नीतिगत...

खासकर, कीमतों पर बुनियादी दबाव और इस बात पर ध्यान दिया जाएगा कि आपूर्ति संबंधी झटके व्यापक अर्थव्यवस्था में किस हद तक स्थायी रूप लेते हैं। यह फरवरी, 2023 के बाद पहला मौका है जब नीतिगत दर में वृद्धि की गयी है। इससे पहले पिछले साल फरवरी से दिसंबर, 2025 तक रेपो दर में कुल 1.25 प्रतिशत की कटौती की गई थी। इस साल फरवरी, अप्रैल, जून तथा अगस्त की द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में नीतिगत दर में कोई बदलाव नहीं किया गया था। इस फैसले के साथ भारत उन प्रमुख केंद्रीय बैंकों की कतार में शामिल हो गया है, जिन्होंने महंगाई बढ़ने के बीच ब्याज दरों में वृद्धि की है। ईरान युद्ध के कारण कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से महंगाई बढ़ रही है। इससे लोगों की क्रय शक्ति प्रभावित हो रही है और मुद्राओं पर दबाव बढ़ रहा है। अल नीनो से जुड़ी कमजोर बारिश ने भी कीमतों पर दबाव बढ़ाया है। आर्थिक गतिविधियां मजबूत रहने के बावजूद महंगाई का दबाव व्यापक हुआ है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति अगस्त में बढ़कर 4.82 प्रतिशत हो गई, जो लगातार तीसरे महीने आरबीआई के चार प्रतिशत के मध्यम अवधि के लक्ष्य से ऊपर रही। इस दौरान मुख्य (कोर) मुद्रास्फीति भी बढ़कर 4.2 प्रतिशत हो गई। केंद्रीय बैंक ने कहा कि महंगाई का जोखिम अब एक साल पहले की तुलना में अधिक बढ़ गया है। इसका कारण खाद्य और ईंधन की ऊंची कीमतों, मानसून की कमी, अल नीनो की स्थिति तथा अंतरराष्ट्रीय तेल कीमतों में फिर से बढ़ी अस्थिरता है। आरबीआई ने वित्त वर्ष 2026-27 में खुदरा महंगाई के औसतन 5.2 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। तीसरी तिमाही में इसके छह प्रतिशत और चौथी तिमाही में 5.7 प्रतिशत रहने का अनुमान है। मल्होत्रा ने कहा, ''महंगाई के व्यापक होने के शुरुआती संकेत भी मिले हैं।'' उन्होंने मुख्य महंगाई (ईंधन और खाद्य पदार्थों की महंगाई को हटाकर) में वृद्धि और उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में शामिल अपेक्षाकृत अधिक वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी का उल्लेख किया। पश्चिम एशिया में संघर्ष बढ़ने के बाद कच्चे तेल की कीमत एक प्रमुख जोखिम बनकर उभरी है। आरबीआई के अनुसार, भारतीय कच्चे तेल की औसत कीमत सितंबर में बढ़कर 116.1 डॉलर प्रति बैरल हो गई, जो जुलाई में 82 डॉलर थी। खाद्य कीमतों का दबाव भी व्यापक हुआ है। केंद्रीय बैंक ने चीनी और प्याज की कीमतों में तेज वृद्धि का उल्लेख करते हुए महंगाई के और व्यापक होने के शुरुआती संकेतों को लेकर आगाह किया। इन सबके बीच, आरबीआई ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान 0.40 प्रतिशत बढ़ाकर 7.1 प्रतिशत कर दिया है। पहली तिमाही में अर्थव्यवस्था 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी। केंद्रीय बैंक ने कहा कि दूसरी तिमाही में आर्थिक गतिविधियां मजबूत बनी रहीं। हालांकि, वृद्धि की गति कुछ धीमी हुई है। विनिर्माण और सेवा क्षेत्र में विस्तार जारी रहा, जबकि पूंजीगत वस्तुओं का उत्पादन, कर्ज वृद्धि और उपभोक्ता खर्च आर्थिक गतिविधियों को समर्थन दे रहे हैं। मल्होत्रा ने कहा, ''भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत है और आर्थिक गतिविधियों में व्यापक आधार पर तेजी बनी हुई है।'' वैश्विक चुनौतियों के बावजूद अर्थव्यवस्था के मजबूत बने रहने की उम्मीद है। हालांकि, आरबीआई ने आगाह किया कि कमजोर मानसून, वैश्विक तनाव, ऊंची जिंस कीमतों, व्यापार तनाव और वैश्विक वित्तीय परिस्थितियों का सख्त होना आर्थिक वृद्धि के लिए जोखिम है।

मामूली शुल्क से ...

को होने वाले 2,000 रुपये से अधिक के यूपीआई लेनदेन पर 0.4 प्रतिशत एमडीआर लगाने घोषणा की थी। यह शुल्क व्यापारियों से लिया जाएगा। मल्होत्रा ने कहा कि बैंकों की कर्ज वृद्धि आगे भी मजबूत बनी रहेगी और इससे व्यापक आर्थिक गतिविधियों को समर्थन मिलता रहेगा। उन्होंने कहा कि आरबीआई अत्यधिक नकदी के बीच कर्ज देने वाली गैर-बैंकिंग कंपनियों (एनबीएफसी) की संपत्ति की गुणवत्ता पर पड़ने वाले प्रतिकूल असर से अवगत है। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि केंद्रीय बैंक को ऐसी स्थिति पैदा होने की आशंका नहीं है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ सप्ताह में बैंकों में अतिरिक्त नकदी देखी गयी है लेकिन यह लंबे समय तक नहीं बनी रहेगी। मल्होत्रा ने यह भी कहा कि रियायती अदला-बदली सुविधा के तहत प्रवासी भारतीयों से करीब 133 अरब अमेरिकी डॉलर की जमा राशि जुटाया जाना एफसीएनआर (बी) योजना और देश की व्यापक आर्थिक बुनियाद की मजबूती को बताता है। आरबीआई गवर्नर के अनुसार, केंद्रीय बैंक को भरोसा है कि बैंक इस राशि का उपयोग सूझ-बूझ के साथ करेंगे। मल्होत्रा ने कहा कि वैश्विक चुनौतियों के कारण पूंजी प्रवाह में कमी आई है और चालू खाते पर बना दबाव अस्थायी समस्या है।

अब आत्मनिर्भर...

का दिन है, जो कहता है कि हम करके रहेंगे मेरा अधिकार मेरे कर्म पर है, इसलिए मैं कर्म को अपना कर्तव्य मानता हूं और हर कर्म पूरी क्षमता से करता हूं, निरंतर कर्म करता हूं। कर्म करो, काम रुकना नहीं चाहिए, प्रयास रुकना नहीं चाहिए। इसलिए, मेरे लिए कर्म सिर्फ जिम्मेदारी नहीं है, ये देश के प्रति मेरी साधना है। कर्म देश के लिए, कर्म देशवासियों के लिए और इसमें भाव यही है: मा फलेषु कदाचन! फल की चिंता नहीं, श्रेय की भी चिंता नहीं। उन्होंने कहा, ''देश ने अवसर दिया, लोगों ने विश्वास दिया, परिस्थितियों ने सीख दी, जिसकी वजह से मुझे देशवासियों की अविरल सेवा का अवसर मिल रहा है। आज मैं जो कुछ हूं, जहां भी हूं, जिस दायित्व पर हूं, उसमें सबसे बड़ा योगदान जनता-जनार्दन का ही है। मेरे लिए जनता-जनार्दन ईश्वर का ही रूप है। लाखों-करोड़ों देशवासियों के विश्वास और लाखों कार्यकर्ताओं का परिश्रम ही मेरी सबसे बड़ी शक्ति रही है। प्रधानमंत्री ने कहा, ''देश ने मुझे बहुत कुछ दिया है। इसलिए देश के लिए मेरा दायित्व भी सबसे अधिक है। और मैं हृदय से ये मानता हूं कि देश के हर नागरिक का मुझ पर सबसे बड़ा हक है। ये 25 वर्ष का जन विश्वास, ये 25 वर्षों का अनुभव बहुत बड़ी पूंजी है और ये पूंजी सिर्फ मोदी की नहीं है, ये पूंजी देश की है, मां भारती की हर संतान इस पूंजी की अधिकारी है। मोदी ने कहा, ''आज जब मैं पीछे मुड़कर देखता हूं, तो केवल कृतज्ञता का भाव ही नजर आता है। मैं कृतज्ञ हूं, हर उस व्यक्ति, हर उस घटना के प्रति, जिसने मुझे कुछ न कुछ सिखाया है। हर संकट मेरे धैर्य की परीक्षा रहा, हर सफलता ने मेरे दायित्व को विस्तार दिया और हर सिद्धि ने बड़े लक्ष्यों की तरफ बढ़ने का साहस और जज्बा दिया। राजधानी के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में आयोजित इस कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने अपने संबोधन में प्रधानमंत्री का अभिनंदन करते हुए कहा, जिन्होंने जनसेवा को ही अपने जीवन का ध्येय बनाया, जिनके लिए जनसेवा ही राष्ट्रसेवा का मार्ग बनी, और जीवन के इसी संकल्प को लेकर जिन्होंने राजनीति में सत्ता को सेवा का माध्यम बनाते हुए राष्ट्रसेवा के पथ पर निरंतर अग्रसर रहे, ऐसे हम सबके प्रधानमंत्री का मैं बहुत-बहुत अभिनंदन करता हूं और उन्हें बधाई देता हूं। नितिन नवीन ने कहा, ''मैं प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को उनके सार्वजनिक जीवन के साथ-साथ सेवा और समर्पण की 25 वर्षों की अनवरत, अविचल यात्रा के लिए 140 करोड़ देशवासियों की ओर से और भाजपा के लाखों-लाख कार्यकर्ताओं की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। आपने इन 25 वर्षों में दीपक की तरह स्वयं को जलाकर, अपने परिश्रम और समर्पण से 140 करोड़ देशवासियों के जीवन में विकास, आत्मविश्वास और स्वाभिमान का उजाला फैलाने का निरंतर प्रयास किया है।''

20 आईपीएस का...

कमिश्नरेट लखनऊ, सेनानायक 4वीं वाहिनी पीएसी प्रयागराज सर्वेश कुमार मिश्रा को एसपी मऊ, एसपी जालौन विनय कुमार सिंह को एसपी गाजीपुर, एसपी बागपत सूरज कुमार राय को एसएसपी मुजफ्फरनगर, एसपी ग्रामीण आजमगढ़ चिराग जैन को एसपी सिटी बरेली के पद पर नियुक्त किया है। एसपी सिटी बरेली मानुष पारिक को एसपी सिटी आजमगढ़ तथा एएसपी हरदोई आलोक राज नारायण को अपर पुलिस अधीक्षक मथुरा के पद पर तैनाती दी गई है।

वायुसेना सही दिशा...

तेज गति से उपकरणों और प्रणालियों को शामिल करने तथा अधिक युद्धक क्षमता की जरूरत है। उन्होंने कहा, पिछले कुछ वर्षों में भारतीय वायुसेना का ध्यान प्लेटफॉर्म-केंद्रित दृष्टिकोण से क्षमता-केंद्रित दृष्टिकोण की ओर हुआ है। इसके साथ ही वायुसेना के विभिन्न घटकों के बीच बेहतर एकीकरण पर जोर दिया गया है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान इसकी उपयोगिता साबित हुई। उन्होंने लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट एमके-1ए परियोजना में हुई देरी का भी उल्लेख किया। एयर चीफ मार्शल सिंह ने कहा कि सैन्य अभियानों ने वायुसेना की क्षमताओं की परीक्षा ली है, जबकि सैन्य अभ्यासों ने उसकी क्षमता को और चुनौती दी है। उन्होंने कहा, मानवीय सहायता और आपदा राहत अभियानों ने वायुसेना की भूमिका को देश की सीमाओं से आगे तक पहुंचाया है और। वायु कूटनीति ने दूसरे देशों के साथ साझेदारी को मजबूत किया है।

सीईसी नियुक्ति...

के समक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन ने फैसले को वापस लेने की मांग को लेकर दाखिल याचिका का उल्लेख किया। इस पर सीजेआई ने कहा कि हम इस पर विचार करेंगे और फैसला लेंगे। सीजेआई ने वरिष्ठ अधिवक्ता शंकरणारायणन से जानना चाहा कि क्या कोई और विविध अर्जी है, तो उन्होंने कहा कि एक सुधारात्मक याचिका भी दायर की गई है, लेकिन साथ ही कहा कि फैसले को वापस लेने की याचिका एक अलग मामला है। उन्होंने पीठ से कहा कि एक सुधारात्मक याचिका दाखिल की गई है। मुझे लगता है कि उसे अपनी प्रक्रिया से ही आगे बढ़ना होगा। वह सुनवाई योग्य है या नहीं, मुझे नहीं पता। हमारी याचिका फैसले को वापस लेने की मांग करने वाली विविध अर्जी है। सुधारात्मक याचिका के लिए अक्सर रिव्यू (पुनर्विचार) की जरूरत होती है। नमन श्रेष्ठा ने यह अर्जी इस आधार पर दाखिल की है कि जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा, जो फैसला देने वाले पीठ का हिस्सा थे, की तरफ से भेदभाव की सही आशंका थी क्योंकि उनका बेटा निर्वाचन आयोग का स्थाई वकील है। अर्जी में कहा गया है जस्टिस शर्मा ने सुनवाई के दौरान अपने बेटे के निर्वाचन आयोग से जुड़ाव के बारे में खुलासा नहीं किया। इसके अतिरिक्त कानून की वैधता को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ताओं में से एक वरिष्ठ अधिवक्ता जया ठाकुर ने फैसला वापस लेने की मांग को लेकर सुधारात्मक याचिका दाखिल की है। उन्होंने यह याचिका मीडिया रिपोर्टों में किए गए उन दावों के बाद दाखिल की है जिनमें कहा गया कि जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा जो उस पीठ का हिस्सा थे जिसने बंटा हुआ फैसला सुनाया था- के बेटे मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में निर्वाचन आयोग के स्टैंडिंग काउंसिल यानी आयोग के स्थाई अधिवक्ता हैं।

विशेष अभियान चलाकर...

फॉर्म-6 भरवाकर उनका नाम मतदाता सूची में शामिल कराया जाएगा। चिह्नित हुए मतदाताओं की सूची मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के बूथ लेवल अधिकारियों से भी साझा की जाएगी। जिससे पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में शामिल करने को उन्हें अतिरिक्त अवसर मिल सके। बैठक में भाजपा, सपा, कंग्रेस, अपना दल (एस), कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया, बसपा व आप के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सीईओ ने कहा कि मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए बूथ स्तर पर विशेष कैंप लगाए जाएंगे। रात्रि आश्रम स्थलों, लेबर कॉलोनियों, आश्रयहीन व वंचित लोगों के नाम मतदाता सूची में जोड़ने को विशेष रूप से कैंप लगाए जाएंगे। शिक्षण संस्थानों व स्थानीय स्तर पर जनसंपर्क, स्वीप गतिविधियों व नियमित प्रेस ब्रीफिंग के माध्यम से अधिक से अधिक जागरूकता फैलाई जाएगी।

शिंजो आबे और मोदी की...

के आकार की स्थापत्य कला से सुसज्जित रुद्राक्ष केंद्र की बाहरी दीवारों पर 108 रुद्राक्ष लगाए गए हैं। इसी केंद्र में बनाए गए विशेष स्मृति गलियारे में दिसंबर 2015 में शिंजो आबे की ऐतिहासिक काशी यात्रा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ उनके आत्मीय पलों की दुर्लभ तस्वीरों को संजोया गया है। समारोह में मुख्य अतिथि आकिए आबे ने काशी से अपने भावनात्मक जुड़ाव को साझा करते हुए कहा कि वर्ष 2015 में जब उनके पति शिंजो आबे बनारस आए थे, तब उन्होंने मां गंगा को बड़े ध्यान और श्रद्धा से देखा था। उनकी लंबे समय से इच्छा थी कि वह स्वयं काशी आएं और यहां के पवित्र स्थलों को देखें। आकिए आबे ने कहा कि आबे स्मृति गलियारे के उद्घाटन के साथ उनकी यह इच्छा पूरी हो गई है। स्वर्गीय शिंजो आबे को याद करते हुए वह भावुक हो गईं और कहा कि यदि आज उनके पति जीवित होते तो इस सुंदर स्मृति गलियारे को देखकर बहुत प्रसन्न होते और स्वयं काशी आने की इच्छा व्यक्त करते। उन्होंने काशी और जापान के प्राचीन नगर क्योटो के बीच संबंधों का उल्लेख करते हुए कहा कि दोनों नगरों की सांस्कृतिक समानताओं को देखते हुए वर्ष 2014 में काशी-क्योटो सहयोग समझौता हुआ था। इसके बाद शिंजो आबे की भारत यात्रा के दौरान काशी में आधुनिक सम्मेलन केंद्र बनाने पर सहमति बनी। उन्होंने बताया कि उनके विशेष आग्रह पर ही शिंजो आबे ने इस केंद्र के निर्माण के लिए अनुदान स्वीकृत किया था। आकिए आबे ने रुद्राक्ष के आध्यात्मिक महत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि भगवान शिव को समर्पित इस केंद्र का नाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रखा था। केंद्र की बाहरी दीवारों पर लगे 108 रुद्राक्ष भारत और जापान की सांस्कृतिक समानताओं का प्रतीक हैं। उन्होंने बताया कि जापान में नववर्ष की पूर्व संध्या पर बौद्ध मंदिरों में 108 बार घंटी बजाने की परंपरा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत और जापान के संबंध अब केवल आधारभूत ढांचे तक सीमित नहीं हैं, बल्कि आधुनिक तकनीक, अर्धचालक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, हरित हाइड्रोजन और महत्वपूर्ण खनिज जैसे नए क्षेत्रों तक पहुंच चुके हैं। उन्होंने कहा कि जापान के पास उन्नत तकनीक और व्यापक अनुभव है, जबकि भारत के पास प्रतिभाशाली युवा शक्ति और विशाल बाजार है। दोनों देशों के बीच मजबूत होते संबंध भविष्य के लिए नए अवसर पैदा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने अपनी हालिया जापान यात्रा का उल्लेख करते हुए बताया कि जापानी कंपनियों के साथ उत्तर प्रदेश में निवेश को लेकर महत्वपूर्ण समझौते हुए हैं। उन्होंने कहा कि यामानाशी अब उत्तर प्रदेश का हरित हाइड्रोजन ऊर्जा सहयोगी है। अगस्त 2026 में यामानाशी के राज्यपाल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में निवेशक उत्तर प्रदेश आए थे। उन्होंने बताया कि नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के निकट लगभग 500 एकड़ क्षेत्र में जापानी नगर विकसित किया जा रहा है। साथ ही जापानी निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए निवेश उत्तर प्रदेश में यामानाशी सहायता केंद्र भी स्थापित किया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जापानी भाषा में काशीवासियों की ओर से जापानी प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया। उन्होंने मां गंगा, बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी और भगवान बुद्ध की प्रथम उपदेश स्थली सारनाथ की ओर से आकिए आबे सहित जापानी अतिथियों का अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह स्मृति गलियारा उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ जनता, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और 140 करोड़ भारतीयों की ओर से स्वर्गीय शिंजो आबे को विनम्र श्रद्धांजलि है।

संस्कृत ग्रामों में सालभर गतिविधियां आयोजित हों : धामी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को संस्कृत शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए राज्य के संस्कृत ग्रामों में वर्षभर नियमित रूप से संस्कृत संभाषण और संस्कृत आधारित गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों को संस्कृत भाषा के साथ वेद, उपनिषद, पुराण और अन्य महत्वपूर्ण संस्कृत ग्रंथों की जानकारी भी सरल एवं रुचिकर माध्यम से दी जाए। मुख्यमंत्री आवास में हुई समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि संस्कृत राज्य की समृद्ध ज्ञान परंपरा और संस्कृति का महत्वपूर्ण आधार है। नई पीढ़ी को अच्छी शिक्षा के साथ संस्कारों से जोड़ने में भी संस्कृत की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि संस्कृत के माध्यम से बच्चों को भारतीय ज्ञान परंपरा, जीवन मूल्यों और सांस्कृतिक विरासत से प्रभावी ढंग से जोड़ा जा सकता है। उन्होंने अधिकारियों को चारधाम के



अलावा हर की पैड़ी, जागेश्वर धाम, आदि कैलाश, पूर्णागिरि, सुरकंडा देवी, धारी देवी, गर्जिया देवी मंदिर और वीरभद्र ऋषिकेश सहित प्रमुख धार्मिक एवं आध्यात्मिक स्थलों पर संस्कृत के प्रचार-प्रसार के लिए प्रभावी पहल करने के निर्देश दिए। इन स्थलों पर संस्कृत में प्रेरक वाक्य, श्लोक और उनके सरल अर्थ प्रदर्शित करने को कहा। धामी ने कहा कि संस्कृत उत्तराखंड की द्वितीय राजभाषा है और इसके संरक्षण एवं संवर्धन के लिए धन की कमी नहीं होने दी जाएगी। आगामी कुंभ के मद्देनजर उन्होंने हरिद्वार में संस्कृत और भारतीय ज्ञान परंपरा को व्यापक स्तर पर प्रस्तुत करने के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। संस्कृत शिक्षा सचिव दीपक कुमार ने बताया कि राज्य के सभी 13 जिलों में एक-एक आदर्श संस्कृत ग्राम शुरू किए जा चुके हैं। इनमें संस्कृत को दैनिक बोलचाल और व्यवहार का हिस्सा बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए गार्गी संस्कृत बालिका छात्रवृत्ति, डॉ. भीमराव अंबेडकर अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति संस्कृत छात्रवृत्ति और संस्कृत छात्र प्रतिभा सम्मान जैसी योजनाएं संचालित हैं। उन्होंने बताया कि संस्कृत शिक्षा, शोध, प्राचीन पांडुलिपियों के संरक्षण एवं डिजिटलीकरण, भारतीय ज्ञान परंपरा, वैदिक एवं शास्त्रीय अध्ययन तथा आधुनिक तकनीक में संस्कृत के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए संस्कृत आयोग के गठन की प्रक्रिया भी आगे बढ़ाई गई है।

बैठक में संस्कृत विश्वविद्यालय हरिद्वार के कुलपति प्रो. रमाकांत पांडेय, अपर सचिव मनुज गोयल, कवीन्द्र सिंह, संयुक्त सचिव राजेंद्र सिंह पतियाल समेत संस्कृत शिक्षा विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

अभाविप के आंदोलन का असर, डीयू में 7 से 9 अक्टूबर तक फिर खुलेगी माइग्रेशन विंडो

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली । अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) दिल्ली द्वारा दिल्ली विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों की माइग्रेशन संबंधी समस्या को लेकर लगातार उठाई जा रही मांग के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने माइग्रेशन विंडो को पुनः खोलने का निर्णय लिया है। विश्वविद्यालय प्रशासन के निर्णय के अनुसार विद्यार्थी 7 से 9 अक्टूबर तक माइग्रेशन प्रक्रिया पूरी कर सकेंगे।

अभाविप समर्थित दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ के निर्वाचित प्रतिनिधि पिछले कई दिनों से डीन स्टूडेंट्स वेलफ़ेयर एवं विश्वविद्यालय प्रशासन के समक्ष माइग्रेशन विंडो को पुनः खोलने और इसकी अवधि बढ़ाने की मांग कर रहे थे। परीक्षा परिणाम में देरी के कारण बड़ी संख्या में विद्यार्थी निर्धारित समय-सीमा के भीतर माइग्रेशन प्रक्रिया पूरी नहीं कर पाए थे। इससे विद्यार्थियों को काफी परेशानी का सामना



करना पड़ रहा था। विद्यार्थियों की समस्या को देखते हुए डूसू के प्रतिनिधियों ने विश्वविद्यालय प्रशासन के समक्ष लगातार अपनी मांग रखी। मांग पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने के बाद 6 अक्टूबर को अभाविप कार्यकर्ताओं एवं विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रार कार्यालय में आंदोलन किया और प्रशासन के समक्ष माइग्रेशन विंडो को दोबारा खोलने की मांग मजबूती से रखी। आंदोलन के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने विद्यार्थियों के हित में माइग्रेशन विंडो को 7 अक्टूबर से 9 अक्टूबर तक तीन दिनों के लिए पुनः खोलने का निर्णय लिया है। अभाविप ने विश्वविद्यालय प्रशासन के इस निर्णय का स्वागत करते हुए इसे विद्यार्थियों की आवाज और संघर्ष की जीत बताया है। दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ अध्यक्ष यश ने कहा कि विद्यार्थियों की समस्याओं को लेकर डूसू लगातार विश्वविद्यालय प्रशासन के समक्ष अपनी बात रखता रहा है। माइग्रेशन की समय-सीमा समाप्त होने के बाद बड़ी संख्या में विद्यार्थी प्रक्रिया पूरी नहीं कर पाए थे।

संक्षिप्त समाचार

संस्कृत प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बिखेरा प्रतिभा का रंग, विभिन्न विधाओं में मुकाबला

चम्पावत। उत्तराखंड संस्कृत अकादमी के तत्वावधान में आयोजित जनपद स्तरीय संस्कृत प्रतियोगिता के कनिष्ठ वर्ग में बुधवार को जिलेभर से पहुंचे छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। श्लोकोच्चारण, आशुभाषण, संस्कृत नाटक, समूहगान, समूह नृत्य और संस्कृत वाद-विवाद प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला।
प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने संस्कृत भाषा, साहित्य और भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़ी प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आनंद सिंह अधिकारी के प्रतिनिधि रमेश चंद्र भट्ट, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य वासुदेव ओली, दीप चंद्र पुनेठा तथा अन्य अतिथि मौजूद रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने संस्कृत भाषा के संरक्षण और संवर्धन पर जोर देते हुए विद्यार्थियों से इसके अध्ययन और व्यवहारिक उपयोग को बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा निखारने के साथ भारतीय ज्ञान परंपरा और सांस्कृतिक मूल्यों से जुड़ने का अवसर प्रदान करती हैं। जनपद संयोजक वेद प्रकाश पंत ने बताया कि प्रतियोगिता के पहले दिन कनिष्ठ वर्ग की विभिन्न विधाओं का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों ने आत्मविश्वास और उत्साह के साथ प्रस्तुतियां दीं। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिताओं का स्तर बेहतर रहने से निर्णायकों को चयन प्रक्रिया में काफी मंथन करना पड़ा।
कार्यक्रम का संचालन हरीश चंद्र कलौनी, सतीश जोशी और जगदीश चंद्र जोशी ने किया। निर्णायक मंडल में राजू पंत, डीसी प्रभात पाण्डेय, डीसी महेश भट्ट, डॉ. भूप सिंह धामी, विद्यासागर लोहनी, ममता सोराड़ी, ओम प्रकाश जोशी और प्रशांत तिवारी सहित अन्य शामिल रहे।

भीमताल में राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को किया गया पुरस्कृत

नैनीताल। नैनीताल के भीमताल विकास खंड के सभागार में बुधवार को बाल विकास परियोजना के तत्वावधान में नौवें राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन किया गया। क्षेत्र पंचायत प्रमुख डॉ. हरीश बिष्ट की अध्यक्षता एवं खंड विकास अधिकारी हर्षित गर्ग की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में 'हमारी आंगनवाड़ी, हमारी जिम्मेदारी' थीम पर आयोजित व्यंजन प्रतियोगिता में क्षेत्रवार प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को अतिथियों और बाल विकास परियोजना अधिकारी ने पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता में मड़वा, सत्तू, चना, मक्का, सोयाबीन और काला भट्ट जैसे स्थानीय अनाजों से तैयार व्यंजन प्रस्तुत किए गए।
अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की महक ने 'आधारशिला' कार्यक्रम की जानकारी दी। इसके तहत 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों में प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कार दिए गए। कार्यक्रम का संचालन कविता और बबली हुसैन ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना भीमताल की सुपरवाइजर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और लाभार्थियों के साथ क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

वन्य प्राणी सप्ताहः बच्चों ने फैन्सी ड्रेस से दिया वन्य जीवों के संरक्षण का संदेश

नैनीताल। वन्य प्राणी सप्ताह 2026 के अवसर पर बुधवार को नैनीताल प्राणी उद्यान में फैन्सी ड्रेस एवं संरक्षण मॉडल डिजाइन प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्राणी उद्यान के निदेशक एवं नैनीताल के प्रभागीय वनाधिकारी आकाश गंगवार के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम के पहले सत्र में कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों के लिए फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता हुई। इसमें नन्हे विद्यार्थियों ने वन्यजीवों की वेशभूषा में प्रस्तुतियां देकर वन्यजीव संरक्षण का संदेश दिया। वहीं दूसरे सत्र में कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए संरक्षण मॉडल डिजाइन प्रतियोगिता आयोजित हुई। विद्यार्थियों ने अपशिष्ट कागज, बोतल और कार्डबोर्ड आदि से वन्यजीव, मानव-वन्यजीव सह-अस्तित्व और सतत आवास पर आधारित कार्यात्मक मॉडल बनाए। प्रतियोगिताओं में विभिन्न विद्यालयों के 60 विद्यार्थियों ने भाग लिया। संचालन संचालन डॉ. रजनी रावत व अनुज कांडपाल ने किया। इस अवसर पर नैनीताल वन प्रभाग के विभिन्न विद्यालयों के कुल 220 विद्यार्थियों को प्राणी उद्यान का निःशुल्क भ्रमण भी कराया गया। कार्यक्रम में उप निदेशक स्वाति, वन क्षेत्राधिकारी आनंद लाल सहित वन विभाग एवं प्राणी उद्यान के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

पूर्व विधायक ने नितिन नवीन से की मुलाकात,सीमांचल के विकास व संगठनात्मक मुद्दों पर की चर्चा

अररिया। फारबिसगंज के पूर्व भाजपा विधायक विद्यासागर केसरी उर्फ मंचन केसरी ने पटना में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद नितिन नवीन से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने अररिया जिले सहित सीमांचल की वर्तमान स्थिति, क्षेत्र की विकास संबंधी आवश्यकताओं तथा संगठन से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। पूर्व विधायक विद्यासागर केसरी ने बताया कि मुलाकात के दौरान सीमांचल क्षेत्र में कथित घुसपैठ को लेकर उठ रही चिंताओं पर भी चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्र होने के कारण अररिया सहित सीमांचल से जुड़े सुरक्षा एवं सामाजिक विषय महत्वपूर्ण हैं और इन पर निरंतर ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि अररिया जिले में भाजपा के संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने, कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा संगठन की गतिविधियों को बूथ स्तर तक प्रभावी बनाने को लेकर भी राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ विचार-विमर्श हुआ। फारबिसगंज समेत जिले में संगठन की वर्तमान स्थिति और आगामी कार्य योजनाओं पर भी चर्चा की गई।
केसरी ने क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं एवं विकास की प्राथमिकताओं से राष्ट्रीय अध्यक्ष को अवगत कराया। उन्होंने फारबिसगंज विधानसभा क्षेत्र में चल रही विकास योजनाओं को समय पर पूरा कराने के साथ क्षेत्र की जरूरत के अनुरूप नई योजनाओं को आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर भी चर्चा की।उन्होंने कहा कि मुलाकात में क्षेत्र के विकास, जनसमस्याओं के समाधान और संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत करने जैसे विषय प्रमुख रहे।

सेवा ज्योति यात्रा से गूंजा 'जन सेवा से राष्ट्र सेवा' का संदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर बुधवार को रुड़की स्थित बीएसएम कॉलेज के मैदान में 'सेवा ज्योति यात्रा-विकसित भारत संकल्प सभा' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन का सीधा प्रसारण किया गया, जिसे जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और बड़ी संख्या में मौजूद लोगों ने सुना। कार्यक्रम में सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत, कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक, प्रदीप बत्रा, राज्यसभा सांसद कल्पना सैनी, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण चौधरी, नगर निगम हरिद्वार की मेयर किरण जैसल, भाजपा जिलाध्यक्ष आशुतोष शर्मा, रुड़की की मेयर डॉ. मधु सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। इस अवसर पर संगठन मंत्री फणीन्द्र नाथ शर्मा और बैडमिंटन खिलाड़ी भारत भूषण गुप्ता समेत अतिथियों ने सेवा ज्योति प्रज्ज्वलित की। उपस्थित लोगों को वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का सामूहिक



संकल्प भी दिलाया गया। कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन, सेवा कार्यों और जनकल्याणकारी प्रयासों की जानकारी आमजन तक पहुंचाई गई। अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे विकास का लाभः त्रिवेंद्र सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सार्वजनिक जीवन के 25 वर्षों में सेवा, सुशासन और राष्ट्रहित को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। उनके नेतृत्व में गरीब, वंचित, किसान, महिला और युवा समेत विभिन्न वर्गों के उत्थान के लिए अनेक योजनाएं और पहल शुरू की गई हैं। उन्होंने कहा कि विकास का लाभ समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में प्रत्येक नागरिक की भागीदारी जरूरी है। उत्तराखंड को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाने का प्रयास कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मार्गदर्शन में उत्तराखंड सरकार प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए राज्य में जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास परियोजनाओं को गति दी जा रही है।

कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा ने कहा कि सरकारी योजनाओं का उद्देश्य तभी पूरा होगा, जब उनका लाभ पात्र और जरूरतमंद लोगों तक समय पर पहुंचे। उन्होंने लोगों से आसपास के पात्र व्यक्तियों को योजनाओं की जानकारी देने और उन्हें लाभ लेने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया।

सेवा ज्योति यात्रा ने दिया जनभागीदारी का संदेश कार्यक्रम के दौरान सेवा ज्योति यात्रा भी निकाली गई। यात्रा के माध्यम से सेवा, सुशासन और विकसित भारत का संदेश जन-जन तक पहुंचाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक करना तथा 'जन सेवा से राष्ट्र सेवा' की भावना के साथ विकसित भारत के निर्माण में जनभागीदारी सुनिश्चित करना रहा।

एसपी ने अधिकारियों के साथ बॉर्डर सुरक्षा का लिया जायजा

अररिया। भारत नेपाल सीमा अररिया जिला से करीबन 85 किलोमीटर क्षेत्र में जुड़ी है।भारत नेपाल खुली सीमा की सुरक्षा के लिए एसएसबी की दो बटालियन 52वीं और 56 वीं बटालियन काम कर रही है। साथ ही बॉर्डर पर राज्य की सुरक्षा एजेंसी बिहार पुलिस भी काम कर रही है।सीमा सुरक्षा को लेकर बुधवार को सिकटी प्रखंड से लगने वाले भारत नेपाल सीमा क्षेत्र का एसपी जितेंद्र कुमार ने पुलिस अधिकारियों के साथ जायजा लिया। इससे पहले मंगलवार को भी एसपी ने घूरना, बसमतिया थाना क्षेत्र से लगने वाले भारत नेपाल सीमा का निरीक्षण कर पुलिस अधिकारियों को बॉर्डर सिक्योरिटी को लेकर सतर्कता बरतने के निर्देश दिए थे। एसपी ने बॉर्डर पर एसएसबी की बीओपी सहित चेकपोस्ट का जायजा लिया और उनसे कार्य करने की शैली की जानकारी लेने के साथ ही बॉर्डर के पार से आने वाले हरेक लोगों की जांच करने के निर्देश दिए।मौके पर एसएसबी के अधिकारी भी मौजूद थे। मौके पर मौजूद एसपी जितेन्द्र कुमार ने बताया कि बॉर्डर सिक्योरिटी उनकी प्राथमिकता है।

आआपा ने मतदाता सूची से नाम हटाने के विरोध में किया प्रदर्शन, 10 अक्टूबर को देशव्यापी आंदोलन का ऐलान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली । आम आदमी पार्टी (आआपा) ने बुधवार को कश्मीरी गेट स्थित दिल्ली के मुख्य चुनाव अधिकारी के कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। पार्टी नेताओं ने चुनाव प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं को लेकर चुनाव आयोग पर सवाल उठाए और मामले में जवाबदेही तय करने की मांग की।

प्रदर्शन के दौरान आआपा के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने कहा कि 10 अक्टूबर को देशव्यापी विरोध प्रदर्शन किया जाएगा, जिसका मुख्य केंद्र जंतर-मंतर रहेगा। उन्होंने दावा किया कि इस आंदोलन का आह्वान 'कॉकरोच जनता पार्टी' ने किया है और आआपा इस



आह्वान का समर्थन कर रही है। उनके मुताबिक, वामपंथी दलों, छात्र संगठनों तथा कई अन्य छोटे-बड़े संगठन भी आंदोलन के समर्थन में हैं। बुराड़ी से आआपा विधायक संजीव झा ने चुनाव आयोग और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर तीखे आरोप लगाते हुए कहा कि देशभर में मतदाता सूची और चुनाव प्रक्रिया को लेकर विपक्ष लगातार सवाल उठाता रहा है।

संजीव झा ने आरोप लगाया कि दिल्ली में कथित तौर पर वोटों की चोरी के जरिए सरकारें बनाई गईं और चुनावी अनियमितताओं के माध्यम से सत्ता में आए लोगों ने गैर-कानूनी सरकारें बनाई हैं। उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त पर भी गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें देश को गुमराह करने के लिए जवाब देना चाहिए।

आआपा विधायक ने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने यह माना है कि उसकी अनुमति के बिना फॉर्म-6 में बदलाव किए गए। उन्होंने चुनाव आयोग से सवाल किया कि ऐसे बदलाव क्यों किए गए और क्या इसके पीछे किसी राजनीतिक दल को लाभ पहुंचाने की कोशिश थी।

प्रदर्शन के दौरान झा ने कहा कि इंडी गठबंधन के नेता भी इस मुद्दे पर आगे आ रहे हैं और विपक्षी दल चुनाव आयोग से मुलाकात करेंगे।

दो माह बाद भी रेशमा का नहीं मिला सुराग अब सास और पति को होगा नार्को टेस्ट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई टिहरी । प्रतापनगर ब्लॉक के जणगी गांव की विवाहिता रेशमा करीब दो माह से लापता चल रही है। काफी खोजबीन करने पर भी उसका सुराग नहीं लग पा रहा है। अब मामले की सच्चाई सामने लाने के लिए पुलिस ने रेशमा के पति और सास का नार्को टेस्ट कराने की योजना बनाई है। थानाध्यक्ष के लंबगांव महिपाल सिंह रावत ने बताया कि बीते 7 अगस्त को जणगी गांव निवासी नवीन सिंह ने अपनी पत्नी रेशमा के घर से गायब होने की गुमशुदगी दर्ज कराई। जिसके बाद से पुलिस लगातार खोजबीन कर रही है। फोन सर्विलांस सहित आसपास जाने वाले रास्तों, सीसटीवी कैमरा, मुखबिर तंत्र एक्टिव करने पर भी कोई सफलता अभी तक नहीं मिल पाई है। लंबा समय बीतने के बाद रेशमा के मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने और रेशमा को गायब करने का आरोप लगाया।

मायके पक्ष की तहरीर के आधार पर पुलिस ने रेशमा के पति और सास के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विवेचनात्मक कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने तमाम पहलुओं की जांच किए जाने के बावजूद रेशमा के संबंध में अभी तक कोई ठोस जानकारी सामने नहीं आ सकी है। मायके पक्ष ने आशंका जताई कि रेशमा के साथ उसके ससुराल पक्ष की ओर से कोई गंभीर घटना की गई है। पुलिस ने रेशमा के पति और सास का नार्को टेस्ट कराने का निर्णय लिया है। थानाध्यक्ष रावत ने बताया कि बुधवार को रेशमा के पति और सास ने न्यायालय में नार्को टेस्ट कराने की सहमति का एफिडेविट दे दिया है। अब केंद्रीय विधि विज्ञान प्रयोगशाला दिल्ली से आवश्यक प्रक्रिया व रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद दोनों का नार्को टेस्ट कराया जाएगा।

दियारा में अवैध मिनी गन फैक्ट्री का भंडाफोड़ मुंगेर के कारीगरों समेत 4 गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

भागलपुर। अवैध हथियारों के सिंडिकेट के खिलाफ नवगछिया पुलिस और बिहार एसटीएफ को एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। भवानीपुर थाना क्षेत्र के बांधा बहियार स्थित दियारा इलाके में चल रही एक अवैध मिनी गन फैक्ट्री का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से हथियार बना रहे चार शातिर कारीगरों को गिरफ्तार किया है, जबकि मुख्य आरोपी अंधेरे और भौगोलिक स्थिति का फायदा उठाकर भाग निकला। नवगछिया एसपी वैभव शर्मा ने बुधवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर इस पूरी कार्रवाई का ब्योरा साझा किया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में बुधवार को नवगछिया एसपी वैभव शर्मा ने बताया कि 5 अक्टूबर को पुलिस को एक पुख्ता इनपुट मिला था। सूचना थी



कि वीरबन्ना का रहने वाला मृत्यंजय यादव अपने साढ़ू मुकेश यादव के साथ मिलकर बाहर से पेशेवर कारीगरों को बुला रहा है और दियारा के सुनसान इलाके में बड़े पैमाने पर अवैध हथियार बनवा रहा है। इस सूचना के बाद नवगछिया पुलिस और एसटीएफ की एक संयुक्त विशेष टीम बनाई गई। टीम ने योजनाबद्ध तरीके से बांधा बहियार दियारा में घेराबंदी कर अचानक धावा बोल दिया। पुलिस की इस अचानक हुई छापेमारी से मौके पर हड़कंप मच गया।

तलाशी के दौरान पुलिस ने भारी मात्रा में हथियार और उन्हें बनाने के उपकरण बरामद किए हैं। जिसमें 2 देशी पिस्टल, 6 जिंदा कारतूस, मैगजीन 5 पीस और भारी मात्रा में अर्धनिर्मित हथियार और गन बनाने के कटर, रेती सहित कई आधुनिक उपकरण शामिल है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में से तीन मुख्य रूप से मुंगेर के रहने वाले हैं, जो हथियार बनाने में माहिर माने जाते हैं।

गिरफ्तार आरोपितो में मोहम्मद तौसिक उर्फ साधो (बरदह, मुंगेर), मोहम्मद अरमान उर्फ मेहरूद्दीन (मिर्जापुर बधो, मुंगेर), मुकेश यादव (मुफस्सिल, मुंगेर) और मनीष कुमार यादव (भवानीपुर, भागलपुर) शामिल है। वहीं पुलिस को देखकर मुख्य सरगना मृत्यंजय यादव (निवासी वीरबन्ना) मौके से भागने में सफल रहा। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। एसपी ने कहा कि अपराध और अवैध हथियारों के इस नेटवर्क को पूरी तरह ध्वस्त किया जाएगा और दियारा क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन आगे भी जारी रहेगा।

इमरान प्रतापगढ़ी फारबिसगंज में आवाज़-ए-सीमांचल राष्ट्रीय मुशायरा में होंगे शामिल, तैयारी शुरू

अररिया। सीमांचल अधिकार मंच की ओर से नवंबर माह में फारबिसगंज में आवाज़-ए-सीमांचल राष्ट्रीय मुशायरा एवं अदबी महफिल कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।कार्यक्रम को लेकर अभी से ही तैयारी शुरू कर दी गई है। कार्यक्रम में देश के मशहूर शायर एवं राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी समेत राष्ट्रीय स्तर के कई नामचीन शायर शिरकत करेंगे। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जुम्मन चौक स्थित वाहिद अंसारी के आवास पर मंच के सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम को भव्य और यादगार बनाने तथा अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर विचार-विमर्श किया गया।
बैठक में कहा गया कि सीमांचल सिर्फ एक इलाका नहीं, बल्कि मोहब्बत, तहजीब, अदब और साझा विरासत की पहचान है। आवाज़-ए-सीमांचल के माध्यम से इसी सांस्कृतिक विरासत को एक बड़े मंच पर प्रस्तुत करने का प्रयास किया जा रहा है।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063